| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 72,831.94 ▲ | +190.75 | |
| डॉलर | 83.533 ▲ | +0.305 | |

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 31.0 | 18.0 | 21.0 |
| धनबाद | 33.0 | 17.0 | 23.0 |
| जमशेदपुर | 37.0 | 19.0 | 24.0 |
| पलामू | 33.0 | 17.0 | 22.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत 2080 | रांची, शनिवार, 23 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-53, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय आखिर क्यों जरूरी है नागरिकता संशोधन ... 08


रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


मोदी को मिला भूटान का सर्वोच्च ...12 देश-विदेश


## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 63,400

चांदी (1 किलो) 81,500


## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।


# भाजपा ने निर्वाचन आयोग को सौंपा दीपिका पांडेय का कथित ऑडियो क्लिप

## अविलंब जांच करा कार्रवाई की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश भाजपा ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार को महगामा की कांग्रेस की महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह का एक कथित ऑडियो क्लिप सौंपा है। भाजपा ने दावा किया कि ऑडियो क्लिप में विधायक की आवाज है और वह किसी मुखिया रफीक भाई के साथ बातचीत कर रही हैं। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन भी सौंपा और मामले की जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस बातचीत में आचार संहिता का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन हो रहा है और भ्रष्टाचार से संबंधित बड़ा रैकेट के होने की भी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। भाजपा ने कहा कि ऑडियो क्लिप में हुई बातचीत में जिस बुलबुल का जिक्र हुआ है, वह कौन है, जिसे विधायक 25 लाख रुपये देने की बात कह रही हैं। बातचीत में जिस मंत्री का जिक्र हुआ है, वह कौन हैं। मुखिया और रफीक भाई कौन हैं। किस डीसी और डीडीसी के नाम की चर्चा हो रही है। इन सब बातों की जांच कराकर अविलंब कार्रवाई की जाये। इधर गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर क्लिप शेयर करते हुए दावा किया कि ऑडियो में कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह की आवाज है, जिसमें वह एक पंचायत के मुखिया से कथित तौर पर 25 लाख रुपये किसी बुलबुल नामक शख्स के पास जमा करने की बात कह रही हैं। भाजपा सांसद ने लिखा है कि सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स विभाग को जांच करनी चाहिए। इस आरोप पर दीपिका पांडेय सिंह की प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

दूसरी तरफ झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी एक्स पर लिखा, यह झारखंड में हो रहे प्रचंड भ्रष्टाचार का एक उदाहरण मात्र है।

## चुनाव ड्यूटी करने वाले पत्रकार पोस्टल बैलेट से का सकेंगे मतदान : रवि कुमार

**निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय से फॉर्म 12डी प्राप्त कर सकते हैं**

**अधिकृत वेबसाइट से भी फॉर्म 12डी डाउनलोड किया जा सकता है**




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान चुनाव कवरेज के लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग से जारी प्राधिकार पत्र धारित करने वाले झारखंड राज्य के मीडिया कर्मियों के मताधिकार प्रयोग के लिए पोस्टल बैलेट की व्यवस्था रहेगी।

रवि कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव-2024 में मीडिया कर्मियों को आवश्यक श्रेणी में रखा है। निर्वाचन आयोग ने चुनाव कवरेज के लिए जिन्हें प्राधिकार पत्र जारी किया है वे इस बार पोस्टल बैलेट के माध्यम से मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मीडिया कर्मी संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय से फॉर्म 12डी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अधिकृत वेबसाइट से फॉर्म 12डी डाउनलोड किया जा सकता है।

रवि कुमार ने बताया कि चुनाव की अधिसूचना के पांच दिनों के भीतर नोडल पदाधिकारी के प्रमाण पत्र के साथ उक्त फॉर्म को संबंधित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जाएगा। निर्धारित मतदान दिवस के छह दिन पूर्व से तीन दिन तक वोट डाले सकते हैं। तीन दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केन्द्र सुबह नौ बजे से सायं पांच बजे तक कार्यरत रहेंगे।

### कैसे प्राप्त करें पोस्टल बैलेट

मीडिया कर्मी अपने संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय से फॉर्म 12डी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अधिकृत वेबसाइट से फॉर्म 12डी डाउनलोड किया जा सकता है।

### फॉर्म कहां व कैसे करें जमा

चुनाव की अधिसूचना के 5 दिनों के भीतर नोडल पदाधिकारी के प्रमाण पत्र के साथ उक्त फॉर्म को संबंधित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जाएगा।

### पोस्टल बैलेट के माध्यम से कब करना है मतदान

चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दिवस के 6 दिन पूर्व से निर्धारित मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व तक मीडिया कर्मी पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण वोट दे सकते हैं। उक्त 3 दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केन्द्र सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यरत रहेंगे। पोस्टल बैलेट केन्द्र संबंधित निवार्ची पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया जायेगा, जहां मीडिया कर्मियों को भरे हुए पोस्टल बैलेट जमा करना होगा।

## आज के मैच




**समय : 23 मार्च, 3:30 बजे से**

**स्थान : मोहाली**




**समय : 23 मार्च, 7:30 बजे से**

**स्थान : कोलकाता**

## रमजान मुबारक



सेहरी 04:26

इफ्तार 06:04

# केजरीवाल की गिरफ्तारी तानाशाही रवैया : चम्पाई

**अब विपक्ष के मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी आम बात हो गई है**

**सीएम ने कांग्रेस के बैंक अकाउंट को फ्रिज करने पर उठाया सवाल**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने शराब घोटाला मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार कर लिया। इसके विरोध में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सहित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने भी एक्स पर सवाल उठाया है। साथ ही इसे तानाशाही रवैया बताया है। मालूम हो कि जमीन घोटाले में ईडी के दस समन की अवहेलना करने के बाद झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उन्होंने गिरफ्तारी से पहले पद से इस्तीफा दे दिया था। चम्पाई सोरेन ने शुक्रवार सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि राजनीतिक दलों को तोड़ने, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### केजरीवाल को 28 तक ईडी हिरासत में भेजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने गुरुवार शाम उनके आधिकारिक आवास पर दो घंटे की पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने उन्हें दिल्ली सरकार के अन्य मंत्रियों, आप के नेताओं तथा अन्य की मिलीभगत में कथित उत्पाद शुल्क घोटाले का सरगना और मुख्य साजिशकर्ता बताते हुए 10 दिन की हिरासत की मांग की थी। केजरीवाल को रात भर एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी कार्यालय में रखने के बाद शुक्रवार सुबह राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया।

### पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर की गाड़ी में स्कार्पियो से टक्कर, अस्पताल में भर्ती

**पलामू।** छतरपुर-पाटन के पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर, उनके पुत्र और पांच-छह कार्यकर्ता शुक्रवार देर शाम सड़क दुर्घटना में जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर के डॉ अरुण शुक्ला के अस्पताल में लाया गया है। उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। पलामू जिले के पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी-पाटन मोड़ पर उनकी गाड़ी में तेज रफ्तार स्कार्पियो से टक्कर हो गई। पूर्व विधायक किशोर, उनके पुत्र एवं अन्य कार्यकर्ता छतरपुर इलाके से कार्यक्रम के बाद मेदिनीनगर लौट रहे थे। जैसे ही कजरी-पाटन मोड़ पर स्थित ब्रेकर पर उनकी गाड़ी धीमी हुई, पीछे से तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। गाड़ी को नुकसान होने के साथ-साथ अंदर बैठे पूर्व विधायक और उनके पुत्र और समर्थकों को भी चोटे आई। गाड़ी को पुलिस थाने ले गई है।

## पलामू में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की पड़वा शाखा से 5.50 लाख की लूट






**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

जिले के पड़वा स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा में शुक्रवार सुबह लूट की घटना हुई। बैंक खुलते ही लुटेरों ने 5.50 लाख रुपये लूटे की घटना को अंजाम दिया। अपराधियों की संख्या चार बताई गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है। दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद से बैंक व पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में बैंक मैनेजर अभिषेक तिवारी ने बताया कि पड़वा की झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा के खुलते ही चा लुटेरे अंदर घुस आए और कर्मियों को बंधक बना लिया। जिस समय घटना हुई उस वक्त बैंक में चार कर्मचारी थे। सभी को एक कमरे में बंद करने के बाद लुटेरों ने करीब 5.50 लाख रुपए बैंक से लूटे और फरार हो गए। घटना की पुष्टि करते हुए जिले की एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि लूट की सूचना मिली है। पड़वा से सटे सभी थानों को अलर्ट कर दिया गया है। अपराधियों के भागने वाले रास्ते में विशेष छानबीन तेज की गई है। इधर, जानकारी मिली है कि लूटपाट के बाद अपराधी बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे के सारे पार्ट्स नोज डाले हैं और वीडियो स्टोर करने वाला डीवीआर साथ ले गए हैं। ऐसे में लुटेरों की पहचान मुश्किल हो रही है। पुलिस बैंक से सटे आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

## एक नजर

### ईडी की छापेमारी के बाद एसएसपी ने तुपुदाना ओपी प्रभारी को हटाया

**रांची।** ईडी की छापेमारी के बाद तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह को पद से हटा दिया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वहीं आदर्श आचार संहिता के दौरान वारंट, कुर्की के निष्पादन में शिथिलता बरतने वाले जिला के 11 थाना प्रभारियों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। इनमें सदर, लोअर बाजार, हिंदपीढ़ी, नगड़ी, रातू, बेड़ो, कांके, नामकुम और बरियातू थाना प्रभारी शामिल हैं।

## झारखंड लगातार दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ राज्य नेत्र सोसाइटी अवार्ड से हुआ सम्मानित

**संस्था की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों की बीमारियों से बचाव के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान**




**आरएनएम। कोलकाता**

कोलकाता में आयोजित अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के 82 वें वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन सम्मारोह में झारखंड राज्य नेत्र सोसाइटी को 100 से 500 सदस्यों की श्रेणी में एजुकेशनल व साइंटिफिक गतिविधियों के लिए सर्वश्रेष्ठ स्टेट सोसाइटी के राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। राज्य को यह सम्मान लगातार दूसरी बार मिला है। इस सम्मान को चेयरमैन साइंटिफिक कमेटी व मैनेजमेंट कमेटी की सदस्य डॉ. भारती कश्यप, मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य डॉ. बीपी कश्यप, सेक्रेटरी डॉ. एसके मित्रा व प्रेसिडेंट डॉ. राज मोहन ने संयुक्त रूप से ग्रहण किया। यह सम्मान रामकृष्ण मिशन अस्पताल के सेक्रेटरी स्वामी नित्याकामानंद, आल इंडिया नेत्र सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. हरबंश लाल व अमेरिका के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. उदय देवगन ने प्रदान किया।

मैनेजिंग कमेटी के मेंबर सह चेयरमैन साइंटिफिक कमेटी डॉ. भारती कश्यप ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### गिरिडीह में ट्यूशन पढ़ने जा रहे दो छात्रों को ट्रक ने रौंदा, मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह-बेंगाबाद मुख्य मार्ग स्थित महुआर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने शुक्रवार को बाइक सवार दो छात्रों को रौंद दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। दोनों छात्र बाइक पर सवार होकर ट्यूशन पढ़ने जा रहे थे। बताया जाता है कि बेंगाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले पंकज पंडित और सुभाष पंडित बाइक पर सवार होकर ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रहे थे। तभी महुआर के पास उनकी बाइक एक तेज रफ्तार मालवाहक ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। स्थानीय लोगों ने दोनों छात्रों को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## बिहार में फिर गिरा निर्माणाधीन पुल का हिस्सा गिरा, 1 की मौत, नौ घायल

**सुपौल के बकौर और मधुबनी के भेजा के बीच बन रहा देश का सबसे लंबा सड़क पुल**

**पुल की लंबाई 10.2 किमी है, मृतक के परिवार को मिलेगा 10 लाख का मुआवजा**



**एजेंसी। पटना/सुपौल**

बिहार के सुपौल जिले के बकौर में भारत माला परियोजना के तहत बन रहे देश के सबसे लंबे पुल के तीन गार्टर गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। सुपौल के डीएम ने बताया कि घटना सुबह साढ़े 7 बजे की है। इस हादसे में 9 लोग घायल हुए हैं और एक की मौत हुई है। मृतक के परिवार को 10 लाख का मुआवजा दिया जाएगा। घायलों की भी मदद की जाएगी। मामले की जांच के आदेश दिए गए है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस की टीम लगी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिलर नंबर 50, 51 और 52 का गार्टर गिरने से यह हादसा हुआ। यह हादसा गोपालपुर सिरे पंचायत के मेरचा गांव के पास हुई। यहां पिलर नंबर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## आजकल




## इंडिया — केजरीवाल की गिरफ्तारी एक प्रयोग का अंत है या एक नया मोड़?



सुनील बादल

***सदियों*** पहले कबीले के सरदार,उसके बाद राजा रजवाड़े, बादशाह से लेकर जमींदार या प्रजातांत्रिक व्यवस्था में चुने हुए जनप्रतिनिधि तक सभी को भारत ने विशेष दर्जा दिया।यहां तक कि ईश्वर का अंश तक मानकर हर आदेश का पालन किया पर मयार्दा पुरुषोत्तम राम के देश में यही राजा या नेता नीचता की सीमाएं लांघने लगे तो लोगों को तलाश हुई ऐसे नेता की जो सादगी से अपने कर्तव्यों का पालन करे पर शराब घोटाला मामले में ईडी ने जब सादगी और ईमानदारी का दंभ भरने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया तो लोगों को गहरा आघात लगा । उनकी गिरफ्तारी के बाद इंडी गठबंधन के नेताओं ने केंद्र सरकार को घेरा है, जबकि सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा कि उनके कर्मों के कारण ही उनकी गिरफ्तारी हुई है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए अन्ना हजारे ने कहा, मैं बहुत दुखी हूं कि अरविंद केजरीवाल जो कभी मेरे साथ काम करते थे, उन्होंने शराब के खिलाफ अपनी आवाज उठाई थी। अब वह खुद शराब नीतियां बना रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी उनके कर्मों के कारण ही हुई है। अन्ना हजारे ने मीडिया को बताया कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल को इस तरह की नीति लागू नहीं करने की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा, मैंने बोला था कि हमारा काम शराब नीति बनाना नहीं है। एक छोटा बच्चा भी



 यह जानता है कि शराब बुरी चीज है। लेकिन उन्होंने नीति बनाई। उन्हें लगा कि वह इससे ज्यादा पैसे कमा लेंगे, इस वजह से उन्होंने इस नीति को लागू किया। मैंने उन्हें दो बार चिट्ठी भी लिखी।उल्लेखनीय है कि शराब घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के अलावा विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, समीर महेंद्रू, पी सरथ चंद्रा, बिनोय बाबू, अमित अरोड़ा, गौतम मल्होत्रा, राघव मंगुटा, राजेश जोशी, अमन ढाल, अरुण पिल्लई, मनीष सिसोदिया, दिनेश अरोड़ा, संजय सिंह और के कविता को गिरफ्तार किया गया है।अन्ना हजारे और केजरीवाल का रिश्ता जनलोकपाल बिल आंदोलन के दौरान अन्ना हजारे की कोर टीम में शामिल अरविंद केजरीवाल का नाम जनता के सामने आया था। 2011 में शुरू हुए इस आंदोलन में केजरीवाल एक प्रमुख चेहरा थे, जिन्होंने अन्ना हजारे के साथ मिलकर जन लोकपाल विधेयक को लागू करने की मांग की थी। अन्ना हजारे ने नई दिल्ली में जंतर मंतर पर भूख हड़ताल शुरू की। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने किरण बेदी के साथ मिलकर विदेशों से काले धन को वापस लाने के लिए तत्कालीन सरकार को घेरा था।17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की थी। इसके तहत राजधानी में 32 जोन बनाए गए थे और हर जोन में ज्यादा से ज्यादा 27 दुकानें खुलनी थीं। इस तरह से कुल मिलाकर 849 दुकानें खुलनी थीं। नई शराब नीति में दिल्ली की सभी शराब की दुकानों को प्राइवेट कर दिया गया। इसके पहले दिल्ली में शराब की 60 प्रतिशत दुकानें सरकारी और 40 प्रतिशत प्राइवेट थीं। नई नीति लागू होने के बाद 100 प्रतिशत प्राइवेट हो गईं। राज्य सरकार ने तर्क दिया था कि इससे 3,500 करोड़ रुपये का फायदा होगा। राज्य सरकार ने लाइसेंस की फीस भी कई गुना बढ़ा दी थी। जिस एल-1 लाइसेंस के लिए पहले ठेकेदारों को 25 लाख देना पड़ता था, नई शराब नीति लागू होने के बाद ठेकेदारों को पांच करोड़ रुपये चुकाने पड़े। इसी तरह अन्य कैटेगिरी में भी लाइसेंस की फीस में काफी बढ़ोतरी हुई। नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान होने का आरोप है। भाजपा ने आरोप लगाया कि इससे बड़े शराब कारोबारियों को फायदा हुआ। विपक्षी दलों ने उनकी गिरफ्तारी को गलत बताया है। खास बात है कि केजरीवाल के समर्थन में ऐसे दो लोग भी खड़े हुए हैं, जिन्हें नौ वर्ष पहले आम आदमी पार्टी से अपमानित कर निष्कासित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण और राजनेता एवं आंदोलनकारी योगेंद्र यादव, जो 'आप' के संस्थापक सदस्य रहे हैं, उन्होंने केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध किया है। योगेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राजनीतिक सहमति असहमति अपनी जगह है, लेकिन लोकतांत्रिक मयार्दा सर्वोपरि है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी इस मयार्दा का चीर हरण है।अभी उन्हें दोषी नहीं कहा जा सकता पर निर्दोष भी नहीं कहा जा सकता।

## इसरो के 'पुष्पक' की लॉन्चिंग सफल




**पृथ्वी पर वापस लाकर दोबारा किया जा सकता है इस विमान का प्रयोग**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इसरो ने शुक्रवार सुबह कर्नाटक के चित्रदुर्ग में 'पुष्पक' विमान को सफलतापूर्वक लैंड करवाया। इसरो ने एक्स हैंडल पोस्ट में यह जानकारी दी। 'पुष्पक' एसयूवी के साइज का पंखों वाला रॉकेट है। इसे 'स्वदेशी स्पेश शटल' भी कहा जा रहा है। ये रि-यूजेबल विमान है । इसे पृथ्वी पर वापस लाकर दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। इसरो ने एक्स पर कहा कि रि-यूजेबल लॉन्च व्हीकल (आरएलवी) टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आरएलवीएलईएक्स-02 लैंडिंग एक्सपेरिमेंट के जरिए मील का पत्थर साबित हुआ। यह टेस्ट चित्रदुर्ग के एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) में सुबह 7:10 बजे किया गया। 'पुष्पक' को वायुसेना के हेलिकॉप्टर चुनूक से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। इस मिशन को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) ने तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) और इसरो जड़त्व प्रणाली इकाई (आईआईएसयू) के साथ पूरा किया था। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने इस जटिल मिशन के सफलतापूर्वक पूरा होने के लिए टीम को बधाई दी। वीएसएससी के निदेशक डॉ. एस उन्नीकृष्णन नायर ने यह सफलता भविष्य के ऑर्बिटल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### मारवाड़ी भवन में हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन आज, तैयारियां पूरी

**रांची।** हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में शनिवार को हास्य व्यंग कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया, मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल, सचिव अनिल कुमार अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि होली के अवसर पर आयोजित हास्य व्यंग कवि सम्मेलन शनिवार को रात्रि 9 बजे से मारवाड़ी भवन में प्रारंभ होगी। कवियों में ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कवि सुरेंद्र शर्मा दिल्ली, सुरेंद्र दुबे रायपुर, अनिल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी हरियाणा, तथा साक्षी तिवारी लखनऊ शामिल हैं। तीन हजार लोगों का बैठने की व्यवस्था है। तथा महिलाओं के लिए विशेष बैठने की व्यवस्था की गई है। प्रवेश निशुल्क है। आयोजन स्थल पर कुर्सियां की विशेष व्यवस्था पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर की गई है।

### आजसू पार्टी का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शिविर कल

**सिल्ली।** सिल्ली नगर आजसू पार्टी कार्यालय में शुक्रवार देर शाम एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे आगामी 24 मार्च दिन रविवार को सिल्ली थाना के समीप स्थित प्रेम वाटिका मेरेज हॉल में आयोजित आजसू पार्टी के प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय समिति सदस्य सह सिल्ली नगर प्रभारी राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह ने एवं संचालन भरत देव साय ने किया। बैठक में पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू बुद्धिजीवी मंच के सदस्य, प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र करमाली समेत पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारी शामिल हुए।

### इफ्तार पार्टी में मांगी गई देश दुनिया में अमन चैन की दुआ

**खलारी।** भाजपा खलारी मंडल के अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सह धमधमिया मस्जिद के नायब सेक्रेटरी जफरूद्दीन अंसारी ने धमधमिया स्थित मदरसा में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। शामिल लोगों ने नमाज अदा की तथा राज्य, देश व दुनिया में अमन, चैन व खुशहाली के लिए दुआ मांगा। जफरूद्दीन अंसारी ने धमधमिया मदरसा कमेटी सहित इफ्तार में शामिल सभी लोगों को रमजान की मुबारकबाद दी। मौलाना मो. इमामुद्दीन साहब ने रमजान के पाक माह पर प्रकाश डाला और नमाजियों को सब्र व खुदा का पैगाम दिया। इसके बाद सभी लोग सामूहिक रूप से तरह-तरह के व्यंजनों का लुफ्त उठाए। इफ्तार पर्टी में सेक्रेटरी शमीम साहब, सदर अब्दुल कुद्दूस, खजांची जमील अंसारी, शेखवकील अहमद, मो. मिनहाज, हाफिज उमर रजा, अब्दुल जमील अंसारी, मो आलम, सराज अंसारी, बेलाल अंसारी, अलीमुद्दीन अंसारी, सुलतान अंसारी, सरफराज अंसारी, मंजूर आलम, शहबाज अंसारी, शाहिद अंसारी सहित मदरसा कमेटी के रोजेदार मौजूद थे।

### खूंटी में दो दिवसीय ईस्ट जोन ओपन तीरंदाजी प्रतियोगिता शुरू

**खूंटी।** खूंटी जिला तीरंदाजी संघ और झारखंड तीरंदाजी संघ के संयुक्त तत्वावधान एनटीपीसी एवं खेलो इंडिया के सहयोग से ईस्ट जोन ओपन तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को खूंटी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम किया गया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप से भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष और जनजातीय मामलों और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, द्रोणाचार्य सम्मान से सम्मानित पद्मश्री पूर्णिमा महतो, भारतीय तीरंदाजी संघ के सह सचिव सुमंत चंद्र मोहंती, झारखंड तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष एल मूर्ति, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रशिक्षक प्रकाश राम, डी साई ईश्वरी राव, राजेश हसदक, रोहित कोइरी, शेखर लगूरी, शिशिर महतो, करण कर्मकार, सुमित मिश्रा आदि विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। में शुभारंभ किया गया। देश के पांच राज्य बंगाल, बिहार ,उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखंड से लगभग 101 तीरंदाजों का आगमन हुआ है।

# अनोखी छाप छोड़ गया श्याम फाल्गुन महोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा** श्याम फाल्गुन महोत्सव झुमरी तिलैया सहित जिले के विभिन्न इलाकों में दो दिवसीय भक्ति भाव के साथ मनाया गया। जिले के विभिन्न इलाकों में इस अवसर पर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार फूलों से किया गया। बाबा का श्रृंगार श्रद्धालु भक्तों की प्रेरणा का स्रोत बना, धुन पर माहौल होलियाना हो गया। शहर के अड्डी बांग्ला रोड स्थित श्याम मंदिर एवं पानी टंकी रोड स्थित श्याम मंदिर में आम से लेकर खास श्रद्धालु भक्त हारे के सहारे बाबा श्याम के समक्ष शीश नवाया। अड्डी बांग्ला रोड स्थित श्याम मंदिर में केंद्रीय शिक्षा मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक नीरा यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के अलावा उड़ीसा के भद्रक कटक, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड के विभिन्न जिलों से भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। वहीं कोलकाता धनबाद एवं स्थानीय भजन गायकों ने भजन प्रस्तुत कर खूब झुमाया। मंदिर कमेटी के आयुष पोद्दार ने बताया 58 वर्षों से महोत्सव मनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर पानी टंकी रोड स्थित श्याम मंदिर में भी स्थानीय गायकों ने भी भजन प्रस्तुत किया। मंदिर कमेटी के महावीर खेतान ने बताया कि 28 वर्षों से श्याम फागुन महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके अलावा लगभग 80 श्रद्धालु भक्त खाटू श्याम राजस्थान दर्शन के लिए रवाना हुए। इधर, श्यामशरण में आजा रे का दूसरा वार्षिक उत्सव 29 और 30 मार्च को मनाने की तैयारी शुरू की गई। पहले दिन निशान यात्रा अड़ी बंगला स्थित दुर्गा मंडप से निकाली जाएगी और 30 को शिव वाटिका में सामूहिक सुंदरकांड के आलवा जयपुर, कोलकाता के भजन गायको के द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे एवं अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा।

# विश्व जल दिवस पर स्कूलों में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** शुक्रवार को मांडर प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय मांडर और राजकीयकृत मध्य विद्यालय मलटोटी में शुक्रवार को जल दिवस के अवसर पर चित्रकला स्पर्धा, नुक्कड़ नाटक और गायन स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, ऐसे में यह कथन सटीक है कि 'जल ही जीवन है'। विश्व में कई जगहों पर पानी की कमी बनी रहती है। विकास के लिए तेजी से बढ़ रही फैक्ट्रियां और जनसंख्या के कारण जो पानी के सीमित संसाधन है, उन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और पानी का अत्यधिक उपयोग हो रहा है। जाने अनजाने पानी की बबार्दी और जल प्रदूषण के कारण लोग पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। इसी समस्या से विश्व को अवगत कराने, पानी की बबार्दी को रोकने, जल को प्रदूषित होने से बचाने के लिए विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इसलिए पानी के महत्त्व समझाने और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इस चित्रकला प्रतियोगिता में कुल 120 छात्र-छात्राएं भाग लिया। बच्चों को मार्गदर्शन देने का कार्य स्कूलों के शिक्षकों और पिरामल फाउंडेशन टीम ने किया।

# डीएसपी ने सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

थाना परिसर में शुक्रवार को शान्ति समिति की बैठक की गई। अध्यक्षता मांडर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने किया। डीएसपी राम नारायण चौधरी तथा इंस्पेक्टर जयप्रकाश राणा भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में होली शांतिपूर्ण और सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील किया गया। होली आपस मे मिल जुलकर मनाने का पर्व है। दोनो समुदाय के लोगो ने होली और रमजान पर्व को शांति और सौहार्द से मनाने की बात कही। त्यौहार में फुहड़ और अश्लील होली गाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। थाना प्रभारी राहुल कुमार ने कहा की मांडर के लोग काबिले तारीफ है। यहां के लोग एक दुसरे के पर्व त्योहार मे बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाते है। प्रभारी ने कहा त्यौहार के दौरान हुड़दंगी लोग



शांति भंग करने के फिराक में रहते हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। उन्होने आचार संहिता का पालन करने को कहा। बैठक में आबिद अंसारी, मुखिया प्रकाश खलखो, रामबालक ठाकुर और बेलस तिर्की ने भी अपने सुझाव दिए। मौके पर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, जगराम कुजुर, महली, जहीर खान, तबारक खान, प्रकाश खलखो, रामबालक ठाकुर, जुएल लकड़ा, अनुप राम, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### क्षत्रिय महासभा ने किया होली मिलन का आयोजन




चान्हो। प्रखंड अंतर्गत रोल पंचायत के चलियो बगीचा मे शुक्रवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष अजित सिंह ने कहा कि समाज के लोग आपसी मन मुटाव को दूर करें और उन्हें आपसी एकता को मजबूत करना चाहिए। युवाओ को समाजिक कार्य करने को प्रेरित किया जाये। साथ ही साथ कार्यक्रम में क्षत्रिय महासभा के सचिव भुवनेश्वर सिंह ने सामाजिक एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन होने से सामाजिक बंधुओं के बीच मेल मिलाप होता है। मंच संचालन नीरज शाही द्वारा ने किया। इस मौके पर बसंत शाही,कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह, सचिव भुवनेश्वर सिंह, राम दयाल सिंह, गुलाब सिंह, बसंत शाही , अभय सिंह, श्रीकांत सिंह व सैकड़ो क्षत्रिय मौजूद रहे।

### अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी राजनीतिक साजिश : आप



**मांडर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी राजनीतिक साजिश है। भाजपा हमारे नेता अरबिंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता से डर गई है। आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को आम जनता का मिल रही समर्थन से डर कर भाजपा की मोदी सरकारी विपक्ष को दबाने का प्रयास कर रही है। ये अंग्रेजी सरकार की तरह दमनकारी हो गए है। जनता ये सब देख रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में जनता ही इस तानाशाही का जवाब देगी।

### रैयत विस्थापितों ने अबीर गुलाल लगाकर दी होली की बधाई

खलारी। रैयत विस्थापितो का होली मिलन समारोह का आयोजन तुमांग ढुब सरहुल स्थल पर किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनके एरिया के महाप्रबंधक सुजीत कुमार व विशिष्ट अतिथि रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता थे। महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। समारोह में शामिल अन्य लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकार होली की बधाई दी। सभी लोग सामूहिक भोजन का आनंद लिए। समारोह में रोहिणी परियोजना के खान प्रबंधक दीपक कुमार, सतपाल सिंह, विकास चौधरी, खलारी पश्चिमी जिप सदस्य सरस्वती देवी, टंडवा दक्षिणी जिप सदस्य नेहा उरांव, इंदिरा देवी, लपरा मुखिया पुतुल देवी, पुष्पा खलखो, मुखिया संतोषकुमार महली, पंसस सहदेव महली, विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी, चुरी पश्चिमी मुखिया शांति देवी, रंथू उरांव, जालिम सिंह, जगरनाथ महतो, नरेश गंझु, विनय खलखो, अमृत भोगता, रामलखन गंझू, मुकद्दर कुमार, शिवनारायण लोहरा, शिवनाथ भोगता, लहसन भोगता, प्रभाकर गंझु, देवपाल मुंडा, सोमर गंझू, दामोदर गंझु, नंदू मेहता, गोपाल सिंह, उमेश मेहता, मुरारी मेहता, दिनेश प्रसाद, जगदीश गंझू आदि उपस्थित थे।

### हाइवा और बस की जबरदस्त भिड़ंत

# तीन बच्चों की मौत, दर्जन भर लोग गंभीर रूप से हुए घायल



**नवीन मेल संवाददाता। कुड़ू / लोहरदगा**

रांची के बोडया से बारातियों को लेकर घाघरा के बनारी लौट रही महालक्ष्मी नामक यात्री बस की कुडू लोहारदगा मुख्य पथ एनएच 43 ए कुडू थाना क्षेत्र के टाटी मोड़ के पास शुक्रवार की रात लगभग 8: 30 बजे हाइवा से हुई आमने सामने की हुई सीधी भिड़ंत में 6 माह के बच्चे सहित कुल तीन अन्य बच्चो की मौत हो गयी जबकी बस चालक सहित बस में सवार दर्जन भर से ज्यादा यात्री और हाइवा का चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इस हादसे में बस के परखच्चे उड़ गए और चीख पुकार मच गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को बस से बाहर निकाला और कूडू अस्पताल भेजवाया। जहां से गंभीर रूप से घायलों को रांची रिम्स रैफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार महालक्ष्मी नामक यात्री बस संख्या जेएच01इए - 8810 से घाघरा के बनारी से बारात लेकर रांची के कांके थाना क्षेत्र के बोडया गयी थी। तीन दर्जन से अधिक पुरुष, महिलाओं, बच्चों से भरी बस की वहां से लौटने के क्रम में टाटी मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आरहे हाइवा जेएच01 एफए - 2496 से सीधी भिड़ंत हो गयी जिससे यह हादसा हुआ।

### आरबीआई ने एमएसएमई पर की एकदिवसीय बैठक

# एमएसएमई अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने का बेहतर विकल्प : क्षेत्रीय निदेशक

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** आरबीआई रांची ने नगर भवन बरही में माइक्रो स्मॉल माइक्रो एंटरप्राइजेज पर आधारित एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया. जिसमे बरही क्षेत्र के विभिन्न बैंकर्स उपस्थित हुए. बैठक में बतौर मुख्यातिथि झारखंड आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह शामिल हुए. शिविर का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से माइक्रो स्मॉल मीडियम इंटरप्राइजेज उद्यमियों के लिए उपलब्ध करवाए जा रहे ऋण की विस्तृत जानकारी देना था. बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय निदेशक ने कहा कि हमारे देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र



बहुत बड़ी आबादी को रोजगार और व्यापार के अवसर प्रदान करता है. जो एक मजबूत और टिकाऊ राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के निर्माण के साथ-साथ रोजगार सृजन, निर्यात और लोगों के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान देता है. उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार, राज्य सरकार, बैंकों और अन्य संस्थानों द्वारा एमएसएमई के विकास से संबंधित कई योजनाएं जैसे मुद्रा, पीएमईजीपी आदि चलायी जा रही हैं, जिनका उद्यमी लाभ उठा सकते हैं. योजनाओं को विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना के तहत 10 लाख रुपये तक का ऋण बिना किसी गारंटी के साथ दी जाती है. इसके साथ ही जीएसटी पंजीकृत लोगो को सुद में 2 फीसदी की छूट भी दी जाती है. यह मजबूत और टिकाऊ राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के निर्माण के साथ-साथ रोजगार सृजन, निर्यात और लोगों के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

### पटेल बीएड कॉलेज में मताधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**खूंटी।** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से शुक्रवार को पटेल बीएड कॉलेज, खूंटी में होली के रंग, मताधिकार के संग थीम पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कर्रा, जिला कार्यक्रम अतिरिक्त पदाधिकारी, प्राचार्य पटेल बीएड कॉलेज आदि उपस्थित थे। युवाओं को जागरूक करने के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि मतदान एकमात्र ऐसा साधन है, जिससे देश की जनता स्वयं अपने देश का विकास निर्धारित कर सकती है। बताया गया कि व्यक्ति का मत अनमोल है। इस दौरान जागरूक मतदाता के कर्तव्यों का पूर्ण पालन करने व सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। युवा मतदाताओं को जागरूक करने के क्रम में बताया गया कि 18 वर्ष से ऊपर सभी मतदाता अपना पंजीकरण कराएं और जागरूक मतदाता बनें।

संदेश

प्रतिवर्ष मार्च माह के अंतिम शनिवार को 'अर्थ ऑवर' मनाया जाता है। यह वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड फॉर नेचर (WWF) की एक प्रभावी पहल है, जिसका आरंभ 2007 में किया गया था। इसका उद्देश्य प्रकृति की रक्षा, जलवायु संरक्षण से निपटने व मानव जीवन के उज्जवल भविष्य को बेहतर दिशा देने हेतु मिलकर काम करने के लिए जागरूकता को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना है।

वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड फॉर नेचर-भारत प्राकृतिक वातावरण के संरक्षण हेतु समर्पित है। हर वर्ष अर्थ ऑवर 'पर एक घंटा के लिए स्वेच्छा से गैर जरूरी रोशनी बंद कर इस अभियान में लोग प्रतिबद्धता से भाग लेते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए इस प्रतीकात्मक आह्वान में ऊर्जा बचाने हेतु गैर आवश्यक प्रकाश के उपयोग को कम करना है। इस वर्ष अर्थ ऑवर 'शनिवार 23 मार्च, 2024 को रात्रि 08:30 से 09:30 तक मनाया जा रहा है।

अतः सभी राज्यवासियों से आह्वान है कि वे इस अवधि में अपने-अपने घरों में अनावश्यक प्रकाश को बंद रखकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करना चाहेंगे। इस अवधि में सभी कार्यालयों/प्रतिष्ठानों में भी अनावश्यक प्रकाश बंद करने की दिशा में समुचित कार्य किया जाय।

(सी०पी० राधाकृष्णन)
राज्यपाल, झारखण्ड

PR No. 323333 (Governor) 2023-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# सीजीएचएस से बिल क्लीयरेंस नहीं होने पर कई कैंसर मरीज हैं परेशान

अमित कुमार

**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा (सीजीएचएस) के तहत सेवानिवृत्त और सेवारत कर्मियों के चिकित्सा बिल 2021 से पेंडिंग हैं। ऐसे में राज्य भर के हजारों कर्मियों को इलाज पर हुए खर्च का भुगतान नहीं हो पा रहा है। केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना संपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र संख्या एक डोरंडा से पेंडिंग पड़े सभी बिल को पास किया जाना है। नियमतः सरकारी चिकित्सालय अथवा निजी चिकित्सालय में इलाज के उपरांत खर्च हुए सभी का विवरण देने के 30 दिनों उपरांत सभी तरह के खर्च का भुगतान करने का प्रावधान है। भुगतान नही होने से कई कैंसर के मरीजो को दवाएं खरीदने में परेशानी हो रही है।



**केंद्रीय कर्मियों के लिए है राज्य में चार डिस्पेंसरी**

झारखंड में डोरंडा, कांटाटोली, लालपुर तथा धनबाद में डिस्पेंसरी मौजूद है। यहां केंद्रीय सेवा में कार्यरत एवं सेवानिवृत कर्मियों का चिकित्सा के लिए सुविधा दी गई है, जहां सभी प्रकार का इलाज ओपीडी के तहत होता है। झारखंड में 20 निजी अस्पताल इसके तहत सूचीबद्ध हैं। उन अस्पतालों में जो दवाएं आवश्यक बताई जाती हैं और डिस्पेंसरी में उपलब्ध होती हैं, मरीजो को दी जाती हैं और यदि नहीं होने पर बाहर से खरीदने की अनुमति दे दी जाती है। इसके लिए निजी अस्पतालों में रेफरल रोगी चिकित्सा करने पर उसे पर्ची को लेकर वैलनेस केंद्र पर जाकर दोबारा लिखाना पड़ता है जो दवा वैलनेस में उपलब्ध है वही दवा बाहर से खरीदने के लिए प्राधिकृत कर दी जाती है। इन खरीदी गए दवा को चिकित्सा विपत्र पत्र बनाकर वैलनेस सेंटर में जमा कर दिया जाता है, जिसे वैलनेस सेंटर डोरंडा स्थित केंद्रीय स्वास्थ्य केंद्र के निर्देश के तहत भुगतान के लिए भेजा जाता है।

## रिटायर्ड मरीजों के लिए है कैशलेस सुविधा

अगर किसी लाभार्थी की जांच की आवश्यकता होती है तो निजी अस्पताल में कैशलेस सुविधा मिलती है। वही सेवारत कर्मियों को रेफरल के बावजूद निजी अस्पताल के केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दर पर भुगतान करना पड़ता है। ऐसे में सेवारत कर्मियों का बिल अपने विभाग में जमा करना होता है, जिसका भुगतान उन्हें होता है। लेकिन दवा केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा केंद्र से ही लेना होता है। इन निजी अस्पतालों में केंद्र सरकार के सेवानिवृत लाभार्थियों को इंडोर पेशेंट कैशलेस सुविधा मिलती है।

## क्या कहती हैं विभाग की एडिशनल डायरेक्टर डॉ सोनाली भट्टाचार्य

संवाददाता ने बिल के संदर्भ में बात की तो उन्होंने कहा कि यह हमारा आंतरिक मामला है, जिस पर मीडिया को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। साथ ही, उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए मीडिया से यह भी जानना चाहा कि इस संदर्भ में यह जानकारी आपको किसने दी है?

## न्यूज बॉक्स

### 'स्प्रिंग फोटोग्राफी फेस्टिवल 2024' मे अभय केरकेट्टा सर्वश्रेष्ठ फोटो के लिए पुरस्कृत




**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में 'झारखंड : प्रकृति का रंगमंच, कैमरे की नजर से' विषय पर दो दिवसीय 'स्प्रिंग फोटोग्राफी फेस्टिवल 2024' का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन शुक्रवार को प्राचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया। फोटो पत्रकारिता पर आधारित इस फेस्टिवल का आयोजन संत जेवियर्स कॉलेज के जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ है। अतिथियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन विभाग के प्रमुख डॉ संतोष कुमार कीड़ो ने कहा कि झारखंड की खिलखिलाहट और वसंत की खूबसूरती को विद्यार्थियों ने फोटोग्राफी की कला द्वारा कैमरे में कैद किया है, जिसके प्रदर्शन के लिए स्प्रिंग फोटोग्राफी फेस्टिवल का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित सीनियर फोटो जर्नलिस्ट दिवाकर प्रसाद ने कहा कि फोटो पत्रकारिता मीडिया का एक ताकतवर हथियार है। कहा कि एक तस्वीर हजारों शब्दों को बयां करती है। रेक्टर फादर एलेक्स एक्का ने फोटो जर्नलिज्म को एक बहुत अच्छा पेशा बताया। प्राचार्य फादर डॉ नाबोर लकड़ा ने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए जुनून होना आवश्यक है। तभी कुछ अलग तरीके से सोच के साथ आप आगे सुगम सफर तय कर सकते हैं। उपप्राचार्य डॉ प्रदीप रॉबर्ट कुजूर ने आमिर खान की सबसे प्रचलित फिल्म '3 इडियट' के किरदार फरहान का उदाहरण देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपनी आंतरिक आकांक्षाओं का पीछा करना चाहिए। कॉलेज के सभागार में फोटो फेस्टिवल में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं से आए डीएसएलआर और मोबाइल के खिंचे हुए फोटो को प्रदर्शित किया गया। बेस्ट फोटोग्राफी सेक्शन में कॉलेज के इतिहास विभाग के स्नातक अभय केरकेट्टा को सर्वश्रेष्ठ फोटो के लिए पुरस्कृत किया गया। दूसरा स्थान बीजेएमसी विभाग के आयुष राज व तीसरा स्थान स्नातकोत्तर जीव विज्ञान के स्वप्निल टोपनो को मिला। उन्हें भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में परीक्षा नियंत्रक डॉ बीकेसिन्हा, आईक्यूएसी को-कोऑर्डिनेटर डॉ शिव कुमार, रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात कैनेडी सोरेन, डीएसडब्ल्यू डॉ संजय सिन्हा उपस्थित हुऐ इस दौरान पत्रकारिता विभाग के डॉ नील कुसुम कुल्लू, वाईएन झा, कुमार समवेग, आलोक रंजन, संजय मंडल व विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश के लिए 90 फीसदी विद्यार्थियों ने दी परीक्षा



**रांची।** राज्य के 80 जिलास्तरीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में शुक्रवार को नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा हुई। इस परीक्षा में कुल आवेदकों के 90 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 36,230 विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र जारी किया गया था। प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण रही। प्रवेश परीक्षा देने आए विद्यार्थी और उनके अभिभावक दोनों उत्साहित दिखे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। 30 मार्च को प्रवेश से संबंधित पहली मेधा सूची का प्रकाशन किया जाएगा। एक अप्रैल से सात अप्रैल तक चयनित विद्यार्थियों का नामांकन होगा। आठ अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो जाएगी। इस वर्ष मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए रिकॉर्ड आवेदन आए थे। आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्राप्त किए गए थे। उत्कृष्ट विद्यालयों की 8,984 सीटों के विरुद्ध 36,230 आवेदन प्राप्त हुए थे।

### सेल स्पोर्ट्स क्लब के फुटबॉल टूर्नामेंट में टीम दो को खिताब



**रांची।** सेल यूनिट स्पोर्ट्स क्लब, रांची द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट 2023-24 का फाइनल मैच शुक्रवार की सुबह खेला गया। यह मैच सेल सैटेलाइट टाउनशिप फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित किया गया था। फाइनल मैच केपी पात्रा के नेतृत्व वाली टीम 1 और उज्ज्वल मंडल की नेतृत्व वाली टीम 2 के बीच खेला गया। इस टूर्नामेंट में कुल तीन टीमों ने भाग लिया था, जिसमें लीग मैचों में अंकों के आधार पर फाइनलिस्ट का निर्धारण किया गया। फाइनल मैच के दौरान नियमित समय में गहन संघर्ष के बावजूद न तो टीम 1 और न ही टीम 2 जीत हासिल कर सकी। इस कारण टाई-ब्रेकर शूटआउट हुआ। फाइनल मैच में टीम 2 शूटआउट में 4-3 के स्कोर से विजयी हुई। फाइनल मैच में ईडी सीईटी, एसके वर्मा, सीजीएम (पीएंडए), आरबीयू एसजे जचुक और सीजीएम (एफएंडए), आरबीयू आरके सिन्हा भी उपस्थिति थे। देबाशीस दास को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर, डीसी पाठक को सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड, एके झा को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर और प्रिंस करकेट्टा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के रूप में सम्मानित किया गया। रेफरी नयन बारला ने लाइंसमैन लखीराम बेसरा और संदीप ओरांव के साथ मिलकर टूर्नामेंट की सफलता में योगदान देते हुए इसका सुचारू प्रबंधन सुनिश्चित किया।

### ललिता नागपाल की याद में आज श्रद्धांजलि सभा

**रांची।** रांची नागरिक समिति के सचिव एवं समाजसेवी संदीप नागपाल की माता और जनसंघ काल से ही भाजपा के कार्यकर्ता रहे स्व अशोक नागपाल की धर्मपत्नी स्व ललिता नागपाल की याद में शनिवार (23 मार्च) को पंजाबी भवन, लाल लाजपत पथ, ओवर ब्रिज के पास दिन में 3:00 बजे से श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी का आयोजन किया गया है। संत निरंकारी सत्संग भवन बुद्ध विहार अरगोड़ा में स्व ललिता नागपाल की याद में 24 मार्च को प्रेरणा दिवस मनाया जाएगा। इसका आयोजन 11:00 बजे से 1:30 तक होगा।

### 55 एकड़ भूमि में स्थापित होगा माता सीता का मंदिर : स्वामी सांदीपेंद्र जी महाराज

**रांची।** स्वामी दिव्यानंद जी महाराज, (राष्ट्रीय संत संरक्षक मंडल एवं झारखंड प्रदेश के संयोजक) ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि रामायण रिसर्च काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री 1008 परमहंस स्वामी सांदीपेंद्र जी महाराज ने कहा है कि मां सीताजी के प्राकट्य क्षेत्र सीतामढ़ी में मां सीताजी की भव्य प्रतिमा एवं उन्हें भवगती के रूप में स्थापित करने के लिए काउंसिल को 30 एकड़ भूमि उपलब्ध हो गई है। साथ ही, 25 एकड़ भूमि को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में यह प्रक्रिया पूरी होते ही वह स्वयं सीतामढ़ी आकर मंदिर-निर्माण कार्य के स्थान, कार्य के चरण एवं प्रारूप की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस विषय पर भेंट करेंगे और सीतामढ़ी में उक्त स्थल के भूमि-पूजन हेतु प्रस्ताव भी रखेंगे।

### आईआईएफटी की रांची शाखा में होली बैश

**रांची।** इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (आईआईएफटी) की रांची शाखा में होली बैश का आयोजन किया गया। आईआईएफटी के फैशन और इंटीरियर डिजाइनिंग के छात्रों ने होली के रंगों को ध्यान में रखते हुए टी-शर्ट को पेंट किया। छात्रों ने आने वाले गरमी के मौसम में तरह-तरह के प्रिंट्स की फोरकास्टिंग भी की। छात्रों ने एक दूसरे को गुलाल एवं रंग लगाकर होली की बधाई भी दी। कार्यक्रम में अमीषा, अन्नू, लक्ष्मी, शिबानी, अंजलि, पूनम, गीता, जन्नत, रीमा, किरण, प्रतिक, सृस्टि, सेलेना, राज, नंदिता ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। आईआईएफटी की तरफ से अभिषेक बिस्वास, अनामिका सिंह, श्वेता श्रीवास्तव, शिल्पी, राजेश्वरी, ओमी, नीता, करन ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## एक नजर

### सोना-चांदी व्यवसायी समिति ने रवि कुमार पिंकू का किया अभिनंदन



**रांची।** अपर बजार सोनार गली में सोना-चांदी व्यवसायी समिति ने शुक्रवार को श्री महावीर मंडल, रांची के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू का स्वागत एवं अभिनंदन माला, पगड़ी, तलवार एवं रामजी का प्रतीक चिह्न देकर किया। इस समारोह में सोना-चांदी व्यवसायी समिति रांची के मुख्य संरक्षक सुरेश प्रसाद साहू, कार्यवाहक मंत्री संजय प्रसाद सोनी, कार्यवाहक कोषाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा, केसोलाल, संतोष प्रसाद, रूपेश कुमार बर्मन, अमरजीत सोनी, अनु कुमार, रामजीवन सोनी, संजय प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, विजय सोनी, नवीन कुमार वर्मा, जीतेंद्र वर्मा, दीपू डे, प्रकाश सामंता, संभु सोनी, संजीव कुमार, मनोज कुमार, जय गणेश सोनी, रोहित कुमार, राजीव कुमार, राकेश कुमार,पवन जलान आदि उपस्थित थे।

### डोरंडा थाने में हुई शांति समिति की बैठक



**रांची।** डोरंडा थाने में थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद के नेतृत्व में होली पर्व शांतिपूर्वक मनाने को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से होलिका दहन के समय विशेष सतर्कता कैसे बरती जाए, उस पर चर्चा की गई। वहीं, होली के समय मस्जिदों के आसपास विशेष सुरक्षा व्यवस्था की भी मांग की गई। थाना प्रभारी ने शांति समिति के बैठक में पहुंचे सभी लोगो को आपसी भाईचारगी के साथ पर्व मनाने की बात कही। उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस लोगों की सेवा मे 24 घंटे तत्पर है। बैठक में डोरंडा महावीर मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार, कन्हैया सिंह, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष अशरफ अंसारी, मुमताज गद्दी, मौलाना मनी रुद्दीन वार्ड 45 के निवर्तमान पार्षद नसीम गद्दी उर्फ पप्पू गद्दी, नसीमुल हक, फारुख, मो शोएब अंसारी, मो गुलाम सर्वर उर्फ पिंकू, मंसूर कुरैशी आदि शामिल थे।

### रमजान और होली आपसी सौहार्द के साथ मनाएं

**रांची।** एनएसयूआई के जिला महासचिव एवं संगठन के डोरंडा कॉलेज इकाई के प्रभारी अब्दुल रबनावाद ने शुक्रवार को झारखंड वासियों से कहा कि सभी आपसी प्रेम एवं भाईचारे के साथ रमजान तथा होली पर्व को मानएं। उन्होंने कहा कि हिंदु, मुस्लिम, सिख, इसाई हम सब एक हैं। हमें सभी धर्म का सम्मान करना चाहिए। हमें सभी धर्म के पर्व-त्योहार को मिलजुल कर मनाना चाहिए, जिससे राज्य और देश का सम्मान बढ़े। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों से बचें और विधि व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को मदद करें।

# बैंकों के वैधानिक अंकेक्षण में आरबीआई की गाइडलाइन का अनुपालन अहम : केतन सैया

## आईसीएआई के एएएसबी ने बैंक ब्रांच ऑडिट पर किया एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) नई दिल्ली की ऑडिटिंग एंड एश्योरेंस स्टैंडर्ड बोर्ड (एएएसबी) ने शुक्रवार को रांची में बैंक ब्रांच ऑडिट पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार में मुंबई के विशेषज्ञ सीए केतन सैया ने बताया कि बैंकों का वैधानिक अंकेक्षण एक दायित्वपूर्ण कार्य है। इसके लिए समय भी निश्चित रहता है, जो काफी काम होता है। उसी समय में हम चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को बैंको के पूरे वर्ष के लेन-देन को देखना होता है। पहले तकनीकी सत्र में सीए केतन सैया ने कहा, हमें सर्वप्रथम इस कार्य के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) द्वारा जारी गाइडलाइंस का अनुपालन करना जरूरी है। साथ ही, इंस्टीट्यूट द्वारा हर वर्ष बैंक ब्रांच ऑडिट से संबंधित किताब भी प्रकाशित की जाती है, जिसका अध्ययन इस कार्य को आसान बनती है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी बैंक खातों के एनपीए होने से बचाने के लिए फर्जी इंस्टॉलमेंट के जमा और फिर उसकी निकासी देखते हैं। इस कारण सितंबर और मार्च की हर एंट्री को ध्यानपूर्वक देखना चाहिए। उन्होंने बैंक ऑडिट से संबंधित स्ट्रैटेजी और डाटा एनालिसिस की तकनीक पर जानकारी देते हुए डेमो के माध्यम से बताया कि तकनीक और कंप्यूटर की मदद से बैंकों के वैधानिक अंकेक्षण का कार्य समयबद्ध तरीके से कैसे आसानी से संपन्न किया जा सकता है। उन्होंने वैधानिक अंकेक्षण से जुड़ी रिपोर्ट के फॉर्मेट एलएफएआर के हर कॉलम को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

- अनिल सक्सेना ने कृषि लोन को एनपीए घोषित करने के संबंध में दी जानकारी
- श्रद्धा बागला ने कहा, नई गाइडलाइन की जानकारी देना है सेमिनार का उद्देश्य




दूसरे तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए कानपुर के विशेषज्ञ सीए अनिल सक्सेना ने कृषि लोन से जुड़े एनपीए पर जानकारी देते हुए बताया कि कृषि लोन किसानों को रबी या खरीफ फसलों के लिए दिए जाता हैं। यदि लोन खरीफ या रबी फसल के सीजन, जिसके लिए भी लिया गया है, बीत गया है और उसे बैंको द्वारा वसूला नहीं गया है, तो ऐसे लोन एनपीए के रूप में चिह्नित होंगे। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में बैंक हमें कह सकती है कि तीन वर्ष के बाद ही लोन एनपीए होंगे, लेकिन कृषि लोन के संबंध में ऐसा नहीं है। साथ ही, कृषि लोन को एनपीए घोषित करने से पूर्व हमें यह भी देखना होगा कि सरकार द्वारा इस क्षेत्र को सूखा या बाढ़ क्षेत्र तो घोषित नहीं किया गया है, क्योंकि ऐसी स्थिति में सरकारें कृषि लोन कि वसूली में समय सीमा बढ़ा देती हैं।

इस सेमिनार के उद्घाटन सत्र में विशेषज्ञ वक्ता और रांची आसपास से इस सेमिनार में उपस्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को संबोधित करते हुए इंस्टीट्यूट की रांची शाखा कि चेयरपर्सन सीए श्रद्धा बागला ने कहा कि सेमिनार के आयोजन का उद्देश्य चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को बैंकों की वैधानिक ऑडिट से संबंधित रिजर्व बैंक की नई गाइडलाइन की जानकारी देनी है, ताकि उन्हें इन जानकारियों की मदद से बैंकों के वैधानिक अंकेक्षण में काफी सहूलियत हो सके। उन्होंने कहा कि हमें बैंको की वैधानिक अंकेक्षण के लिए काफी काम समय मिलता है, लेकिन फिर भी हम तकनीकी और अपनी जानकारी के बल पर समय सीमा के अंदर अच्छी तरह यह दायित्व पूर्ण कर सकते हैं।

सेमिनार का संचालन सीए प्रवीण सिन्हा ने किया। सेमिनार के समापन पर इंस्टीट्यूट की रांची शाखा के सचिव सीए हरेंदर भारती ने इस सेमिनार के विशेषज्ञ वक्ताओं और बड़ी संख्या में उपस्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को धन्यवाद किया। इस सेमिनार के आयोजन में आईसीएआई की रांची शाखा के उपाध्यक्ष सीए उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया, सीपीई कमिटी के अध्यक्ष सीए निशांत मोदी, कार्यकारिणी सदस्य और पूर्व अध्यक्ष सीए प्रभात कुमार और सीए पंकज मक्कड़ का महत्वपूर्ण योगदान था।

## चैंबर भवन में होली मिलन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के फिल्म, कला संस्कृति उप समिति ने शुक्रवार को चैंबर भवन में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर 'मेरी आवाज, मेरी पहचान' के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक संगीत की प्रस्तुति से उपस्थित चैंबर सदस्यों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू ने शामिल होकर व्यापारियों को होली की शुभकामनाएं दीं।

मौके पर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, ललित केडिया, मनोज नरेडी ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्यौहार हमें देश की सभ्यता, संस्कृति और एकता का संदेश देता है। हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों का यह त्यौहार सभी प्रदेशवासियों के लिए खुशी लेकर आए, यही कामना करता हूं। महासचिव परेश गट्टानी ने प्रदेश के सभी व्यापारियों, उद्यमियों और प्रोफेशनल्स को होली की शुभकामनाएं देते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की।




इस अवसर पर चैंबर के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, सह सचिव शैलेष अग्रवाल, अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, साहित्य पवन, नवजोत अलंग, संजय अखौरी, प्रवीण लोहिया, डॉ अभिषेक रामाधीन, राम बांगड़, पूर्व सचिव आरके चौधरी सहित शहर के कई गण्यमान्य उपस्थित थे।

## सेमेस्टर-5 की परीक्षा के लिए आज परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय में स्नातक सेमेस्टर-5 की परीक्षा के लिए कुल पंजीकृत विद्यार्थी 26,810 हैं। इनमें से दिनांक 21.03.2024 तक कुल 24,767 विद्यार्थियों ने अपना परीक्षा फॉर्म भर लिया है। रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने शुक्रवार को विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया है कि लगभग 1340 विद्यार्थी अपनी मध्यावधि परीक्षा में या तो शामिल ही नहीं हुए, अथवा अनुपस्थित थे। वैसे 703 विद्यार्थी जिन्होंने अभी तक परीक्षा फॉर्म नहीं भरा है, वे अनिवार्य रूप से 23 मार्च 2024 को सायं 05:00 बजे तक अपना परीक्षा फॉर्म भर लें। सेमेस्टर-5 की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र निर्गत कर दिया गया है। अपना परीक्षा फॉर्म भर चुके विद्यार्थी रांची विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपना परीक्षा प्रवेश पत्र




डाउनलोड कर सकते हैं। आगामी 28 मार्च से शुरू होने वाली सेमेस्टर-5 की परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम रांची विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षा नियंत्रक के अनुसार, स्नातक सेमेस्टर-4 के परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट कुल लगभग 450 विद्यार्थियों ने सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत अपनी उत्तरपुस्तिका अवलोकन करने के लिए आवेदन दिया है। अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अनुरूप शीघ्र ही विद्यार्थियों को उनकी उत्तरपुस्तिकाओं का अवलोकन करा दिया जाएगा। इसके बावजूद भी असंतुष्ट विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत परीक्षा विभाग के शिकायत निवारण कोषांग में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। विश्वविद्यालय शीघ्रातिशीघ्र विद्यार्थियों की शिकायतों का निवारण करेगा। परीक्षा नियंत्रक ने कहा है कि रांची विश्वविद्यालय के स्नातक स्तरीय परीक्षा परिनियम के अनुसार किसी भी विद्यार्थी को सेमेस्टर - 6 में एकमात्र विषय पत्र में एकबार अधिकतम 05 अंको के कृपांक का प्रावधान है। किन्तु, यदि कोई विद्यार्थी सेमेस्टर-4 में ही अपने कृपांक प्राप्त करना चाहता है, तो उसे इस आशय का घोषणा पत्र संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य से अग्रसारित कराकर परीक्षा विभाग में जमा करना होगा। इस घोषणापत्र में इस बात का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए कि संबंधित विद्यार्थी स्नातक की सेमेस्टर-5 एवं 6 की परीक्षाओं में किसी भी प्रकार के कृपांक देय नहीं होगा।

# जल संकट एक वैश्विक समस्या : वाईके दास

## जेएसपीसीबी और एनएसएस रांची विवि ने किया संवाद सह साइकिल रैली का आयोजन

**जल का संरक्षण सभी की नैतिक जिम्मेदारी : डॉ ब्रजेश**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व जल दिवस पर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जेएसपीसीबी) और रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को जल संरक्षण विषय पर युवा संवाद सह साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन धुर्वा स्थित कार्यालय परिसर में किया गया।

मौके पर जेएसपीसीबी के सदस्य सचिव वाईके दास ने कहा कि जल संकट एक वैश्विक समस्या है। पूरी दुनिया आज जल के संकट से जूझ रही है। सभी लोग गिरते हुए भूजल से चिंतित हैं कि कैसे जल के संकट से निजात मिलेगा। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों, जैसे नल के जल की बेवजह बर्बादी को रोकने, आरओ मशीन के वेस्ट पानी के संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि से काफी हद तक जल संकट से बचा जा सकता है।



राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि जल का संरक्षण करना सभी की नैतिक जिम्मेदारी और कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रकृति की ओर से प्रदत्त संसाधनों का उचित प्रयोग करते हुए जितनी आवश्यकता है, उतना ही पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से कहा कि 'जल है तो जीवन है' केवल नारा नहीं है, बल्कि सामूहिक प्रयास करने का सटीक विचार है।

युवा संवाद के बाद जल संरक्षण को लेकर साइकिल रैली का शुभारंभ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के धुर्वा स्थित कार्यालय परिसर से किया गया। रैली धुर्वा गोल चक्कर, पुराना विधानसभा भवन, बिरसा चौक होते हुए पुनः कार्यालय में आकर समाप्त हुई। साइकिल रैली में 'जल है तो कल है', 'जल ही जीवन है', 'एनएसएस ने ठाना है, जल संरक्षण के लिए जगाना है', 'आज ही निश्चय करें, जल का संचय करें' आदि नारे लगे। रैली के बाद सभी ने आसपास के पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर और बाहों का घेरा बनाकर जल संरक्षण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

## मेकॉन को सरकारी अन्वेषण एजेंसी के रूप में अधिसूचित किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मेकॉन को अब निर्माण क्षेत्र ही नहीं, खनन अन्वेषण क्षेत्र में भी अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिला है। इससे संबंधित अधिसूचना भारत सरकार ने जारी की है। ये बातें में मेकॉन के सीजीएम ने कही। सीजीएम शुक्रवार को मेकन सभागार में प्रेस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मेकॉन को भारत सरकार के खान मंत्रालय ने अधिसूचित सरकारी इन्वेंशन एजेंसी के रूप में सम्मानित किया है। पिछले 6 दशकों से मेकॉन खनन और खनिज उद्योगों में अयस्क बॉडी, मॉडलिंग, संसाधन संबंधी अनुमान , जमा मूल्यांकन खान योजना और डिजाइन, मिनरल, बनीफिकेशन, टीएएस एसडीओ चयन में परामर्श संबंधी संपूर्ण सेवाएं प्रदान कर रहा है। इस अधिसूचना के बाद मेकॉन को खनन क्षेत्र में इन्वेंशन से लेकर मिनरल वेरीफिकेशन और उससे



भी आगे सेवाओं का अवसर मिलेगा। मेकॉन देश में कोयला एवं खनिज भंडार की पहचान और खोज के माध्यम से राष्ट्रीय विकास में योगदान देगा। उन्होंने कहा कि मेकॉन ने राष्ट्रीय इस्पात नीति के अनुरूप 2030 तक भारत के 300 मैट्रिक टन लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि करने का लक्ष्य रखा है। 4.08 एमटीपीए कच्चे इस्पात विस्तार के लिए खरीद और अनुबंध इंजीनियरिंग सेवाओं के लिए सेल आईएसपी से पत्र प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि मेकॉन इस्पात यंत्रों में अपनी उपस्थिति 1960 के दशक में दर्ज कर चुका है।

## मांडू विस क्षेत्र के जिप सदस्य सर्वेश सिंह सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

# कांग्रेस और जेपी पटेल को भाजपा ने दिया करारा जवाब



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हजारीबाग जिला के दाड़ी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य सर्वेश सिंह और विष्णुगढ़ के मिशिलेश पाठक अपने सौकड़ों समर्थकों के साथ शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, पूर्व सांसद रवींद्र कुमार राय और बोकारो विधायक विरंची नारायण की उपस्थिति में दोनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिप सदस्य सर्वेश सिंह और मिशिलेश पाठक को पार्टी में शामिल कराकर भाजपा ने कांग्रेस और मांडू के भाजपा विधायक जेपी पटेल दोनों को करारा जवाब दिया है। जेपी पटेल हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए है।

**जेपी पटेल के कांग्रेस में जाने का नहीं होगा कोई असर : सर्वेश सिंह :** भाजपा में शामिल होने के बाद जिप सदस्य सर्वेश सिंह ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी में शामिल होने के बाद खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं, पीएम मोदी का गरीबों के प्रति जो भाव है, उससे मैं पहले से ही बहुत प्रभावित था। मैंने बिना किसी आकंक्षा और स्वार्थ के भाजपा में शामिल हुआ हूं। पार्टी एक बुथ कार्यकर्ता से लेकर जो भी दायित्व सौंपेगी उसका ईमानदारी और जिम्मेवारी के साथ पूरा करने का प्रयास करूंगा। एक सवाल के जवाब में सर्वेश सिंह ने कहा कि जेपी पटेल के कांग्रेस में शामिल होने का क्षेत्र में कोई असर नहीं होगा, जनता पहले से ही जनता है कि वे निजी स्वार्थ में कहीं भी जा सकते हैं। सर्वेश सिंह ने यह भी कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में मांडू में भाजपा का अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होगा।

### पहली बार गरीबों के चेहरे पर मुस्कान : आदित्य



राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने जिप सदस्य के पार्टी में शामिल होने का स्वागत करते हुए कहा कि सर्वेश सिंह का मांडू क्षेत्र में काफी लोकप्रिय समाजसेवी हैं। उनके आने से पार्टी को निश्चित रूप से फायदा होगा। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस तरह गरीबों के लिए कार्य कर रहे हैं, उससे देश के गरीबों के चेहरे पर पहली बार मुस्कान देखने को मिल रहा है। जबकि आज पीएम मोदी के हर योजना देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। आदित्य साहू ने कहा कि दस साल पहले गांव का कोई भी गरीब उम्मीद नहीं करता था कि उसका घर कभी बिजली से जगमगाएगा। उसके घर में शौचालय होगा, गैस चुल्हा और गैस होगा, लेकिन आज ये सुविधाएं हर गरीब के घर में मौजूद है।

### झारखंड की सभी सीट जीतेगी भाजपा : रवींद्र



पूर्व सांसद रवींद्र राय ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर जिप सदस्य सर्वेश सिंह और मिथिलेश पाठक को बधाई देते हुए कहा कि जेपी पटेल को कांग्रेस में जाने के बाद अवसर मिलने का इंतजार कर रहे लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा का हजारीबाग और मांडू में जीत का सिलसिला जारी रहेगा। समाजिक जीवन में अहम भूमिका निभा रहे लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं, इसलिए झारखंड में सभी 14 सीटों पर भाजपा की जीत तय है।

### होली गीत गाकर विधायक ने किया स्वागत

भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोकारो के भाजपा विधायक विरंची नारायण ने होली के गीत गाकर नये कार्यकताओं का जोरदार स्वागत किया । उनके गीतों पर मीडिया के लोग भी झुमते नजर आएं। विधायक ने कहा कि आज होली का त्योहार काफी बदल गया है।



25-30 साल पहले लोग नाली के कादो-कीचड़ से खूब होली खेलते थे, समूचा मुहल्ला घर से बाहर निकल पड़ता था, अब वह देखने को नहीं मिलता है। विधायक ने कहा कि होली हमें सारी दुश्मनी और गिले-शिकवे भूला कर सबको गले लगाने का महान पर्व है ।

# कांग्रेस में चार सीटों पर प्रत्याशी के नाम तय, घोषणा होली के बाद

### दुमका से प्रत्याशी चयन को लेकर हेमंत सोरेन अधिकृत

**उपेंद्र गुप्ता**

**रांची ।** झारखंड में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच सीट शेयरिंग की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। कांग्रेस के पांच तो झामुमो के दो प्रत्याशियों के नाम पर भी सहमति बन चुकी है। लेकिन प्रत्याशियों की घोषणा होली के बाद की जाएगी है। गठबंधन के नेताओं से मिली जानकारी के अनुसार सीट-बंटवारे के समझौते के अनुसार, कांग्रेस राज्य की सात सीट पर चुनाव लड़ेगी, जबकि झामुम पांच पर, राष्ट्रीय जनता दल एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) शेष दो सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। हालांकि उन्होंने किसी प्रत्याशी के नाम के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। लेकिन माना जा रहा है कि रांची से पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय का नाम लगभग फाइनल है । उसी तरह भाजपा के कांग्रेस में शामिल मांडू विधायक जेपी पटेल हजारीबाग से गठबंधन के प्रत्याशी हो सकते हैं। खूंटी में कालीचरण मुंडा और लोहरदगा में सुखदेव भगत प्रत्याशी बनाए जा सकते हैं।









### जेल से ही हेमंत के लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलें

दुमका लोकसभा सीट झामुमो के खाते में जरूर है, लेकिन प्रत्याशी को लेकर अभी संशय बना हुआ है, झामुमो हेमंत सोरेन को ही जेल से चुनावी मौदान में उतारेगी या कोई दूसरा प्रत्याशी होगा। तस्वीर स्पष्ट नहीं है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इस सीट पर जेल से ही हेमंत सोरेन लड़ सकते हैं। पार्टी की ओर से भी उनपर दबाव बनाया जा रहा है कि वह लोकसभा का चुनाव लड़ें। पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी के तमाम नेता व दुमका की जनता भी चाहती है कि हेमंत सोरेन लोकसभा का चुनाव लड़ें। जनता की चाहत से पूर्व मुख्यमंत्री को

### गांडेय से कल्पना सोरेन का उपचुनाव लड़ना तय

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का गांडेय विधानसभा का उपचुनाव लड़ना लगभग तय माना जा रहा है। यह पार्टी में भी तय हो गया है। हालांकि, आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं की गयी है। लेकिन जिस तरह कल्पना पिछले की दिनों से गांडेय विधानसभा क्षेत्र में दौरा कर रही है और जनसंपर्क अभियान में लगी हुई हैं, उससे तस्वीर पूरी तरह साफ है। इस अभियान में कल्पना के साथ गांडेय के पूर्व विधायक व राज्यसभा के सांसद डॉ सरफराज अहमद और गिरिडीह के विधायक सुदीव्य कुमार सोनू भी शामिल हैं।

### चार सीटों पर प्रत्याशी के नाम तय : आलमगीर आलम

कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने बताया कि पार्टी की ह्यस्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में कांग्रेस को राज्य की मिली सात सीट में से चार सीट के उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने कहा, 'हमने स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के दौरान चार सीटों खूंटी, लोहरदगा, रांची और हजारीबाग के उम्मीदवार के नाम को अंतिम रूप दिया है। शेष तीन सीटों पर निर्णय नहीं लिया जा सका। अब, उन्हें होली के त्योहार के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा।'

जिन तीन सीटों पर प्रत्याशी के नाम की चर्चा करना बाकि है, उसमें धनबाद ,गोड्डा और चतरा है। धनबाद से प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और ददई दुबे दो प्रमुख दावेदार बताएं जा रहे हैं, वहीं गोड्डा से दीपिका पांडेय और प्रदीप यादव मुख्य दावेदार माने जा रहे हैं ।चतरा सीट पर राजद के दावा ठोका है, राज्य में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता खुद को प्रत्याशी घोषित कर जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं।

## टाटा स्टील व प्रशासन को सरयू राय ने दी विद्युत सत्याग्रह करने की चेतावनी



**रांची।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने टाटा स्टील लिमिटेड और पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि 31 मार्च 2024 तक केबुल टाउन, गोलमुरी के घरों में बिजली का अलग-अलग कनेक्शन उपलब्ध करा दें। अन्यथा बाध्य होकर हमें इसके लिए विद्युत सत्याग्रह आरंभ करना पड़ेगा। सत्याग्रह के दौरान अप्रैल 2024 से केबुल टाउन के विद्युत उपभोक्ता उतना ही बिजली बिल देंगे, जितना बिल उनके बिजली मीटर में उठेगा। टाटा स्टील द्वारा नियुक्त नौ वेंडरों द्वारा बिजली मीटर का अतिरिक्त लिया जा रहा सेवा शुल्क वे नहीं देंगे। यदि वेंडरों को अतिरिक्त शुल्क देना ही है तो यह शुल्क टाटा स्टील लिमिटेड खुद दे क्योंकि वेंडरों की नियुक्ति टाटा स्टील ने ही की है।

## दिल्ली में मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले मांडू विधायक जयप्रकाश



**रांची ।** मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से दिल्ली में मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी में एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में शामिल हुआ हूं। पार्टी जिस काम में लगाएगी उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पूरा करूंगा।

## आसपास की दो सीटों पर ससुर-दामाद होंगे 'इंडिया' अलायंस के प्रत्याशी



**रांची।** झारखंड में आस-पास की दो लोकसभा सीटों, गिरिडीह और हजारीबाग, पर इस बार इंडिया अलायंस की ओर से ससुर मथुरा महतो और दामाद जयप्रकाश भाई पटेल की उम्मीदवारी तय मानी जा रही है। गिरिडीह सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के मथुरा महतो ने तो आधिकारिक तौर पर उम्मीदवारी घोषित होने के पहले ही प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी, गिरिडीह के विधायक सुदिव्य सोनू और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी चुनावी अभियान में उनके साथ शामिल हैं। हजारीबाग सीट पर कांग्रेस की ओर से जयप्रकाश भाई पटेल की उम्मीदवारी पर पार्टी में सहमति बन चुकी है। जयप्रकाश भाई पटेल फिलहाल मांडू के विधायक हैं।

## लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेतृत्व करने वाला राजा नहीं हो सकता : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेतृत्व करने वाला राजा नहीं हो सकता। महतो ने शुक्रवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सैनिक प्रकोष्ठ कांग्रेस के नेता सह निलय इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरपर्सन भूतपूर्व सैनिक



भीम मुंडा के साथ प्रदीप उरांव, प्रदीप कुमार, गंगाधर प्रसाद, अफरोज अंसारी (छोटू) समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुदेश कुमार महतो ने पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी वर्गों का पार्टी में जुड़ना अच्छा संदेश है। भीम मुंडा ने देश सेवा के बाद शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर काम किया है। सार्वजनिक जीवन में आने के लिए उनका पार्टी में स्वागत है। आजसू के सशक्त मंच के माध्यम से जनहित के लिए कार्य करें।

## लोकसभा चुनाव में अहम भूमिका निभाएगी छात्र आजसू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में शुक्रवार को अखिल झारखंड छात्र संघ रांची जिला समिति का बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, विशिष्ट अतिथि छात्र संघ के प्रभारी हरीश कुमार, रांची जिला प्रभारी गदाधर महतो एवं प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए छात्र संघ जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो ने कहा की अखिल झारखंड छात्र संघ रांची जिला समिति के पदाधिकारी सदस्य प्रखंड के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव में अपना अहम योगदान सुनिश्चित करेंगे। पार्टी के विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे एवं सांगठनिक चचाएं करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय सचिव सचिन भगत जी रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष दीपक कुमार महतो,रोशन सेठ, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष ताती, विनोद कुमार एवं अन्य लोग शामिल हुए।

### आजसू संयोजक का टाटीसिलवे में स्वागत

**रांची।** आजसू पार्टी की युवा प्रकोष्ठ के नव नियुक्त प्रदेश संयोजक व रांची जिला प्रभारी जब्बार अंसारी का टाटीसिलवाई के युवाओं ने स्वागत किया। नव नियुक्त संयोजक ने आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष को धन्यवाद देते हुऐ कहा कि मुझ जैसे एक साधारण कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देना आजसू पार्टी में ही सम्भव है। प्रदेश संयोजक ने कहा कि वर्तमान सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है, सभी प्रतियोगिता परीक्षाओ में जो भी गड़बड़ियां हुई है उसमें सरकार व सरकार के लोग की संलिप्तता हैं।

# जेपीएससी पीटी के प्रथम व द्वितीय पाली के 22 प्रश्न रिपीट, रद्द करें परीक्षा : मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स के जरिए हाल में लिए गये जेपीएससी परीक्षा (पीटी) को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने लिखा है कि राज्य के मुख्य सचिव तत्काल मामले का संज्ञान लेकर छात्रों के हित में प्रारंभिक परीक्षा रद्द करें। बाबूलाल मरांडी ने इस परीक्षा की जांच को लेकर पूर्व में सीबीआई जांच का आग्रह भी मुख्य सचिव से किया था। मरांडी ने लिखा है कि जेपीएससी ने अधूरी तैयारी के साथ परीक्षा आयोजित कराई, जिसमें कई अनियमितता देखने को मिली। उन्होंने लिखा है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि जेपीएससी के प्रश्न पत्र परीक्षा के दो घंटे पूर्व ही फेसबुक पर अपलोड कर दिए गए हैं। एक और सूचना है कि प्रथम पाली तथा द्वितीय पाली की परीक्षा में सामान्य अध्ययन के 22 प्रश्न रिपीट हो गए हैं। साथ ही चार प्रश्न भी गायब हैं। परीक्षा से दो घंटे पहले पेपर लीक होने और 22 प्रश्नों के रिपीट होने से परिणाम में बड़ा अंतर आ सकता है।

### हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल में बहुत सारी समानताएं : प्रतुल शाहदेव



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को सत्ताधारी गठबंधन पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड और दिल्ली में बहुत सारी समानताएं हैं। प्रतुल ने कहा कि जहां हेमंत सोरेन ने ईडी के 10 समन को नजरअंदाज किया था, वहीं अरविंद केजरीवाल ने भी नौ समन को नजरअंदाज किया। प्रतुल ने कहा कि केजरीवाल ने 'दवा से दारू' और 'मोहल्ला क्लीनिक से महल तक' का लंबा राजनीतिक सफर तय कर लिया। शराब नीति में बड़ा परिवर्तन करके अरबों रुपये का राज्य सरकार को नुकसान पहुंचाने के आरोप में आज वह गिरफ्तार हो गए हैं। प्रतुल ने कहा कि हेमंत सोरेन ने यहां के आदिवासी मूलवासी को जल, जंगल और खनिज संपदा पर हक देने की बात कही थी लेकिन उल्टे वह खनिज संपदा को हथियाने में लग गए। केजरीवाल और हेमंत वैसे नेताओं की श्रेणी में आते हैं जो भ्रष्टाचार करते हैं और बाद में अत्याचार का नारा लगाते हैं। प्रतुल ने झामुमो पर तंज करते हुए कहा कि कांग्रेस के अकाउंट फ्रीज के मुद्दे पर बोलने का उसको तो नैतिक अधिकार ही नहीं। क्योंकि, झारखंड मुक्ति मोर्चा डीबीटी यानी डायरेक्ट वसूली पर विश्वास रखती है।

## न्यूज बॉक्स

### पत्थर कारोबारी टिंकल भगत की जमानत अर्जी पर जवाब के लिए ईडी ने मांगा समय



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में साहिबगंज के पत्थर कारोबारी टिंकल भगत जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में याचिकाकर्ता और ईडी की ओर से पक्ष रखा गया। ईडी ने याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए कुछ बिंदुओं पर जवाब के लिए समय मांगा। जस्टिस एसएन प्रसाद की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 अप्रैल निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अवैध खनन का यह मामला शेड्यूल ऑफेंस में नहीं आता है। जिस प्लॉट पर अवैध माइनिंग की बात कही जा रही है वह प्लॉट सरकार से लीज पर लिया गया था। याचिकाकर्ता को झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से दो प्लॉट पर माइनिंग के लिए कॉन्सेंट टू ऑपरेट भी मिला है। उनकी ओर से इस संबंध में दस्तावेज भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। याचिकाकर्ता को ईडी ने समन कर तीन बार बुलाया था, जिसपर वह ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। मामले के एक सह आरोपित कृष्णा साहा को हाई कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। इसलिए याचिकाकर्ता को भी जमानत दी जाए। ईडी की विशेष अदालत ने पूर्व में टिंकल भगत जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की गई है। मामले में ईडी ने टिंकल भगत के खिलाफ दो सितंबर, 2023 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। टिंकल साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले से जुड़ा है।

### झारखंड हाई कोर्ट से पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव को बड़ा झटका, याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता योगेन्द्र साव को बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट की डबल बेंच ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने बड़कागांव से जुड़े एनटीपीसी भूमि अधिग्रहण केस में रांची सिविल कोर्ट द्वारा दी गई सजा को रद्द करने की मांग की थी। जस्टिस रत्नाकर भेंगरा और जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में शुक्रवार को क्रिमिनल अपील पर सुनवाई हुई। योगेन्द्र साव की ओर से अधिवक्ता विशाल तिवारी ने बहस की। योगेन्द्र साव की ओर से हाई कोर्ट के इस आदेश को चुनौती दी जा सकती है। हाई कोर्ट के आदेश के बाद अब योगेन्द्र साव के चुनाव लड़ने पर रोक जारी रहेगी।

### झारखंड हाई कोर्ट ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका की खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने छवि रंजन की जमानत याचिका खारिज कर दी। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। ईडी ने इनके खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन और अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे, जिसके बाद 14 अप्रैल को ईडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

### झारखंड हाई कोर्ट ने पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका की खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने मामले में ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया गया है। ईडी ने जांच में पाया था कि कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था, जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था। बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीद-बिक्री की गई थी।

### कोर्ट में अमित अग्रवाल की जमानत पर सीबीआई ने जवाब के लिए मांगा समय

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में अधिवक्ता राजीव कुमार कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा की ओर से दर्ज मामले में अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में सीबीआई ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय मांगी। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 26 अप्रैल निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिंह एवं अधिवक्ता अभिषेक अग्रवाल ने पैरवी की। इस मामले में अमित कुमार अग्रवाल सात दिसंबर, 2023 से जेल में है। मामले में सीबीआई की दिल्ली ब्रांच के ने रांची की सीबीआई कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया है। चार्जशीट में सीबीआई ने कैश कांड के मुख्य आरोपित कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल के साथ अधिवक्ता राजीव कुमार को भी आरोपित बनाया है। साथ ही अमित अग्रवाल की एक कंपनी का भी नाम चार्जशीटेड है। अमित अग्रवाल वर्तमान में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद है। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपये नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसमें अमित अग्रवाल की संलिप्तता थी। एक साजिश के तहत अमित अग्रवाल ने राजीव कुमार को रांची से कोलकाता बुलाया और उन्हें गिरफ्तार करवा दिया था। सीबीआई की दिल्ली शाखा ने अमित अग्रवाल के खिलाफ 20 जनवरी, 2023 को प्राथमिकी दर्ज की थी।

### शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर सुनवाई 19 को



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से पक्ष रखा गया। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 19 अप्रैल निर्धारित की है। ईडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। मामले में ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है। योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीका से जमीन की खरीद-बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने का खुलासा ईडी की जांच में हुई है। मामले में ईडी ने 8/2023 दर्ज किया है। 19 अक्टूबर को पूछताछ के क्रम में ईडी ने योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद 14 दिनों तक ईडी ने रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की थी। इसके बाद उसे जेल भेजा गया था। पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के सहयोग से राज्य के 19 जिलों में थोक शराब का टेंडर योगेंद्र तिवारी ने लिया था।

## एक नजर

### बीजेपी के कई दिग्गज चेहरे पहुंचे सांसद प्रत्याशी मनीष से मिलने



**हजारीबाग।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के हजारीबाग स्थित आवासीय परिसर में गुरुवार को प्रदेश भाजपा विधायक दल के नेता सह चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी, भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही, गोड्डा विधायक अमित मंडल और हटिया विधायक नवीन जायसवाल पहुंचे।सभी विधायकों ने सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल से चुनावी मंत्रणा की और आगे की रणनीति पर विशेष चर्चा- परिचर्चा की। मनीष जायसवाल के आवास पहुंचने पर सभी विधायकों का भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने भव्य स्वागत भी किया। सभी भाजपा विधायकों ने एक स्वर में कहा कि एनडीए के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से ऐतिहासिक जीत होगी।

### किड्स वर्ल्ड विद्यालय के सफल विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

**रामगढ़।** शहर के बाजार टांड स्थित किड्स वर्ल्ड हाई स्कूल में बच्चों के वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की गई। जिसमें विद्यालय के सभी वर्गों के विद्यार्थी एवं अभिभावकगण शामिल हुए। कार्यक्रम की शरूआत विद्यालय के संस्थापक भीम महतो ने दीप जलाकर किया। बतौर मुख्य अतिथि पंकज महतो एवं विद्यालय के निदेशक आनन्द कुशवाहा ने वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा करते हुए संयुक्त रूप से बच्चों के बीच पुरस्कार बांटा। सत्र 2023-24 में जूनियर वर्ग में उदयति कुमारी, कुमार विवान एवं अंशिका साहू 100 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से विद्यालय में अव्वल रहें। सीनियर वर्ग में मनन्त गुप्ता 98.8 प्रतिशत अंक के साथ अव्वल रही। इसके अलावा अन्य कार्यो के लिए सम्मानित किया गया।

### उम्मीद विद्यालय के विशेष बच्चों को दिया गया खिलौना व लर्निंग मटेरियल

**रामगढ़।** शांतिधारा फाउन्डेशन के सौजन्य से सुभाष चौक स्थित उम्मीद विद्यालय के विशेष बच्चों को उपहार स्वरूप खिलौने तथा लर्निंग मटेरियल प्रदान किए गए। संस्थापक एवं अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल तथा कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद लाल अग्रवाल ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के अवसर पर गिफ़्ट ए स्माइल कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपहार प्राप्त कर बच्चे काफी खुश थे तथा उनकी माताएं भी प्रसन्न थीं। विद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार ने शांतिधारा फाउन्डेशन का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका कुमारी सारिका झा, रिंकी कुमारी, आशीष कुमार, अभय शर्मा, माही कुमार, कुन्दन कुमार, तौसिफ आलम, अबु तालिब, फरदीन खान, आकाश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



# नाई समाज के होली मिलन समारोह में राजनीति पर चर्चा

**हजारीबाग।** भारतीय नाई समाज ने भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के प्रतिमा स्थल कपूर्री चौक नुरा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस आयोजन में कपूर्री प्रेमी और पूरे नई समाज के लोग शामिल हुए। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने सभी लोगों को होली की शुभकामना देते हुए कहा कि भारतीय सर्वजन विकास पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते मैं कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय शर्मा के निर्देश पर हमारी पार्टी पूरे देश में लोकसभा प्रत्याशी देगी। हजारीबाग लोकसभा से मैं प्रत्याशी हूं। हजारीबाग से पूरे झारखंड प्रदेश में भी हमारे ने निर्देश दिया है कि पूरे झारखंड के लोकसभा में 14 सीट है सभी सीटों पर भारतीय सर्वजन विकास पार्टी अपना प्रत्याशी देगा राष्ट्रीय अध्यक्ष के निदेर्शानुसार हजारीबाग से लोकसभा प्रत्याशी मैं बनूंगा। समारोह में जिलाअध्यक्ष नरेश ठाकुर अधिवक्ता, केश कला बोर्ड के जिला अध्यक्ष मुना ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष सीताराम ठाकुर, राहुल ठाकुर, सतीश ठाकुर, प्रह्लाद ठाकुर, पिंकी राणा, मनसा देवी, मंजू देवी, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष ठाकुर जितेंद्र ठाकुर सहित ओबीसी परिवार, कपूर्री प्रेमी और नाई समाज से कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**झारखंड के लोकसभा में 14 सीट है सभी सीटों पर भारतीय सर्वजन विकास पार्टी अपना प्रत्याशी देगी**

### मिलावटी खाद्य पदार्थों से भरा पड़ा है बाजार

**रामगढ़।** रंगों के त्योहार होली में रंग खुशियां लेकर आते हैं। लेकिन कई बार होली के दौरान खाद्य सामानों में रंग और रसायन की मिलावट व अबीर-गुलाल में हानिकारक पदार्थ कई तरह की बीमारियों का कारण बन जाते हैं। होली आते ही मसाले, रंग-गुलाल से लेकर दूध, दही, पनीर व मिठाई तक में मिलावट होने लगती है। इस दौरान बाजार मिलावटी सामानों से भर जाता है। तेलों में पाम आयल तो मसालों में रंग व केमिकल। वहीं दूध में शैम्पू व चॉक की मिलावट तो सब्जियों में रसायन युक्त रंगों और इंजेक्शन का इस्तेमाल अब इतना खुलेआम होता है जैसे ये चीजें आम हो। जिसका खामियाजा इन सामानों को उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ता है। इससे कई विभिन्न किस्म की बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। रंग-गुलालों में कृत्रिक व रासायनिक पदार्थो के मिलावट से त्वचा संबंधी रोग होते हैं। इस मिलावट के कारोबार से आम आदमी सहित व्यापारी वर्ग भी परेशान है।

## न्यूज बॉक्स

### सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन




**रामगढ़।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं सहित स्थानीय प्रबंध समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों की सहभागिता रही। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा एवं प्राचार्य उमेश प्रसाद ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर संयुक्त रूप से समारोह का शुभारंभ किया। अतिथियों ने सबों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली रंगों का उत्सव है। इसे सभी भाईचारे के साथ प्रेम एवं उत्साहपूर्वक मनाएं और आचार्य,बच्चों के जीवन में ज्ञान-विज्ञान, अनुशासन, संस्कार का नया रंग भरने का संकल्प लें।उन्होंने तमाम अभिभावकों एवं बच्चों को भी होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय की बहनों एवं दीदी जी द्वारा मनमोहक संगीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन गायत्री कुमारी, अतिथि परिचय प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं धन्यवाद ज्ञापन मिथिलेश कुमार खन्ना ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्या शुक्ला चौधरी,अमृता चौधरी,कुमारी सुमन, रेखा कुमारी, रानी कुमारी,आरती झा,डॉ गायत्री पाठक,ललिता गिरि,शेखर कुमार,शशि कान्त, अनूप झा,मनीष सिंह आदि की प्रमुख भूमिका रही।

### विधायक के प्रयास से प्रवासी मजदूर के परिजनों को मिली सहायता राशि



**बरकट्ठा।** प्रखंड के कपका निवासी दयाल महतो, पिता रामा महतो, उम्र 45 वर्ष की मौत मुंबई में पिछले महीने हो गई थी। तत्पश्चात शव परिवार के लोगों ने हवाई जहाज से लाया था। ज्ञात हो, दयाल महतो घर का इकलौता कमाऊ था। उनकी मृत्यु के बाद परिजनों ने सरकारी सहायता के लिए आवेदन किया था।वहीं माले विधायक विनोद सिंह ने परिजनों के लिए सरकारी सहायता राशि के लिए विशेष रुचि लेकर अधिकारियों से बात कर जल्दी से मुआवजा की राशि देने की बात की थी। राज्यकर्मी विकाश पासवान ने भी दिलचस्पी दिखाते हुए सहयोग की और उनके परिजनों को उक्त राशि 50 हजार रुपया मिली। इसके लिए परिजनों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

### बरही के लोग शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं होली : थाना प्रभारी



**बरही ।** बुराई के ऊपर अच्छाई के प्रतीक होली के त्योहार को शांति, सद्भाव और सौहार्द से मनाएं. उक्त बाते इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने कही. उन्होंने अपील किया कि होलिका दहन का कार्यक्रम किसी भी विवादित स्थल पर नहीं करे. साथ ही होली गीत के दौरान फूहड़ या अमर्यादित शब्द का प्रयोग नहीं करे. जिससे किसी भी व्यक्ति/समाज/धर्म के लोगो की भावना आहत हो. इसके साथ ही सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से किसी भीं प्रकार का अफवाह अथवा सामाजिक समरसता को भंग करने वाली बातें न तो फैलाए और न ही ऐसे बातो पर ध्यान दें. इस प्रकार के मामला सामने आने पर स्थानीय प्रशासन को अवश्य सूचना दें. इसकी सूचना कंट्रोल रूम को 8002529349 पर व्हाट्सएप दे या 100 नंबर पर डायल करके सूचना दें. सूचना देनेवालों का नाम गुप्त रखा जायेगा. इसके साथ ही शराब अथवा मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने तथा अभिभावकों से बच्चो के वाहन परिचालन से दूर रखने का अपील किया है. उन्होंने कहा कि शांति और सौहार्द बिगाड़ने वालों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर झामुमो की बैठक



**हजारीबाग।** शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा हजारीबाग जिला समिति की बैठक हीराबाग स्थित झामुमो कार्यालय में संपन्न हुई।अध्यक्षता संयोजक मंडली के मुख्य अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया एवं संचालन संयोजक मंडली के सदस्य नीलकंठ महतो ने किया। बैठक में आगामी 4 अप्रैल को पार्टी के 44 वें स्थापना दिवस धूम-धाम से मनाने को लेकर चर्चा हुई. मौके पर झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस दुमका,गिरीडीह,धनबाद के साथ साथ हजारीबाग में भी मनाया जाता है. इसी क्रम में पार्टी का 44वां स्थापना दिवस हजारीबाग में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन एवं पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष कल्पना सोरेन समेत झारखंड सरकार के तमाम मंत्री शामिल होंगे। मौके पर मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल ,बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, मुकेश रावत, डाड़ी प्रखंड अध्यक्ष लखनलाल महतो , विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी, पूर्व जिला परिषद सदस्य सह झामुमो नेत्री यशोदा देवी, कुदूस अंसारी ,वीरेंद्र राणा ,अजय साव ,सदाम हुसैन, जिला 20 सूत्री सदस्य देवीराम हेमरम,प्रखंड सचिव संजय प्रजापति ,राजा खान,बंशी मेहता ,ईश्वर गांझू,रूबी परवीन, नजमा खातून,अर्चना कुमारी समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी आजसू

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर एनडीए की सहयोगी पार्टी आजसू के केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग विधानसभा के प्रभारी नमन ठाकुर पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। कहा कि सिंदूर स्थित आजसू कार्यालय लोगों की सेवा के लिए हमेशा खुला है।इस प्रधान कार्यालय में 247 आईटी तथा हेल्प सेंटर बनाया गया है।पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो का सपना है की आजसू हर घर जा कर लोगो की समस्या सुने और उसका समाधान भी कराए ।आगामी लोकसभा चुनाव में हम अपने सहयोगी बीजेपी के मनीष जायसवाल के साथ हर कदम पर खड़े है तथा एनडीए के उम्मीदवार मनीष जायसवाल लगभग 5 लाख से ज्यादा मतों के अंतर से यह चुनाव जीतेंगे। पार्टी कार्यालय में होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता जुटे थे। कार्यक्रम में उपेंद्र शुक्ला,कुंदन सिंह,नीरज कुमार,सुहानी एक्का समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### आईसेक्ट विवि में होली मिलन समारोह का आयोजन

# जीवन में रंग भरने के लिए एकजुट होने की जरूरत : डॉ मुनीष




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
होली का त्यौहार आने के पहले ही शहर के साथ साथ पूरा हजारीबाग जिला होली के रंगों में रंग चुका है। हर ओर होली मिलन समारोह के जरिए आपसी भाईचारा और खुशियां बांटने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं व कर्मियों के अलावा समारोह में शामिल तरबा-खरबा, महेशरा, जिनगा, कबिलासी, हरली, सिलवार, रामदेव-खरिका, मेढकुरी, हुटपा, मेरू सहित अन्य जगहों से आए मुखिया, प्रतिनिधियों, पंसस, समाजसेवी, शिक्षाविद् व अन्य बतौर अतिथि कार्यक्रम में शामिल हो कर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाए और होली की बधाई व शुभकामनाएं दी। बता दें कि इस खास मौके पर विभिन्न पंचायतों के मुखिया, प्रतिनिधियों, पंसस, समाजसेवी व बुद्धिजीवियों का आगमन होली मिलन समारोह को और खास बना दिया। इस अवसर पर लजीज पकवान और व्यंजनों का भी लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने इस बात पर जोर दिया कि हम सभी को जाति, पंथ, धर्म और नस्ल से ऊपर उठकर ऐसे मौकों पर वंचित लोगों के जीवन में रंग भरने के लिए एकजुट होने की जरूरत है।

### नौ दिवसीय महायज्ञ भंडारे के साथ हुआ संपन्न

# अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ देर रात तक चला भंडारा



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
पूर्णाहूति व विशाल भंडारे के साथ भगवती मंदिर सेवा संस्थान की ओर से आयोजित श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह 14वें बरही महोत्सव शुकवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. अहले सुबह से ही महायज्ञ समिति के अधिकारी और कार्यकर्ता हवन-पूणार्हुति व महाभंडारा की तैयारी में लगे थे. यज्ञाचार्य जयनंदन मिश्रा व टीम के मंत्रोच्चारण के बीच करीब 10 बजे हवन प्रारंभ हुआ जो अपराह्न दो बजे तक चला. जिसमे उपस्थित यजमानों ने हवन की आहुति दी. महायज्ञ विसर्जन के साथ महाभंडारा की शुरूआत हुई, जिसमें प्रसाद ग्रहण करने के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. जो देर रात तक चलता रहा. महायज्ञ सह बरही महोत्सव के अंतिम दिन मेले में भीड़ उमड़ पड़े थे. विधि व्यवस्था संभालने के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ महायज्ञ के कार्यकर्ता तत्पर रहे. महायज्ञ संपन्न करवाने में संरक्षक सुरेंद्र रजक, रमेश ठाकुर, अध्यक्ष बिपिन कुमार सिन्हा, बलराम केसरी, मनोज उपाध्याय, रवि कुमार, हीतेश कुमार आदि सहित महायज्ञ समिति के कार्यकर्ताओं व अधिकारियों ने महत्वपूर्ण जिम्मेवारी निभाई.

### हनुमान सेना हजारीबाग रोड की बैठक हुई संपन्न

# राजेश केशरी उर्फ मेवालाल बने अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
हजारीबाग रोड में बजरंगबली मंदिर के प्रांगण में एक बैठक रखी गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामनवमी में मेला, झांकी एवं साफ सफाई का भी ध्यान विशेष रूप से रखा जाएगा और त्योहार पूरे धूमधाम से मनाया जाएगा। स्वर समिति से चुनाव किया गया। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए राजेश केशरी उर्फ मेवालाल, कोषाध्यक्ष रंजीत केसरी, महामंत्री मोती सिंह को चुना गया।उपकोषाध्यक्ष लोकेश ठाकुर, उप महामंत्री अमित सिंह उर्फ छोटू, उपाध्यक्ष कालीचरण ठाकुर, उपाध्यक्ष उपेंद्र राणा, राजवंशी सिंह को मनोनीत किया गया। वहीं संरक्षक के रूप में गुड्डू केसरी, महासंरक्षक मुखिया शमशेर आलम, राजकुमार केसरी, विजय सिंह, सीताराम सिंह, कैलाश सिंह, नागेश्वर केशरी, प्रमोद सिंह, नवीन सिंह को बनाया गया। वहीं सक्रिय सदस्य के रूप में रंजीत केसरी, सूरज पांडे, रिंकू पांडे, सोनू मालाकार, रंजीत सोनी, जितेंद्र केसरी, राजेश सोनी, मनोज सोनी, पिंटू चंद्रवंशी, विनोद केसरी, गौतम केसरी, गुड्डू केसरी, नवीन सिंह, रंजीत केसरी उर्फ बाबू, शशि सोनी एवं समस्त हनुमान सेना के सभी सदस्य को बनाया गया।

### होली की गीत ने उपस्थित सभी लोगों को किया सरोबार...

# अबीर-गुलाल लगाकर खूब मनाया जश्न




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा लारी के बहुउद्देशीय सभागार में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा के द्वारा डॉ. एस राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प तथा रंग-गुलाल अर्पित कर किया गया। साथ ही महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, व्याख्याता तथा बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षुओं ने भी डॉ. एस राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित रंग-गुलाल अर्पित किया। प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा ने सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं एवं मिलजुल कर मनाने की बात कही। इसके बाद समारोह में बीएड के संगीत के सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा द्वारा होली भजन होरी खेलत नंदलाल, मत मारो पिचकारी गीतों से समारोह में उपस्थित सभी लोगों को सरोबार किया। उपस्थित सभी लोगों ने भजन-कीर्तन, होली गीत, मिठाई खाकर को गुलाल लगाकर अनुशासित ढंग से समारोह का आनंद उठाया तथा एक-दूसरे को बधाई दिया। इस मौके पर महाविद्यालय के बीएड के सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो, संजु रंजना होरो, मो. परवेज अख्तर, डॉ. अशोक राम, संजु उरांव एवं डीएलएड के व्याख्याताा मुरारी कुमार दूबे, सुप्रिया वर्मन, बाबुचन्द प्रसाद, प्रतिभा कुमारी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में निकिता कुमारी (कार्यालय अधीक्षक), श्रेया गुप्ता (लेखापाल), निशा कुमारी (पुस्तकालयाध्यक्ष), उमेश कुमार, पवन कुमार (तकनीकी सहायक), मुनीता कुमारी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, पंकज करमाली, निर्मल महतो (माली) बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहें।

### ए-1 क्लासेस में विदाई सह होली मिलन समारोह आयोजित

# छात्र अपनी पढ़ाई व मेहनत से लक्ष्य पूरा करें : जय कुमार




**10वीं के परीक्षार्थियों का किया गया कैरियर काउंसलिंग**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** धनबाद रोड कोनरा डीवीसी में संचालित ए-1 क्लासेस में विदाई सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. साथ ही 10वीं की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों का कैरियर काउंसलिंग भी किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन के साथ हुई. जिसमे सीनियर विद्यार्थियों ने जूनियर विद्यार्थियों के बीच अपने अनुभव साझा किया. इस दौरान संस्था के के शिक्षण व्यवस्था, गुणवत्ता की भी चर्चा किया. सबों ने संस्थान के शिक्षण व्यवस्था की तारीफ करते हुए शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया. शिक्षक जय कुमार ने विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करने की सलाह दी. उन्होंने बताया कि परीक्षा से लेकर नामांकन के बीच परिक्षार्थियों को समय मिलता है. इस दौरान कंप्यूटर जैसे तकनीकी कोर्स करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि बच्चे अपनी पढ़ाई से जीवन के लक्ष्य को पूरा करें ताकि आगे चलकर अपना नाम रोशन करें। शिक्षिका सरस्वती मैम ने डिप्लोमा, पॉलीटेक्निक, आईटीआई आदि क्षेत्रों की जानकारी दिया. पप्पू सर ने भी परिक्षार्थियों को विभिन्न कोर्स की जानकारी देते हुए रूचि के आधार पर कोर्स चयन करने की बात कही. निदेशक अर्जुन गुप्ता ने सबों को परीक्षा के बेहतर परिणाम की शुभकामनाएं दी. साथ ही समय का सदुपयोग करते हुए अभी से ही प्रतियोगी बनने की सलाह दिया. उन्होंने बताया कि वर्तमान समय प्रतियोगिता का है, ऐसे में लक्ष्य निर्धारित कर परीक्षा की तैयारी में जुट जाना अच्छे विद्यार्थियों की पहचान है. साथ ही परिस्थिति के अनुसार अंग्रेजी और ग्रामर को मजबूत करते हुए स्किल प्रशिक्षण पर जोर दिया. कार्यक्रम में गुनगुन, पूजा, सृष्टि आदि ने भी अपने पढाई के बारे में अपना अनुभव साझा किया.

### होलिका दहन 24 और होली 26 मार्च को मनाया जाएगा

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र में रंगो का पर्व होली 26 मार्च को मनाया जाएगा इस वर्ष होलिका दहन 24 मार्च रविवार को रात 10 बजकर 28 मिनट बाद यानी भद्रा नक्षत्र समाप्त होने के बाद होलिका दहन शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा और होलीका दहन महापर्व 26 मार्च को मनाया जाएगा। कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति झरपो के राधा कृष्ण मंदिर ग्राम झरपो के महंत सह पुजारी रामलखन पांडेय,जगदीश मिश्र ,मनोज पांडेय, वकील पांडेय, रामचंद्र पांडेय, कौलेश्वर मिश्र, सुरेश पांडेय, महेंद्र पंडा, रामचंद्र पांडेय, चतुर्भुज पांडेय, पंकज पांडेय, अशोक पाण्डेय, लक्ष्मी पांडेय ने कहा की पूर्णिमा 24 मार्च रविवार को दिन 9 बजकर 23 मिनट से 25 मार्च सोमवार को दिन 11 बजकर 31 मिनट तक है दोनो दिन पूर्णिमा रहने के कारण होली चैत माह की प्रतिपदा 26 मार्च को मनाया जाएगा।

### डिवाइन पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

# प्रधानाचार्य ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल का शुक्रवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सरस्वती वंदना के बाद परीक्षा फल घोषित की गई। इस दौरान डायरेक्टर इंद्रदेव प्रसाद भारती ने अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए छात्रों और अभिभावकों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए नई शिक्षा तकनीक,अधिक मेहनत, परिश्रम और लगन के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया की कक्षा नर्सरी से राधिका, सुधांशु, एल्केजी से सागर सिंह, सुहानी, यूकेजी से रितिका, रुक्मणि, तथा कक्षा 1 से आशीष राज, अरशद सिद्दीकी, कक्षा 2 से प्रांशु, सागर कक्षा 3 से आनंद कुमार, चन्दन कुमार, कक्षा 4 से आदित्य कुमार, ऋषि कुमार, कक्षा 5 से रौनक यादव, सत्यम राज, कक्षा 6 से परी वर्मा, आर्य कुमारी, कक्षा 7 से सुशांशु, बादल कुमार, कक्षा 8 से दिवाकर कुमा, हेमंत कुमार, शिवम कुमार, कक्षा 9 से कृष्णन्दन प्रसाद, भूमिका कुमारी, तथा कक्षा 11 से कृतिका राज और मनीषा कुमारी ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य स्वाती ने सभी उर्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा उज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### नियमित जांच से ही हो सकता है मिलावट करने वालों का खेल खत्म

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया निज प्रतिनिधि। पर्व, त्योहारों में खाद्य सामग्रियों में मिलावटी का खेल बढ़ जाता है। इसको लेकर हिन्दुस्तान द्वारा शुरू किये गए मुहिम के तहत झुमरी तिलैया शहर में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खेल को उजागर किया गया था। आज इसके अंतिम दिन हिन्दुस्तान द्वारा डिजिटल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें कई कारोबारी, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धजीवी व पदाधकारी से बातचीत की गई और इसपर उनके विचार लिये गये। सभी ने एक स्वर में मिलावटी खाद्य सामग्रियों पर रोक लगने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर इस पर नियमित जांच हो तो मिलावट के खेल में कमी आ सकता है।

### पुलिस ने अवैध नकली शराब से भरी कार को किया जब्त एक महिला गिरफ्तार

**कोडरमा।** ओर अवैध और नकली शराब ले जाने के लिए माफिया सक्रिय हो गए हैं। पुलिस और उत्पाद विभाग के छापेमारी में लगातार ऐसे शराब की बरामद की जा रही है। इसी तरह का मामल करीब सात बजे तिलैया पुलिस ने बाईपास स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के निकट गुप्त सूचना पर एक चार पहिया वाहन स्कोड़ा से भारी मात्रा में नकली शराब जब्त किया है। इस दौरान पुलिस ने इस धंधे में शामिल एक महिला को भी गिरफ्तार किया है। जबकि वाहन पर सवार दो लोग भागने में सफल रहे।

### विभिन्न कॉलेजों में छात्र छात्राओं ने ली नैतिक मतदान की शपथ

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर डीसी मेघा भारद्वाज के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर विभिन्न तरह के मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन जारी है। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ोतरी को लेकर जिले के विभिन्न कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से मतदान से संबंधित और ईवीएम, वीवीपैट से संबंधित कई वीडियोज दिखाकर नैतिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैजनाथ प्रसाद कॉलेज, झारखंड विधि कॉलेज, आरएलएसवाई इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को नैतिक मतदान के लिए शपथ दिलाई गई।

### भाजपा नेता महाबीर राम की मनी 15वीं पुण्यतिथि

**कोडरमा/ जयनगर।** रेभानाडीह निवासी भाजपा नेता और पासवान जनकल्याण समिति के संस्थापक स्व महाबीर राम पासवान की 15वीं पुण्य तिथि उनके रेभनाडीह स्थित आवास पर समाजसेवी और परिजनों ने मनाई। शुरूआत स्व. महाबीर राम पासवान के तस्वीर पर पासवान जन कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष सह पूर्व मुखिया बालालखेंद्र पासवान, मुखिया संगीता कुमारी, आरती देवी, समिति के संयोजक राजकुमार पासवान, हरि पासवान ने माल्यार्पण कर और पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

## स्कूल के बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

# बच्चों को दिलाई गई पर्यावरण संरक्षण की शपथ



### शिक्षक ने कहा- प्रकृति को नष्ट करके नहीं, उसे सुरक्षित रखकर जीवन जीना हमारा दायित्व है

**नवीन मेल संवाददाता। बानो** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत राज्य परियोजना ने बानो जलडेगा प्रखंड से चयनित 20-20 विद्यार्थियों को रांची में तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया. इस दौरान बच्चों को राजधानी रांची के राजभवन, रॉक गार्डन, साइंस सिटी, हिरण पार्क खूंटी, मछली घर, बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी, वाइल्ड वादी तुपुदाना का भ्रमण कराया गया. बानो बीपीओ निर्मला लिंडा,जलडेगा बीपीओ आशा बिलुंग व फुलेंद्र कुमार साहू के नेतृत्व में भ्रमण पर आए बच्चों ने किताबों में काल्पनिक रूप से वर्णित जीव जंतुओं को दे। अपने खुले आंखों से देखकर रोमांचित हुए। वहीं विद्यालय के शिक्षक फुलेंद्र कुमार साहू ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। साथ ही बच्चों को बताया गया की प्रकृति प्रदत्त चीज हमारे चारों ओर मौजूद है। जैसे वायु, जल, वनस्पतियां, जीव जंतु सभी पर्यावरण के घटक है। इन सबसे मिलकर पर्यावरण की रचना हुई है। उन्होंने कहा कि प्रकृति को नष्ट करके नहीं, उसे सुरक्षित रखकर जीवन जीना हमारा दायित्व है। श्री साहू ने बताया कि वन भोज के आयोजन से बच्चों में बौद्धिक मानसिक व दार्शनिक ज्ञान का बौद्ध होता है। साथ ही जैविक उद्यान में आने से बच्चों में जीवों के प्रति प्रेम व दया की भावना बढ़ती है। इस दौरान बच्चों ने लजीज भोजन का आनंद उठाया इस भ्रमण से बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। मौके पर मुख्य रूप से बीपीओ आशा बिलुंग,फुलेंद्र कुमार साहू, पार्वती सिंह, मधुसूदन महतो, प्रभा कांडुलना आशा बिलुंग,मंजु ,एरिका,मो शमीम आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### तैलिक समाज का होली मिलन समारोह, अबीर व फूलों की खेली होली

**कोडरमा।** तैलिक समाज के द्वारा भामाशाह भवन में गुरूवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नगर कमिटी के नगर अध्यक्ष मनोज साव के देख-रेख में हुई। कार्यक्रम में गायक राकेश राजपूत के टीम ने होली के गीतों से लोगों का मन मोहा। वहीं महिलाओं ने थिरकाए कदम 'राधा का रंग कृष्ण के संग थीम पर होली खेली। मौके पर समाज के लोगों ने अबीर व फूलों की होली से सराबोर रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जीपअध्यक्षक शालिनी गुप्ता शामिल हुई। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से समाज लोग एक दूसरे से जुड़ते हैं। इस मौके पर अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी गई। मौके पर जिला अध्यक्ष भीम साव,, पूर्व जिलाध्यक्ष अर्जुन साव,विजय साव,बेदू साव, दिलीप साव, भोला साव , संतोष साव संतोष साव,गजेंद्र साव , मथुरा साव डॉ. सुजीत राज, वीरेन्द्र साव, विशाल, पूजा कुमारी , मुखिया कोयल देवी,चंद्रीका साव समेत कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा का होली मिलन समारोह आयोजित, गीतों पर झूमे भाजपाई



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला कार्यालय में भाजपा कार्य समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि आपसी गिले शिकवे को भुलाते हुए सभी कार्यकताओं को खूंटी लोकसभा के प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की जीत सुनिश्चित करनी है कार्य समिति बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर नवनियुक्त जिला प्रभारी बबन गुप्ता ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की सिमडेगा भाजपा के कार्यकताओं में जुनून है जिस तरह से कार्यकताओं ने संगठन के सभी कार्यों को सुगमिता पूर्वक किया है हम सबों को लोकसभा चुनाव में जी जान से जुट जाना है कार्यकर्ता बैठक के बाद सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को रंग अभी लगाकर होली की शुभकामनाएं दी एवं आपसी गीले शिकवे भुलाकर चुनाव में मजबूत रूप से कार्य करने का प्रण लिया। मौके पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान एवं पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा ने भी संबोधित किया।

## पकड़े जाने के डर से पुलिया के अंदर साउंड बॉक्स छोड़ भागे चोर

# पुलिस ने छापेमारी अभियान तेज की

**विलियम चौक स्थित एस्कर टेंट हाउस से लाखों रुपये के साउंड सिस्टम की चोरी हुई थी**



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** थाना क्षेत्र मे लगातार चोरी की घटनाओं ने दुकानदारों की नींद उड़ा दी है। चोरो द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिए जाने के बाद पुलिस द्वारा छापेमारी अभियान तेज करते ही चोरों ने चोरी किए हुए साउंड बॉक्स को एक पुलिया के नीचे छोड़ दिया है। सूचना मिलते ही जलडेगा थाना के एएसआई विनोद कुमार राम और किशोर महतो ने पुलिस बल के साथ जलडेगा विलियम चौक से लमडेगा जाने वाले रोड में निमार्णाधीन पुलिया के नीचे से चोरी के साउंड बॉक्स जब्त करते हुए चोरों को पकड़ने के लिए छापेमारी अभियान तेज कर दिया है। बता दें कि चार दिन पहले विलियम चौक स्थित एस्कर टेंट हाउस से लाखों रुपए के साउंड सिस्टम चोरी मामले कि जांच चल ही रही थी कि मंगलवार देर रात अज्ञात चोरों ने ओडगा रोड स्थित बाबा साउंड को निशाना बना दिया और देर रात अज्ञात चोरों ने दो ताला को काटकर बाबा साउंड के स्टोर रूम से करीबन 50 हजार रुपए के साउंड सिस्टम पर अपना हाथ साफ कर दिया था। वहीं इससे पूर्व में भी तत्कालीन थाना प्रभारी हीरालाल महतो के समय अज्ञात चोरों द्वारा दुर्गा मंदिर में लगे साउंड सिस्टम की चोरी की गई थी।

### योगी भाई-बहनों ने किया हैरतअंगेज आसनों का प्रदर्शन

**कोडरमा / झुमरीतिलैया।** आकाश योग केंद्र स्कूल ऑफ फिटनेस की शुरूआत स्टेशन रोड में पूजा-अर्चना के साथ व्यवसायी सुनील प्रसाद सेठ, गृहणी कविता देवी ने सयुंक्त रूप से किया। इस दौरान सुनील सेठ ने कहा कि आज की भाग-दौड़ की जिंदगी में योग जरुरी है। तन-मन को स्फूर्त रखने प्रत्येक व्यक्ति को विभिन्न तरह के योग करना चाहिए। आकाश योग केंद्र लोगों को योग की विभिन्न कक्षाओं के जरिए जागरूक कर रहा है। लोको पायलट मिथिलेश राम गुप्ता, कपड़ा व्यवसायी सुरेश सेठ, प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के तौफीक हुसैन, मोहनआधारशीला ज्ञानपीठ की निदेशक अर्पणा गुप्ता, कुणाल गुप्ता, व्यवसायी संजय छबड़ा नवीन जैन,विनीत जैन ने योग केंद्र के मुख्य बाजार में खुलने पर कहा कि योग आज घर- घर की पहचान बन चुका है।

# 24 मार्च को होगा होलिका दहन 26 को मनाया जाएगा होली पर्व



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** देवराहा बाबा सेवाश्रम में जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद् कौशलराज सिंह देव की अध्यक्षता में सिमडेगा जिला के प्रतिष्ठित एवं प्रबुद्ध पुरोहितों की एक बैठक की गई। इस बैठक में उपस्थित विद्वानों ने अपना अपना मत और पंथ का उल्लेख किया। इस पर चर्चा होते हुए प्रकाश में आया की आगामी 25 मार्च 2024 को प्रतिपदा तिथि आने के कारण रंगोंत्सव मनाया जा सकता है परन्तु देश, काल, सीमा, लोकाचार, कुलाचार, वेदाचार के अवलोकन पर समिति ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया की आगामी 26 मार्च 2024 को उदय तिथि प्रतिपदा आने के कारण पूजा पाठ, रंग गुलाल से भगवान एवं अपने पितृदेव को पूजन किया जायेगा,25 मार्च 2024 को रंगोंत्सव करने पर कोई मनाही नहीं है, परन्तु मूल रूप से होली का रंगोंत्सव 26 मार्च 2024 को ही मनाई जायेगी. इसी प्रकार होलिका दहन का कार्यक्रम 24 मार्च 2024 को रात्रि 10:30 बजे के बाद की जायेगी।बैठक में शिव कुमार पाठक, वासुदेव गौतम, सतीश पाठक, नारायण दास, श्यामसुंदर मिश्र, विद्याबंधु शास्त्री, प्रदीप मिश्रा, सत्यनारायण दास, शशिभूषण पंडा, गोपाल मिश्रा, मणि कुमार मिश्रा, मनोज शाड़ंगी, अमित कुमार मिश्रा, मनोज कुमार पाठक, कृष्णनंद मिश्रा, सुनील मिश्रा, सोमनाथ मिश्रा, नकुल दास, रविकांत पाठक, कृष्णा शर्मा, भोला शंकर दास आदि अर्चक पुरोहित गण उपस्थित थे।

### अभ्रक के लिए विश्व प्रसिद्ध कोडरमा में सभी खदानें पिछले कई वर्षों से बंद

**डोमचांच।** अभ्रक नगरी के रूप में कोडरमा न केवल देश,बल्कि विदेश में भी प्रसिद्ध रहा है। साल 1980 तक इस इलाके में अभ्रक की कई वैध खदानें थी। इनमें एक खदान क्रिस्चियन माइका भी था,जो विदेशों में माइका आपूर्ति करती थी। लेकिन अब माइका की चमक फीकी पड़ गयी है। माइका कारोबार पूरी तरह से फारेस्ट एक्ट 1980 के प्रभावी होने के बाद से खत्म हो गयी। साल 1860 के दशक से इस इलाके की अर्थव्यवस्था इसी खनिज पर निर्भर थी, जो कई साल तक रही। हजारों लोगों को इस खनिज की वजह से रोजगार मिल रहा था। वन विभाग की सख्ती से पिछले कुछ साल से अभ्रक की खदानें बंद हैं। पहले क्षेत्र में सैकड़ों खदानें संचालित थी, जिसमें हजारों मजदूरों को रोजगार मिलता था। लेकिन अब सभी खदानें बंद पड़ी हुई है।

## उपायुक्त ने बीडीओ व बीएलओ के साथ की समीक्षा बैठक

# मतदान केंद्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधा करें बहाल



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को ठेठईटांगर प्रखंड पहुंच लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक का आयोजन किया।इस दौरान उपायुक्त ने लोकसभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने तथा मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए बीएलओ सुपरवाइजर को उनके भूमिका से अवगत कराते हुए बूथ मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ हीं वोटर अवेयरनेस फोरम के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के द्वारा वोट के दिन जो छुट्टी मिली है सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के कर्मियों को उसका उपयोग वोट देने हेतु करें इसके प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने ने दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को चिन्हित करने एवं निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए मुहैया कराई जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने सभी पंचायत में चुनाव पाठशाला का आयोजन कर स्वीप के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदाता हेतु अहर्ता पूर्ण करने वाले लोगों का फॉर्म-6 भरवाने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने बीएलओ सुपरवाइजर निर्देश देते हुए एआरओ के लॉगिन से प्रपत्र 7 एवं प्रपत्र 8 का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### होली पर्व शांति व सौहार्द्र से मनाने की अपील

**झुमरी तिलैया।** होली को लेकर गुरुवार को तिलैया थाना समेत विभिन्न प्रखंडों के थानों में शांति समिति की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में पर्व को शांति व सौहार्द्रपूण वातावरण में मनाने की अपील की गई। तिलैया थाना में आयोजित बैठक की अध्यक्षता पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विनय कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी मौजूद थीं। थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व को लेकर हुड़दंगियों पर विशेष नजर रहेगी। साथ हीं सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट व शांति भंग करनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि कहीं भी किसी तरह का भ्रामक सूचना फैलने व शांति व्यवस्था भंग होती है तो इसकी तत्काल सूचना पुलिस दें। बैठक में लोगों ने होली के दौरान विशेष पुलिस गश्ती करने, स्टेशन रोड अलका चौक के पास होने वाली होलिका दहन कार्यक्रम में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने आदि की मांग की।

## ननिहाल पहुंचे भारतीय नौसेना के जवान का गर्मजोशी से स्वागत, बंटी मिठाइयां



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के बरकट्ठा उतरी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव के भांजे ने नेवी में एसएसआर लाजिस्टिक ब्रांच में अपनी जगह बनाने में सफलता प्राप्त की है। उनके बरकट्ठा आगमन पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव समेत अन्य लोगों ने गर्मजोशी से माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही लोगों के बीच मिठाईयां बांटी गई। इस बाबत पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने बताया कि मेरे भांजे बब्लू कुमार का पठन-पाठन बरकट्ठा से हुआ। इंटर की पढ़ाई के लिए उनको सत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग में एडमिशन कराया गया। उन्होंने पढ़ाई के साथ साथ अग्निवीर में तैयारी की और शामिल हुआ। जिसके बाद नेवी में उनका चयन किया गया और आईएनएस चिनका उड़ीसा से चार माह के ट्रेनिंग के बाद उनका बरकट्ठा आगमन हुआ है। विदित हो कि बब्लू कुमार बिष्णुगढ पंचायत के बरायं गांव का निवासी है। परन्तु उनकी पठन-पाठन बरकट्ठा अपने ननिहाल से हुई है।जिसमें उनके मामा पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव का अहम योगदान रहा है। मौके पर मुखिया प्रमिला देवी, पूर्व मुखिया बेलकपी राजकुमार नायक, संजय साव, जगदीश नायक,बालदेव यादव, किशोर साव,छत्रु महतो , सुरेश राम, सतीश शीतल, जीवलाल साव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### गांव आने पर भारतीय फुटबॉल टीम की खिलाड़ी शौलिना डांग का हुआ स्वागत



बानो। भारतीय महिला अंडर 16 फुटबॉल खिलाड़ी बेटी का घर आने पर शुक्रवार को भव्य स्वागत किया ।महिला फुटबॉल खिलाड़ी हेलगढ़ा निवासी शौलिना डांग के बानो पहुंचने पर स्वागत किया गया।भगवान बिरसा मुंडा खेल समिति सदस्यों ने महिला फुटबॉल खिलाड़ी शौलिना डांग का स्वागत बुके देकर किया।इससे पूर्व महिला खिलाड़ी ने बिरसा चौक में भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।मालुम हो कि शौलिना डांग बंगलादेश मे अंडर 16 भारतीय महिला फुटबॉल टीम की सदस्य रह चुकी है तथा खेलो इडिया मे अपने खेल का जौहर दिखाया था।बानो पहुंचने पर ग्रामीणों ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया स्वागत करने में भगवान बिरसा मुंडा खेल समिति के प्रदीप सिंह, संतोष साहू, मोहम्मद साबिर, विक्की मेहता, मो दानिश आदि लोग उपस्थित थे।

### बानो में राधा कृष्ण मंदिर का स्थापना दिवस हवन, पूजन एवं नगर भ्रमण के साथ संपन्न



**बानो।** बानो प्रखंड के राधा कृष्णा मंदिर का 10 वां स्थापना दिवस सह अखंड हरी कीर्तन यज्ञ कार्यक्रम, पूणार्हुति और नगर भ्रमण कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। नगर भर्मण कार्यक्रम मंदिर परिसर से आरंभ किया गया. नगर भ्रमण कार्यक्रम में बच्चे राधा कृष्ण के वेश में शामिल हुए ।लोग नाचते गाते पूरे गांव का परिक्रमा किया।यजमान की भूमिका गोपाल सिंह सह पत्नी शामिल हुए ।कार्यक्रम में पंडित भरतु दुबे, प्रदीप मिश्रा, मनोहर द्विवेदी ,संतोष द्विवेदी पुरोहित की भूमिका निभाया। मौके पर भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें लोगों के बीच खीर व खिचड़ी का वितरण किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपाल सिंह,महावीर सिंह,दुर्गा जयसवाल,मंटू लुनिया,सुकेश सिंह,पलटन राम,उमेश राम,पलटु सिंह,श्रवण राम,रिंकु सिंह,जीतन राम,महेश सिंह,राजु सिंह,राजन राम,कृष्णा सिंह आदि लोगो का सराहनीय भूमिका रहा।

### सिमडेगा उपायुक्त ने पंडरीपानी मतदान केंद्र का किया निरीक्षण



**सिमडेगा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को जिले के पंडरीपानी आर सी प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र संख्या 103 का किया निरीक्षण। उन्होंने चुनाव के दौरान मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो ,सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध सुनिश्चित हो, जिसके तहत मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था, बिजली, पानी, शौचालय, रैंप,पहुंच पथ ,फर्नीचरकी व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, आईटीडीए निदेशक श सरोज तिर्की, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मुकेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी गण एवं अन्य उपस्थित थे।

### जंगली हाथी का उत्पात जारी, गरीब के आशियाने को उजाड़ा



**जलडेगा।** क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का आतंक जारी है और हाथियों के द्वारा घरों को तोड़ने के साथ घर में रखे सामानों को नष्ट कर रहे हैं थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसजोर प्रखंड के जुनाडीह गिरजा टोली में गुरवार रात करीब 2 बजे झुंड से बिछुड़ा अकेला जगंली हाथी ने कलिदहन गंझू के घर को क्षतिग्रस्त कर, घर में रखे लगभग 2 किवंटल धान को खा गया। वहीं हाथी हमले से घर का दिवाल भी गिर गया जिससे घर में रखे कई घरेलू समान भी बर्बाद हो गया। पीड़ित ने वन विभाग से हाथी भगाने का सामग्री एवं उचित मुआवजे की मांग की है।

### हजारीबाग यूथ विंग ने वृद्धा आश्रम के बुजुर्गों के साथ मनाया होली पर्व

**हजारीबाग ।** होली का त्यौहार आते ही क्या खास और क्या आम हर कोई अपने तरीके से त्यौहार की खुशियों को मनाने में जुट जाता है। ऐसे में शहर के दीपूगढ़ा स्थित ओल्ड ऐज होम के बुजुर्गों के बीच प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा फल, जूस, हॉरलिक्स, मिक्कर, बिस्कुट, दूध,कंघा, क्रीम,मिठाई, सनसिल्क शैंपू, लक्स साबुन, सर्फ,भुजिया सहित कई अन्य सामानों का वितरण कर होली का महापर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। होली की गीत प्रस्तुत की गई। सभी आनंदित होकर बुजुर्गों की सेवा में समर्पित हो गए। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पदक से सम्मानित वैली क्युएटी कमांडो विवेक तिवारी मुख्य रूप से शामिल हुए, मंच संचालन कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल ने किया। सभी बुजुर्गों के बीच सामान का वितरण के पश्चात अबीर गुलाल से बुजुर्गों के संग होली खेली गई। सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बुजुर्गों को गुलाल लगाकर होली की बधाई देकर आशीर्वाद लिया, वही बुजुर्गों के द्वारा उपस्थित सभी लोगों को अपने हाथों से गुलाल लगाकर होली पर्व की आशीर्वाद दिया गया। इस मौके पर बुजुर्गों ने आत्मीयता से खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आप सभी दीघार्यु हो, हमेशा सेवा का कार्य करते रहे, अपने क्षेत्र में सफलता हासिल करें।

## एक नजर

### सुसाइड प्वाइंट बना धातकीडीह तालाब, वृद्ध ने कूदकर की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना अंतर्गत धातकीडीह तालाब इन दिनों सुसाइड प्वाइंट बन गया है। बीते 20 फरवरी को हरिजन बस्ती के सुरेश मुखी और 9 मार्च को कपाली को एक महिला ने तालाब की कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इधर शुक्रवार को भी तालाब में एक शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान धातकीडीह हरिजन बस्ती निवासी 62 वर्षीय गरीब लाल के रुप में की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बेटे सोमदेव ने बताया कि उनके पिता बुधवार दोपहर से ही लापता थे। परिजनों ने उनकी खोज शुरू की पर वे नहीं मिले। आज वे लोग पिता को ढूंढने के लिए मुसाबनी की ओर जाने वाले थे तभी पुलिस ने शव मिलने की सूचना दी। सोमदेव ने बताया कि बीते सप्ताह पत्नी और पिता को लेकर कुछ पारिवारिक विवाद हुआ था। इसी बात से पिता कुछ दिनों से शर्मिंदगी महसूस कर रहे थे। संभवतः इसी कारण से उन्होंने आत्महत्या की है।

### पेट्रोल पंप कर्मी से पर्स छीन कर भाग रहे दो युवक गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत मानगो पुल के पास पेट्रोल पंप कर्मी से पर्स की छिनतई कर भाग रहे दो आरोपियों को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों में उलीडीह निवासी बिट्टू प्रमाणिक और उसका साथी सीतारामडेरा निवासी आकाश श्यामल शामिल है। पुलिस ने दोनों के पास से छीना हुआ पर्स बरामद किया है। शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए डीएसपी मुख्यालय 1 भोला प्रसाद सिंह ने बताया कि मानगो पुलिस के पास स्थित पेट्रोल पंप में काम करने वाला गौरव लोहार रात 8.30 बजे पेट्रोल पंप के पास ही चाय पी रहा था। इसी बीच वह पर्स निकालकर चाय के पैसे देकर पर्स को जेब में रख ही रहा था कि पीछे से दो युवकों ने पर्स छीना और भागने लगे। स्थानीय लोगों ने दोनों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। डीएसपी ने बताया कि बिट्टू पूर्व में भी जेल जा चुका है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मारवाड़ी महिला समिति ने स्कूल में दिए पंखे

**चाईबासा।** मारवाड़ी महिला समिति द्वारा पुलिस लाइन में स्थित मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच सामान्य ज्ञान के प्रश्न उत्तर किया। उन्हें गिफ्ट एवं बिस्किट का पैकेट दिया। बच्चों की कक्षा में लगाने हेतु दो सीलिंग फैन भी दिया गया। समिति के द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्कूलों में जरूरत की सामग्री दी जाती है। बच्चों के बीच ज्ञानवर्धक जानकारी पहुंचाना समिति का मुख्य उद्देश्य होता है। इस अवसर पर अध्यक्ष कविता शर्मा, चंचल सराफ, मीना पसारी, प्रभा रुंगटा एवं नेहा अग्रवाल, उपस्थित थी। रोटैक्ट क्लब के अध्यक्ष अमित पोद्दार ने बच्चों को ज्ञानवर्धक जानकारी दी। आगे भी विभिन्न स्कूलों में जरूरत की सामग्री दी जाएगी एवं बच्चों के विकास हेतु विभिन्न तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे।

### अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई करें : आईजी

**बोकारो।** उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के आईजी डॉ। माइकल राज एस ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गुरुवार को बोकारो समाहरणालय में समीक्षा बैठक की। उन्होंने ने सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन बुकलेट का अच्छी तरह से अध्ययन करने का निर्देश दिया। कहा कि सभी बुकलेट में निर्वाचन दायित्वों, कर्तव्यों के संबंध में विस्तार से बताया गया है। अगर कहीं कोई समस्या आती है तो उसका समाधान भी बुकलेट में दिया गया है। इसलिए छोटी-छोटी बात का भी अध्ययन करना आवश्यक है।

# गिरिडीह में केजरीवाल की गिरफ्तारी से भड़के लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

## लोकतंत्र की हत्या कर रही है मोदी सरकार : आम आदमी पार्टी







**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी के द्वारा गिरफ्तारी के खिलाफ गिरिडीह में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा और माले नेता राजेश सिन्हा के नेतृत्व में सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया गया और नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया गया। मौके पर आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि एक चुने हुए मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करना लोकतंत्र की हत्या है। देश में अघोषित आपातकाल चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अरविन्द केजरीवाल से डर गए हैं। इसलिए लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है। लोकसभा चुनाव में देश की जनता इसका जवाब देगी। तानाशाह का अंत होगा। आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा गिरिडीह के जिला अध्यक्ष गौरी शंकर यादव ने कहा कि जब सरकारी स्कूल की स्थिति खराब थी लोगों का ध्यान प्राइवेट स्कूल की ओर ज्यादा था उस वक्त आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली में सरकारी स्कूल को प्राइवेट स्कूल से अच्छा बनाया और गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई।

आज प्राइवेट स्कूल के बच्चे दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने को लालायित रहते हैं। केवल गरीब ही नहीं दिल्ली के हर व्यक्ति का सौ फीसदी मुफ्त इलाज की जैसी क्रांतिकारी व्यवस्था जो अरविन्द केजरीवाल की सरकार ने किया है। ये काम धर्म की राजनीति करने वाली पार्टी को पच नहीं रहा है। माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। छात्र नौजवानों किसानों की उम्मीद इस सरकार से खत्म हो गई है। माले नेता उज्जवल साव ने कहा कि अब जब दस साल का हिसाब देने का समय आया तो सरकार तानाशाही पर उतर आई है। ये भारत के लोकतंत्र और संविधान को खत्म करके एक एक करके विपक्ष के सभी नेताओं को जेल में डाल रहे हैं। भारत के इतिहास में पहली बार एक राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को जेल में डाल दिया गया। मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया। प्रीति भास्कर ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल चल रहा है।

### डीसी ने किया मतदान सामग्री वितरण केंद्र का निरीक्षण

**रांची।** रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित फुटबॉल मैदान में मतदान सामग्री और ईवीएम मशीन वितरण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने सम्बंधित सभी अधिकारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि 13 मई को होने वाले मतदान के लिए मांडर और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के लिए सामग्री एवं ईवीएम का वितरण मोरहाबादी स्थित फुटबॉल मैदान से किया जाएगा। रांची लोकसभा के होने वाले मतदान के लिए 24 मई को भी चुनाव सामग्री एवं ईवीएम का वितरण यहीं से किया जाएगा। सभी चुनाव सामग्री एवं ईवीएम लेकर मतदान कर्मी मोरहाबादी स्थित फुटबॉल मैदान से लेकर अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए प्रस्थान करेंगे। उपायुक्त ने मतदान सामग्री एवं इवीएम मशीन वितरण केंद्र के पूरे परिसर की साफ-सफाई कराने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया ।

# पंडरा के मतगणना केंद्र व वज्रगृह का रांची डीसी ने किया निरीक्षण

### मतगणना के दौरान त्रिस्तरीय रहेगी सुरक्षा : एसएसपी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को पंडरा स्थित वोटिंग काउंटिंग सेंटर (मतगणना केंद्र) और वज्रगृह का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने वोटिंग काउंटिंग सेंटर और वज्रगृह के पूरे परिसर का अवलोकन करते हुए वहां के तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सभी व्यवस्थाओं को दुरस्त करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया।

उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में स्ट्रांग रूम में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के रख-रखाव की व्यवस्था, काउंटिंग कक्ष, पोलिंग पार्टी रूट, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतगणना केंद्र का निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, पंडाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा कर्मियों, चुनाव में तैनात कर्मियों के लिए भोजन की व्यवस्था, शौचालय, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। मौके पर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने उपायुक्त को बताया कि मतगणना के दौरान त्रिस्तरीय (ट्रिपल लेयर सुरक्षा) मतगणना केंद्र में रहेगी। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहेगी।

# गावां में एक साथ मिल रही थी सरकारी के साथ नकली विदेशी शराब

### तीन चढ़े प्रशासन के हत्थे, बिहार तक हो रही थी सप्लाई



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
जिस बिल्डिंग में सरकारी शराब दुकान चल रही थी। उसी बिल्डिंग के गोदाम में न सिर्फ नकली विदेशी शराब को डंप किया जा रहा था बल्कि इस नकली शराब को चारपहिया वाहन से बिहार तक खपाया जा रहा था। नकली शराब के इस गोरखधंधे का खुलासा गिरिडीह एसपी के निर्देश पर उत्पाद विभाग, पुलिस व एफएसटी द्वारा किया गया है। उत्पाद विभाग की टीम ने भवन के गोदाम से एक सौ पेटी नकली शराब, गोदाम के पास खड़ी गाड़ी से बीस पेटी नकली शराब बरामद किया है। टीम के द्वारा बबलू साहा नामक व्यक्ति के अलावा सरकारी शराब दुकान में कार्यरत दो कर्मी हीरा सिंह और प्रिंस सिंह को हिरासत में लिया गया है।

इस कार्रवाई की पुष्टि उत्पाद दारोगा रविरंजन ने की है। पकड़ में आए तीनों लोगों से प्रशासन की टीम सख्ती से पूछताछ कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि शराब को कहां पर बनाया जाता था और कैसे शराब गावां के गोदाम में पहुंचती थी। वहीं नकली शराब के इस कारोबार में कौन कौन लोग शामिल हैं। किस किस सरकारी शराब दुकान के बगल में नकली शराब को डंप किया जाता है। नकली शराब के इस धंधे में सरकारी दुकान के कर्मियों की भूमिका क्या है। इसके अलावा अन्य कई बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। बताया जाता है कि एसपी दीपक कुमार शर्मा को यह लगातार सूचना मिल रही थी गिरिडीह के गावां से शराब बिहार भेजी जा रही है। शराब को सरकारी दुकान के सामने ही चारपहिया पर लोड किया जाता है।

# बरनवाल सेवा सदन में होली मिलन समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
रंगोत्सव पर बरनवाल सेवा समिति गिरिडीह के द्वारा बरनवाल सेवा सदन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समाज के बुजुर्ग दंपति यशवंत लाल बरनवाल एवं लखन लाल बरनवाल, प्रदेश अध्यक्ष,महासभा झारखंड ने महाराजा अहिबरन के समक्ष दीप जलाकर,पुष्प एवं गुलाल अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर समिति की ओर से अध्यक्ष सुबोध कुमार बरनवाल एवं कोषाध्यक्ष संजय कुमार बरनवाल ने बुजुर्ग दंपति एवं गिरिडीह के जाने-माने चिकित्सक डॉ राजेश चंद्रा को अंग वस्त्र और पगड़ी भेंट कर सम्मानित किया।समारोह में होली की गीतों पर उपस्थित आगंतुकों ने जमकर आनंद लिया एवं एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

मौके पर लखन लाल बरनवाल ने कहा कि होली सामाजिक सौहार्द और आपसी प्रेम का संदेश के साथ-साथ रंगों की तरह ही समरस होने का संदेश देता है। समिति सचिव राजेंद्र लाल बरनवाल ने कहा कि होली सिर्फ त्योहार ही नहीं है बल्कि पाप पर पुण्य और अधर्म पर धर्म की विजय का त्यौहार है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक इंद्रजीत लाल प्रदीप बरनवाल, विनय कुमार,राकेश रंजन,बिरेंद्र लाल, शंभु लाल, ललिता बरनवाल, आयुष राज,अमितेश गौरव, शंकर बरनवाल,दीपक बरनवाल,संदीप कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# होली में हुड़दंगियों पर रहेगी प्रशासन की नजर

### आचार संहिता का पालन करने का दिया निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गांडेय प्रखंड के अहिल्यापुर थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गांडेय अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने की। बैठक में होली को शांति पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। अंचल अधिकारी ने कहा कि होली प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। सभी को मिल जुलकर त्योहार मनाने की जरूरत है।

थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि होली का पर्व आचार संहिता का पालन करते हुए शांति पूर्वक मनाने को आवश्यकता है। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का धार्मिक या भड़काऊ बातें पोस्ट और फॉरवर्ड नही करें। ऐसा करने वाले एडमिन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीजे पर भी प्रतिबंध होगा। सभी जन प्रतिनिधि किसी भी तरह के अप्रिय घटना होने पर प्रशासन को सूचना दें। क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना मिलने पर कार्रवाई की बात कही गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी निशांत अंजुम, जिप सदस्य प्रतिनिधि सईद मुफ्ती मुखिया पंचम देवी, मंडल अध्यक्ष पुरषोत्तम चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि भागीरथ मंडल, प्रवीण चौधरी, कृष्णा नंदन अग्रवाल, शंकर सिंह, पिंटू हाजरा, राजेश सिंह, सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विश्व जल दिवस पर कानूनी जागरूकता सह साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन






**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमती वीणा मिश्रा के निदेर्शा नुसार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमती सोनम बिश्नोई के आदेशानुसार विश्व जल दिवस के अवसर पर मकतपुर उच्च विद्यालय गिरिडीह एवं गिरिडीह प्रखंड के जंगलपुरा में कानूनी जागरूकता सह साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल के चीफ मोहम्मद नजमुल हसन ने बताया कि पानी के महत्व को समझने और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रथम विश्व जल दिवस 22 मार्च 1993 को मनाया गया जल हमारे शरीर का महत्वपूर्ण हिस्सा है और हमारे सामान्य शरीर कार्यों के लिए जरूरी है पीने के लिए उपयुक्त मात्रा में पानी पीना हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जल हमें ऊर्जा प्रदान करता है शरीर की संरचना को बनाए रखना है और ऊर्जा कार्यों के लिए उपयोग होता है।

वही कार्यक्रम में लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के गौरी शंकर सहाय ने भी अपने विचार व्यक्त किया जिसमें उन्होंने बताया कि दुनिया की 70 फीसदी जल है लेकिन पीने योग्य पानी में तीन फीसदी है विकास के लिए तेजी से बढ़ रही है फैक्ट्रियां, बढ़ती जनसंख्या के कारण जल के स्रोत प्रभावित हो रहे हैं इससे स्वच्छ जल की मांग बढ़ रही है और पूर्ति की समस्या आ रही है

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भी बताया की पृथ्वी पर जल के बिना जीवन की कल्पना संभव है ऐसे में जल के महत्व और जल संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल दुनिया में 22 मार्च को विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है यह दिन जल के महत्व और इसके संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

### 20 पेटी नकली शराब व 30 लीटर स्प्रिट जब्त

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव व होली त्योहार के मद्देनजर उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार की सुबह निरसा थाना क्षेत्र के जोधाडीह गांव व गोविंदपुर में छापेमारी की। छापेमारी में शराब अड्डे से 20 पेटी नकली अंग्रेजी शराब व 30 लीटर स्प्रिट जब्त की गई। सहायक उत्पाद आयुक्त संजय कुमार मेहता ने बताया कि धनबाद के डीसी के निदेर्शानुसार अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को तड़के करीब 3 बजे गोविंदपुर व निरसा थाना क्षेत्र के जोधाडीह ग्राम में विकास साहनी के घर की छापेमारी कर विभिन्न ब्रांडों की 20 पेटी नकली अंग्रेजी शराब और स्प्रिट बरामद की गई। धंधेबाज भागने में सफल रहे। जब्त शराब की कीमत लगभग 82 हजार रुपए आंकी गयी है।

## न्यूज बॉक्स

### लोकसभा चुनाव को ले आईजी अभियान ने की बैठक, दिए कई निर्देश



**रांची।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आईजी अभियान सह राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में राज्य के विधि-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए समीक्षा बैठक की। इस दौरान आईजी अभियान ने अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। आईजी ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी जिलों में विधि-व्यवस्था, नक्सलियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई, अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की। आईजी ने अधिकारियों से कहा कि अवैध रूप से ले जाए जाने वाले कैश, शराब और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए औचक रूप से वाहन चेकिंग करें। उन्होंने सभी सीमावर्ती क्षेत्रों पर पूर्व से संचालित पुलिस चेक पोस्ट, नाका पर अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति करने एवं विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी एसएसपी, एसपी को स्वयं भौतिक रूप से सत्यापन करने का निर्देश दिया, ताकि अवैध रूप से ले जाये जाने वाले कैश रुपये, अवैध शराब, अवैध हथियार एवं नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाया जा सके। आईजी ने कहा कि सकिय अपराधकर्मियों और अन्य उपद्रवियों को चिह्नित कर लंबित वारंट, कुर्की का निष्पादन करें। सभी जिलों में अपराध का आंकड़ा कम करने के लिए ड्राइव चलाकर अविलंब इसकी सूचना देने का निर्देश दिया। साथ ही, आईजी ने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, धार्मिक उन्माद फैलाने का प्रयास करने, अफवाह फैला कर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़कर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश करने वाले उपद्रवियों पर विशेष निगरानी रखने कार निर्देश दिया। इसके अलावा, माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से पेश आने का निर्देश दिया ताकि उपद्रवी किसी तरह का धार्मिक उन्माद नहीं फैला सकें।

### लोकसभा चुनाव को लेकर आजसू रांची जिला समिति की हुई बैठक

**रांची।** हरमू स्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में शुक्रवार को अखिल झारखंड छात्र संघ की रांची जिला समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, विशिष्ट अतिथि छात्र संघ के प्रभारी हरीश कुमार, रांची जिला प्रभारी गदाधर महतो एवं प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो ने कहा कि अखिल झारखंड छात्र संघ रांची जिला समिति के पदाधिकारी सदस्य प्रखंड के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव में अपना अहम योगदान सुनिश्चित करेंगे। पार्टी के विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे। बैठक में सांगठनिक चर्चाएं करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। गुमला निवासी जयराम उरांव ने आजसू पार्टी के नीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा। बैठक में पार्टी के केंद्रीय सचिव सचिन भगत रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष दीपक कुमार महतो, रोशन सेठ, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष ताती, महासचिव कुमार महतो, मीडिया प्रभारी मदन कुमार, विकास कुमार, सदस्य रमेश वीर चंद्र उरांव, कुलदीप भगत, राजेश उरांव, अर्जुन उरांव, भरत कुमार, अजय टोप्पो, आशीष कुमार, विनोद कुमार एवं अन्य लोग शामिल हुए।

### उप विकास आयुक्त ने त्रुटि रहित डाटाबेस तैयार करने का दिया निर्देश




**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने शुक्रवार को कार्मिक कोषांग की समीक्षा की। इसमें उन्होंने विगत दिनों डाटा एंट्री में मिली गलतियां में किए गए सुधार के प्रगति की समीक्षा की। वैसे कर्मी जिन्हें प्रीसाइडिंग में जाना था परंतु वे पोलिंग ऑफिसर 1 वन या पोलिंग ऑफिसर 2 हो गए थे, उसमें सुधार किया गया। साथ ही वैसे कर्मी जिनके फोन नंबर डाटा एंट्री में नहीं थे उनके अपडेट की समीक्षा की। उप विकास आयुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को अच्छे से संपन्न कराने के लिए सभी कर्मियों का त्रुटि रहित डाटाबेस तैयार करना है। साथ ही कहा कि जिन विभागों ने अब तक अपने कर्मियों का पूरा डेटाबेस कार्मिक कोषांग को उपलब्ध नहीं कराया है वे आज संध्या 5:00 बजे तक उपलब्ध करा दे। अन्यथा विभाग के कंट्रोलिंग पदाधिकारी पर रिप्रेजेंटेशन ऑफ दी पीपल एक्ट 1951 के तहत कार्रवाई की जाएगी। उप विकास आयुक्त ने बताया कि शनिवार को दोपहर तीन बजे न्यू टाउन हॉल में उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की ब्रीफिंग की जाएगी। बैठक की सूचना सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी तथा रिजर्व सेक्टर पदाधिकारी को फोन से देने का निर्देश दिया।

### उत्पाद विभाग की छापेमारी में नकली अंग्रेजी शराब बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का खुलासा

**धनबाद।** होली और लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शुक्रवार को एक बार फिर धनबाद उत्पाद विभाग ने दो अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब सहित नकली शराब निर्माण में प्रयुक्त होने वाले कई सामान बरामद किया है। इस दौरान गोविन्दपुर थाना क्षेत्र में एक मिनी शराब फैक्ट्री का भी उद्भेदन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए धनबाद उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त संजय मेहता ने बताया कि शुक्रवार अहले सुबह करीब तीन बजे गोविंदपुर थाना क्षेत्र के जोधाडीह ग्राम में विकास सैनी के आवास पर छपेमारी कर नकली अंग्रेजी शराब की मिनी फैक्ट्री का उदभेदन किया गया। इस मिनी शराब फैक्ट्री के संचालक विकास सैनी के खिलाफ पहले से उत्पाद विभाग में तीन मामले दर्ज है। जिसमे यह फरार चल रहा है। इसके पूर्व के अपराधों और लगातार इस तरह के अपराध से जुड़े रहने के कारण विकास सैनी के खिलाफ उत्पाद विभाग सरकार से सीसीए लगाने की सिफारिश करेगी। उन्होंने बताया कि इस मिनी शराब फैक्ट्री से कुल 180 लीटर नकली शराब जब्त की गई।

**सुप्रभात**

**'स्वयं' को पहचानने से अधिक कोई 'ज्ञान' नहीं, 'क्षमा'करने से बड़ा कोई 'दान' नहीं : अज्ञात**

# जल संकट जो मुद्दा नहीं है

झारखंड के पलामू सहित भारत में जल संकट की जो स्थिति मई-जून के महीनों में होती थी, वह मार्च में ही दिखने लगी है और अभी से ही कई शहरों में लोग पानी की समस्या से जूझने लगे हैं पर यह चुनावी मुद्दा नहीं है। भारत का अमेरिका कहा जाना वाला बंगलूरू शहर इन दिनों हर रोज बीस करोड़ लीटर पानी की कमी झेल रहा है। बंगलूरू के अलावा देश में दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, भोपाल, कोलकाता, जयपुर, इंदौर जैसे अनेक शहर आज जल संकट की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने चेतावनी दी है कि अगर हैदराबाद ने जल्दी ही जल संरक्षण के लिए उचित कदम नहीं उठाए, तो पानी के मामले में उसका भी हाल सिलिकॉन वैली' बंगलूरू जैसा ही होगा। चेन्नई में वह समय अब भी सबको याद होगा, जब नल सूख गए थे, और पानी की कमी के चलते स्कूलों को बंद करना पड़ा था। जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात करनी पड़ी थी।हाल ही में नीति आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट में भी यह बात स्वीकार की गई है कि भारत के कई शहरों में जल संकट गहराता जा रहा है, और आने वाले वक्त में उसके और विकराल रूप लेने के आसार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जहां वर्ष 2030 तक देश की लगभग 40 फीसदी आबादी के लिए जल उपलब्ध नहीं होगा, वहीं 2020 तक देश में 10 करोड़ से भी अधिक लोग गंभीर जल संकट का सामना करने के लिए मजबूर थे। नीति आयोग की समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (कंपोजिट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स) रिपोर्ट के अनुसार, देश के 21 प्रमुख शहरों में लगभग 10 करोड़ लोग जल संकट की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं।वास्तविकता यह भी है कि दुनिया की लगभग 17 फीसदी आबादी वाले देश भारत के पास दुनिया के ताजा जल संसाधनों का मात्र चार फीसदी ही है। भारत में लगभग 70 फीसदी सतही और ताजा जल के संसाधन सीवेज वेस्ट और कारखानों के अपशिष्ट से प्रदूषित हैं। वैश्विक जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में से 120वें स्थान पर है। भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र (32.8 करोड़ हेक्टेयर) में से 69 फीसदी (22.8 करोड़ हेक्टेयर) क्षेत्र सूखाग्रस्त है। ये आंकड़े हमारे देश में जल संकट की गंभीरता को साफ-साफ बयान करते हैं। वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआई) द्वारा जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, देश में जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की वजह से हो रहे बदलावों के कारण यदि पानी की मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ता है, तो उसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन की पदचाप गहराती जा रही है, वैसे-वैसे वैश्विक तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) बढ़ता जा रहा है। इसका असर मौसम के बदलते मिजाज के रूप में नजर आ रहा है। इसके चलते कहीं बारिश कम हो रही है, तो कहीं सर्दियों का मौसम अपेक्षाकृत गर्म हो रहा है। इन देशों में भारत, पाकिस्तान, भूटान, अफगानिस्तान, चीन, म्यांमार, नेपाल और बांग्लादेश शामिल हैं। इन पर्वत शृंखलाओं के ग्लेशियर पिघलने से दिल्ली, ढाका, कराची, कोलकाता और लाहौर जैसे पांच महानगरों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना होगा। इन नगरों की आबादी 9 करोड़ 40 लाख से ज्यादा है और इसी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी 26,432 मेगावॉट क्षमता वाली पनबिजली परियोजना है। जाहिर है, जलवायु परिवर्तन के कारण पानी की समस्या से निपटने के लिए हमें जल संरक्षण के उपायों पर गंभीरता से विचार करना होगा और पर्यावरण सुरक्षा के उपाय करने होंगे।झारखंड में वर्षा जल के संचय और रेन वाटर हार्वेस्टिंग को धरातल में उतारना होगा ।राजधानी रांची सहित अनेक शहरों में गर्मी के दिनों में पलायन की नौबत आ जाती है।

> **रिपोर्ट के अनुसार, जहां वर्ष 2030 तक देश की लगभग 40 फीसदी आबादी के लिए जल उपलब्ध नहीं होगा, वहीं 2020 तक देश में 10 करोड़ से भी अधिक लोग गंभीर जल संकट का सामना करने के लिए मजबूर थे। नीति आयोग की समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (कंपोजिट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स) रिपोर्ट के अनुसार, देश के 21 प्रमुख शहरों में लगभग 10 करोड़ लोग जल संकट की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं।**

इन दिनों

# आखिर क्यों जरूरी है नागरिकता संशोधन कानून



मुनीष त्रिपाठी




***मोदी*** सरकार ने बहुप्रतिक्षित नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसी के साथ देश में अब सीएए लागू हो गया है। हम यहां यह समझने की कोशिश करेंगे आखिर यह क्यों जरूरी है। साल 2020 में देशभर में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों में कई ऐसे लोग भी थे जिन्हें कानून की कम या गलत जानकारी थी। इसलिए आइए समझते हैं कि सीएए लागू होने से क्या बदलेगा। आगामी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसी के साथ देश में अब सीएए लागू हो गया है । सीएए के अमल में आ जाने के बाद अब बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए गैर मुस्लिम अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो गया है। साल 2020 में देशभर में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे, इसलिए आइए समझते हैं कि सीएए लागू होने से क्या बदलेगा? तकनीकी तौर पर सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट यानी सीएए से सिटीजनशिप एक्ट ऑफ 1955 में संशोधन किया गया है। इससे होगा ये कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए उन लोगों को नागरिकता मिल जायेगी जो 31 दिसम्बर, 2014 से पहले किसी न किसी तरह की प्रताड़ना से तंग होकर भारत आए थे। इससे इन मुस्लिम देशों के अल्पसंख्यक समुदायों को फायदा होगा जिनमें हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शामिल हैं। भाजपा पार्टी के एजेंडा में सीएए का काफी पहले से जिक्र होता आया है। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में साल 2016 में इसे लोकसभा में पेश किया गया। यहां से पास होने के बाद इसे राज्यसभा में भेजा गया, लेकिन वहां इसे बहुमत से पास नहीं कराया जा सका। अटकने के बाद इसे संसदीय समिति के पास भेजा गया था। 2019 में जब लोकसभा चुनाव हुए तो दोबारा बहुमत जीतने के बाद मोदी सरकार बनी। सरकार बनते ही इसे दोबारा लोकसभा में पास किया गया। दो दिन बाद 09 दिसंबर,2019 को राज्यसभा में भी इस पर मुहर लग गई। दोनों सदनों में पास होने के बाद सीएए को 10 जनवरी, 2020 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई । हालांकि, इसके लागू में होने में काफी देरी हो गई। इसकी प्रमुख वजह रही देशभर में होने वाले विरोध प्रदर्शन। सरकार ने अपने बयान में कहा है कि सीएए के जरिए मिलने वाली नागरिकता वन-टाइम बेसिस पर ही होगी। यानी कि 31 दिसम्बर, 2014 के बाद गैरकानूनी तरीके से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों को नागरिकता नहीं दी जाएगी। इस कानून के अमल में आने के बाद भारत के किसी भी नागरिक चाहे वो किसी भी धर्म का हो, की नागरिकता को कोई प्रभाव नहीं होगा। सीएए की आवश्यकता इसलिए थी क्योंकि हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई अल्पसंख्यक जो दशकों से भारत में आए और देश में बस गए, वे पूर्व-संशोधित नागरिकता कानून के तहत भारतीय नागरिकता हासिल नहीं कर सकते थे। इसके चलते वो भारतीय नागरिकता के कई लाभों से वंचित थे। संशोधन के बाद उन्हें अब अनिश्चित जीवन नहीं जीना पडेगा। भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के आने के कई कारण थे-उत्पीड़न, भेदभाव, शारीरिक असुरक्षा, जबरन धर्म परिवर्तन का खतरा, इत्यादि। आधिकारिक आंकड़े मुस्लिम बहुल पड़ोसी देशों से बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यकों के पलायन की गवाही देते हैं। 1947 में पाकिस्तान में अल्पसंख्यक, ज्यादातर हिंदू और सिख, आबादी का लगभग 23% थे; आज वो लगभग 5% हैं। हिंदू लगभग 1.65% ही रह गए हैं। इसी तरह 1971 में जब बांग्लादेश बना, तब हिंदू आबादी का 19% थे. 2016 में वे केवल 8% ही थे। जबकि भारत में अल्पसंख्यकों की संख्या दोगुना हुई है। 1947 में भारत में मुसलमानों की संख्या 9.2 करोड़ थी। आज उनकी अनुमानित संख्या लगभग 20 करोड़ है जो लगभग 14% से अधिक है। बांग्लादेश के प्रसिद्ध लेखक सलाम आजाद ने अपनी पुस्तक 'बांग्लादेश से आखिर क्यों भाग रहे है हिन्दू' में बांग्लादेश के हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और पलायन पर तथ्यात्मक विवेचन किया है। उन्होंने जो आंकड़े दिए हैं वे बांग्लादेश के हिंदुओं की हकीकत बयां करते है। उन्होंने लिखा कि बांग्लादेश के मुस्लिम कट्टरपंथी संगठनों के बेतहाशा अत्याचारों के चलते 475 हिन्दू, बौद्ध प्रतिदिन बांग्लादेश छोड़ने के लिये बाध्य होते है अर्थात एक साल में लगभग 1,73,000 हिन्दू, बौद्ध बांग्लादेश से पलायन कर जाते है । आजाद ने अपने शोध से ये आंकड़े 1974 से 1991 के बीच अवधि के लिये जारी किये हैं। 1991 के बाद के वर्ष में भी बांग्लादेश के हिंदुओ , बौद्ध अनुयायियों के हालात ठीक नहीं हुए है। 06 दिसम्बर 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचा गिर जाने के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं के 28,000 घरों, 2200 व्यापारिक प्रतिष्ठानों और 3600 मंदिरों को ध्वस्त कर दिया गया था। इन सबके बावजूद तत्कालीन खालिदा जिया सरकार ने हिंदुओं पर अत्याचार और पलायन को रोकने के लिये कोई कदम नहीं उठाए। ये भी सही है कि खालिदा जिया सरकार में शेख हसीना सरकार के मुकाबले अल्पसंख्यकों पर कुछ ज्यादा ही अत्याचार होते हैं। 2001 के बांग्लादेश के आम संसदीय चुनाव में भी हिंदुओं पर जमकर हमले हुए थे जिसके कारण हजारों हिन्दू अपनी जानमाल की रक्षा के लिए पश्चिम बंगाल के कई जिलों में शरण लेनी पड़ी थी। 2014 में भी बांग्लादेश में हिंदुओं पर भयावह अत्याचार हुए थे । मौजूदा समय में बांग्लादेश की कुल आबादी में लगभग सवा करोड़ हिन्दू हैं, यदि हिंदुओं का पलायन इसी तरह न हुआ होता तो आज बांग्लादेश में लगभग सवा तीन करोड़ हिन्दू नागरिक होते। बांग्लादेश सरकार के 2014 के जनसांख्यकीय आंकड़ो के अनुसार 1941 में पूर्वी पाकिस्तान अब बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी लगभग 28 प्रतिशत थी, 1951 में यह घटकर 22 प्रतिशत हुई। वर्ष 1961 में 18.5 प्रतिशत, 1974 में 13.5 प्रतिशत, 1981 में 12.13 प्रतिशत,1991 में 11.6 प्रतिशत, 2001 में 9.6 प्रतिशत और 2011 में यह घटकर मात्र 8.2 प्रतिशत रह गई । आंकड़े बताते है कि बांग्लादेश की आबादी में हिंदुओं और बौद्ध लोगों की लगातार जनसंख्या घट रही है । लेखक सलाम आजाद लिखते है कि बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए तीन ही रास्ते बचे हैं - या तो वे आत्महत्या कर लें या धर्मांतरण कर लें या फिर देश छोड़ कर पलायन कर जाएं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिंदुओं, बौद्धों, सिखों के हालात तो बांग्लादेश से बहुत ज्यादा खराब हैं । **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

> **साल 2020 में देशभर में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे, इसलिए आइए समझते हैं कि सीएए लागू होने से क्या बदलेगा? तकनीकी तौर पर सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट यानी सीएए से सिटीजनशिप एक्ट ऑफ 1955 में संशोधन किया गया है। इससे होगा ये कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए उन लोगों को नागरिकता मिल जायेगी जो 31 दिसम्बर, 2014 से पहले किसी न किसी तरह की प्रताड़ना से तंग होकर भारत आए थे।**

## आपकी बात

### उच्च स्तरीय आलेख



देवेश कु. घोष

विजय केसरी जी द्वारा 'मन में उम्मीदों की दीप जलातीं कविताएं' एक उच्च स्तरीय आलेख है। विजय केसरी जी को साधुवाद! अपने सटीक शब्दों की मायावी रचना से पाठकों के मन पर स्थायी प्रभाव छोड़ने के लिए विद्वान लेखक को नमन करता हूँ। पंक्तियों में कविता की कई परिभाषाएँ कविता पढ़ने को उत्प्रेरित करती हैं। 'कविता शोर से शांति की ओर ले जाती है' 'कविता हर व्यक्ति के अंदर विद्यमान है' 'कविता जूझने की शक्ति देती है' जैसी पंक्तियाँ संग्रहणीय हैं। कविता का इतिहास और विश्व में इस विधा की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेख को गहराई तक अर्थपूर्ण बनाती है। अंतिम पंक्ति पढ़ने के उपरांत भी मन नहीं भरा। कई बार पढ़ा और संग्रहणीय पंक्तियों को नोट कर लिया ।

**अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, नई दिल्ली ।**

### पॉलिथीन का उपयोग घातक

आम लोगों में सफाई के प्रति जागरूक नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत मिशन उतना सफल नहीं हो पा रहा है। अभी भी लोग सफाई के प्रति उदासीन हैं। शौचालय के निर्माण में भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। भ्रष्ट लोगों ने उसे कमाने का जरिया बना लिया है। कई तो उस पैसे शौचालय बनाकर अन्य कामों उसका उपयोग कर रहे हैं। मेदिनीनगर शहर में भी घनी आबादी वाले में मुहल्लों में नालियां जाम हैं। जाम होने का मुख्य कारण उन नालियों में भारी मात्रा में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलों का फेका जाना है। यह दोनों ही चीजें न गलती हैं ना ही सड़ती है, जिसके कारण नालिया जाम हो जाती है। अगर नाली सड़ी सब्जी या अन्य खाद्य सामग्री डालते हैं तो वह सड़ गल जाती है, लेकिन पॉलिथीन व प्लास्टिक बोतल व अन्य कुरकुरे व चिप्स के पैकेट सड़ते -गलते नहीं जिसके कारण नालिया जाम रहती हैं। वहीं शहर की कई बड़ी नालियों में काफी कूड़ा रहा है। यह कूड़े बरसात आने पर ही वहां से बहते हैं। **– पंकज कुमार**

मंथन

# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से उपजते सवाल



**कमलेश पांडे**

***आपको*** याद होगा कि अरविंद केजरीवाल और आप पार्टी का जन्म यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में चले एक भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की कोख से ही हुआ है। ऐसे में आबकारी नीति घोटाले में आप मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अपने आपमें एक यक्ष प्रश्न है। आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाना सही है या गलत- यह प्रशासनिक और न्यायिक विमर्श का विषय है। लेकिन आम चुनाव 2024 के ठीक पहले और देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के तत्काल बाद जिस तरह से उन्हें गिरफ्तार किया गया, यह भारतीय लोकतंत्र और सियासत के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है ! मेरा स्पष्ट मानना है कि इस घटनाक्रम से आप पार्टी और इंडी गठबंधन को भारी क्षति के विपरीत काफी लाभ भी हो सकता है, बशर्ते कि पूरे घटनाक्रम का प्रस्तुतीकरण जनमानस में सही तरीके से किया जाय और सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने की फितरत से हुई इस प्रशासनिक कार्रवाई के विरुद्ध हर गली-कूची के भ्रष्टाचार की फोटो और उसकी आधिकारिक अनदेखी के विरुद्ध पम्फलेट वितरण अभियान शुरू किया जाय। वहीं, जगह जगह सक्षम माननीय न्यायालय को पत्र भेजकर उसकी प्रतिलिपि सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाय और स्थानीय मीडिया को भेजी जाय, ताकि भ्रष्टाचार विरोधी जनजागृति पैदा हो सके। वैसे तो लोकल मीडिया में ऐसे प्रकरण हमेशा प्रकाश में आते रहते हैं, लेकिन उनपर प्रशासनिक खामोशी के खिलाफ न्यायालय जाने के कम ही मामले प्रकाश में आते हैं। शायद इसलिए कि भ्रष्टाचार के हमाम में कहीं न कहीं हर कोई नँगा है। अमूमन विपक्षी दल भी ऐसे मामलों में धरना-प्रदर्शन के अलावा ज्यादा दूरदर्शी रवैये नहीं अपनाते, जिसके चलते ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। इससे जनता अक्सर परेशान रहा करती है। इसलिए भ्रष्टाचार का पुरजोर विरोध करना जरूरी है ताकि सत्ता पक्ष के इशारे पर पक्षपात पूर्ण कार्रवाई करने वाले भारतीय प्रशासन को चुनावों में बेनकाब करते हुए जनादेश मांगा जाय।

**(ये लेखक के अपने निजी विचार हैं।)**

> **आम चुनाव 2024 के ठीक पहले और देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के तत्काल बाद जिस तरह से उन्हें गिरफ्तार किया गया, यह भारतीय लोकतंत्र और सियासत के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है!**

## फेसबुक वॉल से

**Ajit Kumar**
6 h ·

"डॉक्टर साहब ने अपना लड़का जैसा व्यवहार किए हैं।
हम अभी फर्स्ट क्लास है "
ये शब्द है मेरे बगल में बैठे सज्जन श्री "राम नंदन गुप्ता" जी के।
इनको पित्त की थैली में पत्थर के कारण पेट में दर्द रहता था,
इन्होंने 'धनबाद' के कई चिकित्सकों को दिखाया उन सभी ने इन्हें रांची जाकर इलाज कराने की सलाह दी। अपने शुभचिंतकों से पता कर ये रांची में " मां ललिता" बरियातू क्लीनिक में मुझसे आकर मिले।
इनके साथ परेशानी यह थी कि इनको ' पेसमेकर' लगा हुआ था और 'स्पाइन' की सर्जरी पहले हो रखी थी।
इनके शब्द भावुक और दिल को छू लेने वाले है।
उनके बगल में उनका इकलौता बेटा "सागर" है जिसने कोई कसर नहीं छोड़ी इनके बेहतर इलाज के लिए।
उनके पूरे इलाज के दौरान हमारे Maa Lalita POLYDOC टीम के एनेस्थीसिया के डॉक्टर एवं कार्डियोलॉजिस्ट का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

हमने ऑपरेशन के बाद इन्हें जल्द छुट्टी दे दिया। इनके अनुभव उन्हीं के शब्दों में सुने।



## X- से

**Geeta kora**
@Geetakora1

झारखण्ड सरकार का संथाल, हो तथा मुंडा समुदाय के साथ सौतेला व्यवहार किसी भी रूप में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। सरकार ने "फिल्म डेवलॉपमेंट काउंसिल ऑफ झारखण्ड" के गठन में उक्त तीनों समुदायों में से किसी के भी प्रतिनिधि को शामिल नहीं कर इनकी घोर उपेक्षा की है। यदि सरकार शीघ्र ही संथाल, हो, मुंडा समुदाय के प्रतिनिधियों को काउंसिल में शामिल नहीं करती है तो इसका घोर विरोध किया जायेगा। @yourBabulal @BJP4Jharkhand @BJP4India



अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# भारत में महिला मतदाताओं का बढ़ता प्रभाव




**राजेन्द्र प्र. शर्मा**

***विश्व*** के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 18 वीं लोकसभा के चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनावा आयोग ने सात चरणों में मतदान कार्यक्रम जारी कर दिया है। चार जून को मतगणना की तारीख तय की गई है। सीधी सी बात है कि दोपहर बाद तक 18वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जायेगी। खैर यह सब अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत दो चुनाव में देश की महिला वोटर्स ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के करीब एक दर्जन राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनाव में सक्रियता से हिस्सा लेने और उम्मीदवार को जिताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आम चुनाव में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थीं वहीं गत 2019 के आम चुनाव में 78 महिला सांसद चुन कर आईं। हालांकि आधी आबादी को मुख्य धारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नये-नये सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिये जाते हैं। खैर सबसे अच्छी बात यह है कि गांव हों या शहर, महिलाएं अब घर की चारदीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही हैं। पुरुषों के हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी हैं। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। इस साल देश में 96 करोड़ 88 लाख मतदाता हैं तो इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख के करीब है। एक मोटे अनुमान के अनुसार पुरुषों की तुलना में करीब दो करोड़ महिला मतदाता कम हैं। यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान थी। इस सबके बावजूद पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा अधिक है। 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 67.02 प्रतिशत रहा तो महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 67.18 प्रतिशत रहा। पूर्वोत्तर, हिमाचल प्रदेश, गोवा, बिहार सहित बहुत से प्रदेशों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। यह तो रही मतदान की बात तो दूसरी और नई सरकार बनाने में भी महिला मतदाताओं की अधिक भूमिका रही है। देखा जाय तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया उसी की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रिपीट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है।

## बोधि वृक्ष

### कोलकाता कालीघाट का मंदिर

***कोलकाता*** के कालीघाट मंदिर के बारे में सबसे खास बात यह है कि पहले यह मंदिर हुगली (जिसे भागीरथी भी कहा जाता था) के किनारे स्थित था। लेकिन समय के साथ भागीरथी, मंदिर से दूर होती चली गई। ऑपइंडिया की मंदिर श्रृंखला में हाल ही में दक्षिणेश्वर काली मंदिर के बारे में जानकारी दी गई थी, जिसका निर्माण एक विधवा महिला रानी रासमणि द्वारा कराया गया था। कोलकाता में ही एक और प्रसिद्ध काली मंदिर है, जो कालीघाट के नाम से जाना जाता है। यह भारत का सबसे प्रसिद्ध और सिद्ध काली मंदिर है, जो 51 शक्तिपीठों में से एक है। **मंदिर का इतिहास :** भारत में शक्तिपीठों का सर्वाधिक महत्व है। ये शक्तिपीठ ऐसे स्थान हैं, जहाँ माता सती की मृत देह के अंग गिरे थे। ये स्थान पूरे भारत समेत पड़ोसी देशों जैसे बांग्लादेश और नेपाल में भी स्थित हैं। कोलकाता के कालीघाट मंदिर में माता सती के दाहिने पैर का अँगूठा गिरा था। तब से ही यह स्थान शक्तिपीठ माना जाता है।



वर्तमान दृश्य मंदिर की स्थापना सन 1809 में हुई थी। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

### बेडरूम के वातावरण को शुद्ध करें

क्या आप जानतें हैं कि बेडरूम के वातावरण में भी सतहों और हवा में कई खतरे छिपे रहते हैं, जो रात अच्छी नींद आने से रोकते हैं?

हाल ही में अमेरीस्लीप की एक रिपोर्ट में नींद के वातावरण के बारे में एक चौंकानेवाला खुलासा हुआ है। बिना धुले तकिये के कवर में एक हफ्ते में 3 मिलियन बैक्टीरिया इकट्ठे हो जाते हैं।, जो टॉयलेट की सीट के मुकाबले 17,000 गुना ज्यादा प्रदूषित होता है। वहीं बिना धुली चादर में बाथरूम के दरवाजे के हैंडल की तुलना में 24,631 गुना ज्यादा बैक्टीरिया होते हैं। जोआन कांग, लीड रिसर्च साईंटिस्ट, माईक्रोबायोलॉजी, डायसन इस बारे में महत्वपूर्ण बातें बताते है कि निरंतर सफाई और वैक्यूम क्लीन करके आपको बेडरुम से धूल और एलर्जन को दूर रखने के लिए सुझाव दिये हैं जिससे बेडरुम में स्वच्छ वातावरण बना रहे।



**गंदगी को धो डालें :** चादर, तकिये के कवर और कंबलों को कम से कम 140 डिग्री फॉरेनहाईट पर गर्म पानी से धोकर एलर्जन को दूर करने की मदद मिलती है। इसलिए सप्ताह में एक बार बिस्तर की चादरें, तकिए के कवर और कंबल को धो लेना चाहिए।

**वैक्यूम से सफाई करें :** धूल के कण काफी सूक्ष्म होते हैं और गद्दे में गहराई तक उतरकर रेशों में लग जाते हैं, जिसकी वजह से उन्हें निकालना मुश्किल हो जाता है। वैक्यूम की मदद से आप अपने घर के कोने-कोने की सफाई कर सकते हैं।

**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)




दिल्ली में नई आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ शुक्रवार को आईटीओ पर विरोध प्रदर्शन के दौरान आप कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। (फोटो : आईएएनएस)

## एक नजर

### ओडिशा के दिग्गज नेता दामोदर राउत का निधन



**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजद) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री दामोदर राउत का शुक्रवार को निजी अस्पताल में निधन हो गया। 18 मार्च को दिल का दौरा पड़ने के बाद राउत को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने दामोदर राउत के निधन पर शोक जताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, "ओडिशा सरकार में कई बार मंत्री रहे अनुभवी नेता दामोदर राउत के निधन से दुखी हूं। ओडिशा और देश की प्रगति में राउत के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।" सीएम नवीन पटनायक ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, "बीजू जनता दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री दामोदर राउत के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। ओडिशा की राजनीति में यह एक अपूरणीय क्षति है।

### दिल्ली में युवक पर चाकू से 12 वार, मौत नौ किशोर हिरासत में

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार इलाके में नाबालिगों के एक समूह ने 20 साल के एक युवक पर 12 बार चाकू से वार किए जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि इस मामले में नौ किशोरों को हिरासत में लिया गया है। मृतक की पहचान संगम विहार इलाके के रहने वाले शादाब के रूप में हुई है।

### महाराष्ट्र : 1.5 लाख रुपये का इनामी खूंखार माओवादी गिरफ्तार

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र पुलिस ने एक खूंखार, वांछित माओवादी को गिरफ्तार किया है, जिसके सिर पर 1.5 लाख रुपये का इनाम था। अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान पेका माडी पुंगती (42) के रूप में हुई है, जिसे सीआरपीएफ और भामरागढ़ क्यूआरटी टीमों द्वारा लागू सुरक्षा नाकाबंदी के दौरान एक ट्रैफिक चेक पोस्ट के पास पकड़ा गया।

### अखिलेश ने आजम खान से जेल में की मुलाकात



**सीतापुर।** यूपी की सीतापुर जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री आजम खान से शुक्रवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव मिलने पहुंचे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ पूर्व विधायक अनूप गुप्ता और पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया भी जिला कारागार में गए। बताया जा रहा लोकसभा चुनाव को लेकर उनसे मंत्रणा के लिए अखिलेश यादव पहुंचे हैं। सीतापुर जेल में बंद सपा नेता से मिलने के लिए अखिलेश यादव का काफिला सीधे जेल परिसर के अंदर चला गया। अखिलेश यादव ने जेल के अंदर जाते वक्त मीडिया से बातचीत नहीं की।

# भ्रष्टाचार के आरोप में फंसे आम आदमी पार्टी के नेताओं की लंबी फेहरिस्त



**एजेंसी। नई दिल्ली ।**

जिस आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार के विरोध में झंडा बुलंद किया था, जिसने जनता से भ्रष्टाचार मुक्त राजनीतिक व्यवस्था विकसित करने का वादा किया था, आज वही आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे हैं। उसके कई नेता कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं, कई सलाखों के पीछे हैं। आप के कई नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप के बाद पंजाब से लेकर दिल्ली तक पार्टी की प्रतिष्ठा को धक्का पहुंचा है। लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाला मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया है। आप के दो नेताओं की पहले से ही इस मामले में गिरफ्तारी हो चुकी है, जिसमें संजय सिंह और मनीष सिसोदिया का नाम शामिल है।

इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने दलील दी थी कि 2021-22 दिल्ली आबकारी नीति के जरिए हितधारकों को असीमित लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस नीति के जरिए थोक विक्रेताओं को जहां 12 प्रतिशत, तो वहीं खुदरा विक्रेताओं को 185 फीसद मार्जिन पहुंचाने की कोशिश करने का आरोप है। कथित तौर पर थोक विक्रेताओं के लाभ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा 6 प्रतिशत आप नेताओं के लिए रिश्वत के रूप में आने का आरोप है। इसके अलावा, यह भी आरोप लगाया गया है कि साउथ ग्रुप ने विजय नायर को 100 करोड़ रुपए दिए, जो आम आदमी पार्टी के साथ संचार प्रभारी के रूप में जुड़ा हुआ था। मई 2022 में सत्येंद्र जैन को भी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया। जैन पर आरोप है कि उन्होंने हवाला के जरिए पैसे ट्रांसफर करवाए। जैन ने भी दिल्ली आबकारी नीति को लागू कराने में अहम भूमिका निभाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन की याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस एम. बेला त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका को खारिज कर आप नेता को जेल अधिकारी के समक्ष समर्पण करने का निर्देश दिया।

इस बीच, एक और आप नेता अमानतुल्लाह खान भी मुश्किलों में फंसे हुए हैं। हालांकि, वो जमानत पर बाहर हैं, लेकिन वो वर्तमान में कई तरह की कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं। दरअसल, उन पर आरोप है कि उन्होंने दिल्ली वक्फ बोर्ड के चेयरमैन रहने के दौरान वित्तीय हेराफेरी की थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि उसके पास अमानतुल्लाह खान के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं, जिससे अब उनके राजनीतिक भविष्य पर भी ग्रहण लग चुका है। इससे पहले मार्च में दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप विधायक अमानतुल्लाह खान की जमानत याचिका भी खारिज कर दी थी। यह मामला ओखला में अवैध रूप से जुटाए गए 36 करोड़ से जुड़ा हुआ है। जांच के दौरान ईडी ने सीबीआई, एसीबी और दिल्ली पुलिस द्वारा दाखिल की गई प्राथमिकी पर भी विचार किया। ईडी ने कहा था कि संपत्ति खान के कहने पर खरीदी गई थी और 27 करोड़ रुपये नकद लेनदेन के सबूत पेश किए गए। इससे पहले पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन पर लगे आरोपों ने भी पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी। दरअसल, ताहिर पर दिल्ली 2020 के दंगों को भड़काने और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे थे।

### 'हर गली-मोहल्ले में क्रांति होगी', हिरासत में लिए जाने के बाद आतिशी, सौरभ की ललकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद बीजेपी हेड क्वार्टर पर प्रदर्शन करने जा रहे आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में लेना शुरू कर दिया है। आतिशी, सौरव भारद्वाज समेत कई नेता आम आदमी कार्यकताओं के साथ प्रोटेस्ट में शामिल हुए थे, जिन्हें दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। इस प्रदर्शन के जरिए आम आदमी पार्टी लगातार यह कहती दिखाई दे रही है कि अब हर गली मोहल्ले में क्रांति होगी। दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के दौरान आम आदमी पार्टी के एमएलए सौरव भारद्वाज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के बुजुर्ग मां-बाप और परिवार को उनके रिश्तेदारों और लोगों से नहीं मिलने दिया जा रहा है। एक तरीके से उनका मेंटल टार्चर किया जा रहा है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए बताया कि ईडी सिर्फ यह कहती है कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सबूत मिले हैं, लेकिन वह सबूत को सुप्रीम कोर्ट में भी नहीं दिखा पाती।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे गुजरात 'आप' के अध्यक्ष हिरासत में

**अहमदाबाद।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ गुजरात में 'आप' कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के दौरान ईसुदान गढ़वी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ईसुदान गढ़वी आम आदमी पार्टी की गुजरात इकाई के अध्यक्ष हैं। पुलिस के इस कदम को आप कार्यकर्ताओं ने 'राजनीति' से प्रेरित बताया। पुलिस ने आप के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया, जिसमें ईसुदान गढ़वी भी शामिल हैं। गुजरात आप सदस्य करण बारोट ने कहा, ''अहमदाबाद के सरदारबाग इलाके में आम आदमी पार्टी के 300 कार्यकर्ता सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में जुटे। हम केजरीवाल के साथ हुए अन्याय के विरोध में एकत्रित हुए। इस बीच पुलिस की वैन आई और उन्होंने आप कार्यकर्ताओं ही नहीं, बल्कि ईसुदान गढ़वी को भी हिरासत में ले लिया। हम शांतिपूर्ण विरोध कर रह थे, लेकिन तभी एकाएक पुलिस आई और हमें जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गई।''

### भाजपा ने लोस उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 15 उम्मीदवारों की अपनी चौथी लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने अपनी चौथी लिस्ट में दक्षिण भारत के राज्य तमिलनाडु से 14 और पुडुचेरी से एक उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही पार्टी ने तमिलनाडु और त्रिपुरा में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए भी एक-एक उम्मीदवार के नाम की घोषणा की है। पार्टी ने तमिलनाडु के तिरुवल्लुर से पोन. वी. बालगणपति, नमक्कल से केपी. रामलिंगम, तिरुपूर से एपी. मुरुगानंदम, चिदंबरम से पी. कार्थियाइनी और मदुरई से रामा श्रीनिवासन सहित तमिलनाडु से 14 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया है। इससे पहले भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में 195, दूसरी लिस्ट में 72 और तीसरी लिस्ट में 9 लोकसभा उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे।

## ईवीएम में गड़बड़ी करने वालों को फांसी दी जाएगी : दिग्विजय



**एजेंसी। भोपाल।**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने ईवीएम में गड़बड़ी होने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि इस गड़बड़ी में शामिल लोगों को देशद्रोह में फांसी दी जाएगी। भोपाल में कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने शुक्रवार को कहा कि ईवीएम में हेराफेरी करने वालों को मैं चेतावनी देना चाहता हूं, वे लोग एक दिन पकड़े जाएंगे, हम लोग इसके काफी नजदीक पहुंच गए हैं। जिस दिन ये पकड़े जाएंगे, उस दिन इन्हें देशद्रोह में फांसी दी जाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने ईवीएम में गड़बड़ी, कांग्रेस के बैंक अकाउंट फ्रीज किए जाने और भोजशाला के सर्वे कराए जाने जैसे मसलों पर भाजपा तथा केंद्र की सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भाजपा के बढ़ते जनाधार को लेकर कहा कि जन चर्चा इस बात की है कि जो मेंडेट जनता का मिला है, उसमे कहीं न कहीं गड़बड़ है और कई प्रश्न ईवीएम पर भी उठ रहे हैं। इसका जवाब न तो चुनाव आयोग देता है, न सरकार देती है और इनका अति विश्वास झलकता है। इन्होंने 2014 में कहा 272 से ज्यादा सीटें मिलेगी तो 284 आई। 2019 में कहा 300 से ज्यादा सीटें आयेगी, तो 303 आई और अब कह रहे हैं 400 पार। यह इस तरह का उदाहरण हमें कहीं और देखने नहीं मिलता, लेकिन उनका अति विश्वास शक पैदा करता है।

## सनातन पर प्रहार नहीं सह पाए रोहन गुप्ता, छोड़ दी कांग्रेस



**एजेंसी। नई दिल्ली ।**

कांग्रेस प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दी। रोहन गुप्ता ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी लिखकर अपना इस्तीफा भेजा और साथ ही पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं पर गंभीर आरोप भी लगाए। इसके अलावा उन्होंने अपने पोस्ट में कांग्रेस से इस्तीफा देने की वजह भी बताई है। बता दें कि इससे पहले रोहन गुप्ता ने अहमदाबाद (पूर्व) लोकसभा सीट से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का निर्णय लिया था। रोहन गुप्ता ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को लिखी चिट्ठी में बताया, "मैं पिछले तीन दिनों से अपने पिता की खराब स्वास्थ्य स्थितियों से जूझ रहा हूं। जिससे मुझे वास्तव में उनके दृष्टिकोण को समझने में मदद मिली। उन्होंने पिछले 40 वर्षों में पार्टी में विश्वासघात और तोड़फोड़ की घटनाओं का वर्णन किया। उन घटनाओं के घाव अभी भी ठीक नहीं हुए हैं। उनके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। वह नहीं चाहते कि मैं भी कांग्रेस में रहकर उनकी तरह पार्टी के नेताओं के विश्वासघात की कीमत चुकाऊं, क्योंकि पिछले दो वर्षों से मैं जिस मानसिक आघात से गुजरा हूं, उसे मेरे पूरे परिवार ने देखा है, जो कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट से जुड़े वरिष्ठ नेता के कारण हुआ था। मेरे पिता मेरे साथ वही सब घटित होने की कल्पना कर रहे थे जो मैं नहीं कर सकता था।"

## बंगाल के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के आवास पर ईडी की छापेमारी



**एजेंसी। कोलकाता ।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम शुक्रवार को बीरभूम जिले में पश्चिम बंगाल के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और कपड़ा विभागों के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के आवास पर छापेमारी की। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि ईडी के अधिकारियों की टीम के साथ बड़ी संख्या में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान भी थे। वे सुबह करीब 9.45 बजे नीचूपट्टी इलाके में मंत्री के आवास पर पहुंचे। सीएपीएफ कर्मियों ने इमारत के प्रवेश द्वार की नाकेबंदी कर दी और ईडी के अधिकारी अंदर चले गए। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि उस वक्त मंत्री अपने आवास पर नहीं थे। पता चला है कि छापेमारी और तलाशी अभियान पश्चिम बंगाल में पशु तस्करी मामले से जुड़े थे। मंत्री सिन्हा, बीरभूम जिले के एक प्रभावशाली मंत्री, और वर्तमान में दिल्ली की तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद पार्टी के कद्दावर नेता, अनुब्रत मंडल के करीबी विश्वासपात्र माने जाते थे। वहीं, ईडी अधिकारियों की अन्य टीमें पश्चिम बंगाल में स्कूल भर्ती घोटाले के सिलसिले में शुक्रवार सुबह से कोलकाता में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चला रही हैं।

## आंध्र प्रदेश में छह पूर्व सीएम के बेटे चुनाव मैदान में



**एजेंसी। अमरावती ।**

आंध्र प्रदेश में कम से कम छह पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे 13 मई को विधानसभा और लोकसभा के लिए एक साथ होने वाले चुनाव में अपनी किस्मत आजमाएंगे, जबकि दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की बेटियों के भी दौड़ में शामिल होने की संभावना है। हाई-प्रोफाइल उम्मीदवारों की सूची में सबसे आगे मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के अध्यक्ष वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी हैं। संयुक्त आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वाई.एस. राजशेखर रेड्डी के बेटे वाईएसआर परिवार के गृह जिले कडप्पा में पुलिवेंदुला निर्वाचन क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ेंगे। पुलिवेंदुला को 1978 से वाईएसआर परिवार का गढ़ माना जाता है। जगन मोहन रेड्डी लगातार तीसरी बार यहां से चुनाव लड़ेंगे।उनकी बहन और राज्य कांग्रेस प्रमुख वाई.एस. शर्मिला के कडप्पा लोकसभा क्षेत्र से मौजूदा सांसद और चचेरे भाई वाई.एस. अविनाश रेड्डी के खिलाफ मैदान में उतरने की संभावना है। कडप्पा भी 1989 से वाईएसआर परिवार का गढ़ रहा है। एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के संस्थापक एन.टी. रामा राव के बच्चे भी राजनीति में अपनी किस्मत आजमाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि वाईएसआर की तरह एनटीआर के बच्चे भी अलग-अलग पार्टियों के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। एनटीआर के बेटे और लोकप्रिय अभिनेता एन. बालकृष्ण हिंदूपुर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक के रूप में हैट्रिक की तलाश में होंगे। एनटीआर खुद 1985, 1989 और 1994 में हिंदूपुर से चुने गए थे। उनके बड़े बेटे एन. हरिकृष्ण भी 1996 में हुए उपचुनाव में यहां से चुने गए थे।

## लालू प्रसाद टिकट बेचने के माहिर खिलाड़ी : भाजपा



**एजेंसी। पटना ।**

बिहार के पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की पुत्री मीसा भारती और सारण से रोहिणी आचार्य के उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चा पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि लालू यादव टिकट बेचने के माहिर खिलाड़ी हैं। पटना में पत्रकारों ने शुक्रवार को सम्राट चौधरी से इस संबंध में सवाल किया तो उन्होंने साफ लहजे में कहा कि लालू जी टिकट बेचने के माहिर खिलाड़ी हैं। उन्होंने तो अब अपनी बेटी तक को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले अपनी बेटी से किडनी लिया, उसके बाद टिकट दिया, यही है लालू प्रसाद यादव का परिचय। जो व्यक्ति अपनी बेटी तक को नहीं छोड़ता है, उसी का नाम है लालू प्रसाद यादव। उल्लेखनीय है कि लालू प्रसाद यादव ने कुछ महीने पहले किडनी ट्रांसप्लांट करवाई है। बताया जाता है कि उनकी बेटी रोहिणी ने ही अपनी किडनी अपने पिता को दी है।

# लोस चुनाव : बिहार के वैशाली संसदीय क्षेत्र में राजद-लोजपा के बीच मुख्य मुकाबला

**एजेंसी। पटना ।**

लोकतंत्र और गणतंत्र का पाठ पढ़ने वाली वैशाली भगवान महावीर की जन्मस्थली और भगवान बुद्ध की कर्मस्थली है। लोकसभा चुनाव-2024 में यहां मुख्य मुकाबला आईएनडीआईए और राजग गठबंधन के बीच होगा। राजग गठबंधन में यह सीट लोजपा रामविलास के चिराग के पास गई है जबकि आईएनडीआईए में यह सीट राजद के खाते में है।

वैशाली से 2019 के लोकसभा चुनाव में लोजपा की वीणा देवी ने राजद के दिग्गज नेता रघुवंश प्रसाद सिंह को पटकनी दी थी। रघुवंश प्रसाद सिंह को जनता ने वैशाली से पांच बार जिताकर लोकसभा भेजा। 1996 में जनता दल की टिकट पर रघुवंश प्रसाद सिंह ने यहां से पहली बार जीत दर्ज की। इसके बाद लालू यादव की राजद की टिकट पर उन्होंने 1998, 1999,




2004 और 2009 में जीत हासिल की। रघुवंश प्रसाद यहां से लगातार पांच बार जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। 2014 में मोदी लहर में भाजपा की सहयोगी पार्टी लोजपा के राम किशोर सिंह ने उन्हें हरा दिया। इसके बाद 2019 में भी लोजपा उम्मीदवार वीणा देवी से हार का सामना करना पड़ा।

वैशाली लोकसभा सीट वैशाली, बरूराज, मीनापुर, कांटी, साहेबगंज और पारू विधानसभा क्षेत्रों को मिलकर बना है। वैशाली में कुल 1735983 मतदाता हैं। इनमें पुरुष वोटर जहां 932416 हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 1735983 है। वैशाली में बिहार के दूसरे लोकसभा क्षेत्रों की तरह ही जातीय समीकरण से हार जीत तय होता है।

**2019 के लोकसभा में यहां लोजपा की हुई थी जीत**

विजयी उम्मीदवार : वीणा देवी
पार्टी : लोक जन शक्ति पार्टी
प्राप्त वोट : 568215
वोट का प्रतिशत : 62
पुरुष मतदाता : 932416
महिला मतदाता : 803519
कुल मतदाता : 1735983
निकटतम प्रतिद्वंद्वी : रघुवंश प्रसाद सिंह
पार्टी : राष्ट्रीय जनता दल
प्राप्त वोट : 333631
हार का अंतर : 234584

## आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व आरोग्य प्रभावित होगा।

**वृष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख

**मिथुन :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**कर्क :** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**सिंह :** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्या :** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानियां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे।

**तुला :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक :** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**धनु :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**मकर :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कुंभ :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**मीन :** जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

# आरसीबी ने सीएसके को 174 रन का दिया टारगेट, अनुज और दिनेश ने 95 रन की पार्टनरशिप की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की मौजूदगी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सत्र के पहले मैच में शुक्रवार को रुतुराज गायकवाड़ की चेन्नई सुपर किंग्स के सामने है। बेंगलुरु के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने टॉस जीतने के बाद पहले बललेबाजी का फैसला लिया है। बेंगलुरु ने चेन्नई को दिनेश कार्तिक और अनुज रावत की महत्वपूर्ण पारियों की बदौलत 174 रनों का लक्ष्य दिया है। विराट कोहली मात्र 21 रन ही बना पाए। रचिन रवींद्र और रहाणे ने खूबसूरत एफर्ट लगाकर उनकी कैच पकड़ी। इसके बाद ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन 22 गेंदों पर 18 रन बनाकर आऊट हो गए। 77 रन पर 5 विकेट गिर चुके थे लेकिन इसके बाद अनुज रावत ने विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया।



**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर**

| बल्लेबाजी | रन | बॉल | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली | 21 | 20 | 0 | 1 |
| फाफ डुप्लेसी | 35 | 23 | 8 | 0 |
| रजत पाटीदार | 0 | 3 | 0 | 0 |
| ग्लेन मैक्सवेल | 0 | 1 | 0 | 0 |
| कैमरन ग्रीन | 18 | 22 | 1 | 0 |
| अनुज रावत | 48 | 25 | 4 | 3 |
| दिनेश कार्तिक | 38 | 26 | 3 | 2 |

अतिरिक्त -13, कुल -173/6 (20 ओवर)

**विकेट पतन :** 1-41, 2-41, 3-42, 4-77, 5-78, 6-173 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** दीपक चाहर 4-0-37-1, तुषार देशपांडे 4-0-47-0, महीश थीक्षणा 4-0-36-0, मुस्तफि जुर रहमान 4-0-29-4, रवींद्र जाडेजा 4-0-21-0

# पंजाब किंग्स के सामने होगी दिल्ली कैपिटल्स की चुनौती

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन का दूसरा मुकाबला पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच में खेला जाएगा। दोनों ही टीमें चंडीगढ़ के मुल्लानपुर में बने नए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम खेलेंगी जहां पर पहली बार आईपीएल का मुकाबला खेला जाएगा। पंजाब किंग्स की टीम जहां एक बार फिर से शिखर धवन की कप्तानी में खेलने उतरेगी, तो वहीं दिल्ली कैपिटल्स टीम में ऋषभ पंत की वापसी के साथ वह टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभालते हुए नजर आएंगे, दोनों ही टीमों के बीच अब तक आईपीएल इतिहास में कई रोमांचक मुकाबले भी देखने को मिले हैं। पंजाब और दिल्ली के बीच आईपीएल इतिहास में अब तक हेड टू हेड रिकॉर्ड को लेकर बात की जाए तो दोनों ही टीमें आपस में 32 मुकाबले खेले हैं, जिसमें 16 बार पंजाब किंग्स को जीत मिली है तो वहीं 16 बार मैच को दिल्ली कैपिटल्स ने अपने नाम किया है।




## दोनों टीमों इस प्रकार से हैं

**दिल्ली कैपिटल्स –** ऋषभ पंत (कप्तान), पृथ्वी शॉ, प्रवीण दुबे, डेविड वार्नर, मिचेल मार्श, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नॉर्टजे, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, ललित यादव, खलील अहमद, स्वास्तिक छिकारा, इशांत शर्मा, यश ढुल, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, शाई होप, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल।

**पंजाब किंग्स –** शिखर धवन (कप्तान), आशुतोष शर्मा मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, राइली रूसो, शशांक सिंह सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, हर्षल पटेल, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कैगिसो रबाडा, हरप्रीत बराड़, राहुल चाहर, विदवथ कावेरप्पा , शिवम सिंह, क्रिस वोक्स, विश्वनाथ प्रताप सिंह, तनय त्यागराजन, हरप्रीत भाटिया, प्रिंस चौधरी।

## पंत की वापसी पर रहेगी सभी की नजरें

दिल्ली कैपिटल्स टीम के मैदान पर उतरने का इंतजार सभी फैंस काफी बेसब्री के साथ कर रहे हैं, जिसमें ऋषभ पंत की वापसी पर नजरें हैं। पिछले सीजन कार एक्सीडेंट में घायल होने की वजह से पंत नहीं खेल सके थे, वहीं इस सीजन के लिए उन्हें पहले ही पूरी तरह से फिट घोषित कर दिया गया है। पंत की वापसी से दिल्ली कैपिटल्स टीम की बल्लेबाजी को जहां मजबूती मिलेगी, वहीं डेविड वॉर्नर से भी दबाव कम होगा जिनके नेतृत्व में पिछले सीजन में टीम ने खेला था और लीग स्टेज से ही बाहर हो गई थी।

**14 महीने के बाद मैदान पर लौटने वाले हैं पंत**

# 'शेर यहां है', बुमराह के ट्रेनिंग कैंप में शामिल होने पर मुंबई ने शेयर की पोस्ट

**मुंबई ।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शुक्रवार को आगामी सीजन से पहले पांच बार के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) विजेता मुंबई इंडियंस (एमआई) के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। आईपीएल 2023 में पीठ में स्ट्रेस चोट के कारण बुमराह टूर्नामेंट से चूक गए। स्टार तेज गेंदबाज ने टूर्नामेंट के 2013 सीजन में मुंबई स्थित फ्रेंचाइजी के साथ अपनी शुरूआत की, इसके बाद उन्होंने 120 मैचों में भाग लिया जिसमें उन्होंने 7.4 की इकॉनमी रेट से 145 विकेट हासिल किए। मुंबई स्थित फ्रेंचाइजी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने 30 वर्षीय खिलाड़ी के टीम में शामिल होने की खबर साझा की। एमआई ने एक्स पर लिखा, 'शेर यहां है।'आईपीएल का 17वां सीजन 22 मार्च से शुरू हो रहा है जबकि मुंबई इंडियंस अपने अभियान की शुरूआत रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ करेगी। एमआई का 2023 में एक सफल सीजन रहा जो लीग के नॉकआउट चरण तक पहुंचे। हालांकि वह छठे खिताब का दावा करने में असमर्थ रहे। टीम रैंकिंग में चौथे स्थान पर रही लेकिन क्वालीफायर 2 में गुजरात टाइटंस से बाहर होने के बाद फाइनल से चूक गई।

## कोलकाता और सनराइजर्स हैदराबाद में भिड़ंत आज

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को होने वाले मुकाबले में आईपीएल के दो सबसे महंगे खिलाड़ियों आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क और पैट कमिंसके अलावा चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन पर भी फोकस रहेगा। कमर की चोट के कारण पिछले साल पूरे सत्र से बाहर रहे श्रेयस केकेआर की कमान संभालेंगे। उन्होंने हाल ही में एक घरेलू मैच में मुंबई के लिये 95 रन बनाए लेकिन फिटनेस को देखते हुए यह तय नहीं है कि वह सारे मैच खेल सकेंगे या नहीं।

## खबरें व्यापार जगत की

### होली के पहले बाजार में तेजी, निवेशकों ने 1 दिन में ही की 2.39 लाख करोड़ की कमाई

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार ने आज शुरूआती कमजोरी का सामना करने के बाद जबरदस्त मजबूती का प्रदर्शन किया। होली के पहले के आखिरी कारोबारी दिन बाजार में तेजी के कारण निवेशकों ने भी जम कर मुनाफा कमाया। आज कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी लेकिन पहले घंटे के कारोबार में ही तेजड़ियों ने बाजार पर कब्जा जमा लिया। इसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक जोरदार तेजी दिखाने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.26 प्रतिशत और निफ्टी 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में आईटी को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। ऑटोमोबाइल, रियल्टी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। आईटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद होने में सफल रहा। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 382.24 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। हालांकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 379.85 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.39 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,906 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,444 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,365 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 97 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,228 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,481 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 747 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 37 शेयर हरे निशान में और 13 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 409.53 अंक टूट कर 72,231.66 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक गिर कर 469.10 की कमजोरी के साथ 72,172.09 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद बाजार में तेजड़ियों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से शाम 3 बजे के कुछ देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 943.53 अंक उछल कर 474.43 अंक के तेजी के साथ 73,115.62 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट की वजह से हुई बिकवाली के कारण सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 275 अंक से भी अधिक फिसल कर 190.75 अंक की मजबूती के साथ 72,831.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

### डीजीसीए ने फ्लाइट ड्यूटी टाइमिंग उल्लंघन के लिए एयर इंडिया पर ठोका 80 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने एयर इंडिया पर उड़ान से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने के लिए 80 लाख रुपये का जुमार्ना ठोका है। चालक दल के लिए अल्ट्रा-लंबी दूरी की उड़ानों से पहले और बाद में आराम न देने के रुल में अनियमितता बरतने के लिए यह जुमार्ना लगाया गया। डीजीसीए ने हाई लेवल की सेफ्टी को देखते हुए एफडीटीएल और एफएमएस नियमों के अनुपालन को लेकर जनवरी में एयर इंडिया का स्पॉट ऑडिट किया था। ऑडिट के दौरान साक्ष्य एकत्र किए गए और रिपोर्टों का विश्लेषण किया गया। डीजीसीए के महानिदेशक विक्रम देव दत्त ने कहा, "रिपोर्टों की जांच में यह बात सामने आई कि एयर इंडिया ने कुछ मामलों में 60 साल से अधिक उम्र के दोनों फ्लाइट क्रू के साथ उड़ानें संचालित की, जो एयरक्राफ्ट रूल्स, 1937 के नियम 28 ए के उप नियम (2) का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेटर को अल्ट्रा-लॉन्ग रेंज उड़ानों से पहले और बाद में पर्याप्त साप्ताहिक आराम और फ्लाइट क्रू को लेओवर पर पर्याप्त आराम प्रदान करने में भी कमी पाई गई, जो एफडीटीएल पर नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं के मौजूदा प्रावधानों का उल्लंघन है। इसके अलावा, ऑडिट के दौरान ड्यूटी अवधि से अधिक होने, गलत तरीके से चिह्नित प्रशिक्षण रिकॉर्ड, ओवरलैपिंग कर्तव्यों आदि में भी कमी पाई गई।

### वैश्विक चुनौतियों के बीच आरबीआई की बैठक में आर्थिक हालात की समीक्षा

**मुंबई।** आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को नागपुर में एक बैठक की जिसमें वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति और दृष्टिकोण की समीक्षा की गई। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि भू-राजनीतिक घटनाएं और वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियां का अर्थव्यवस्था पर कितना असर पड़ा है। आरबीआई के एक बयान के अनुसार, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में हुई बैठक में चालू वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान डिजिटल भुगतान, कंज्यूमर एजुकेशन और जागरूकता में हुई प्रगति सहित रिजर्व बैंक की गतिविधियों पर भी चर्चा हुई।

# चयन ट्रायल में हुई खिलाड़ियों की कौशल की जांच

**चयनित खिलाड़ियों को सेंटर ऑफ एक्सेलेंस केंद्र में मिलेगी ट्रेनिंग**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग और रांची जिला प्रशासन के तत्वावधान में सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के प्रतिभा चयन ट्रायल के दूसरे दिन खेलगांव, होटवार में बैडमिंटन, कुश्ती तथा बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में फुटबॉल के खिलाड़ियों की कौशल एवं एंड्यूरेंस की जांच की गई। बता दें कि इस चयन प्रतियोगिता में बैडमिंटन, कुश्ती एवं फुटबॉल में बालक एवं बालिका मिलाकर लगभग साढ़े तीन सौ प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। चयनित सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी को विभिन्न खेलों के सेंटर ऑफ एक्सेलेंस केंद्र में रखा जाएगा। ज्ञात हो कि चयन प्रतियोगिता विगत गुरुवार (21 मार्च) से शुरू हुई थी और शनिवार (23 मार्च) तक चलेगी। पहले दिन गुरुवार को सभी निर्धारित स्थानों पर खिलाड़ियों के पंजीयन के उपरांत शारीरिक दक्षता के तहत बैटरी जांच हुई थी। इस चयन ट्रायल में आज विभाग के आवासीय एवं डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक अजय झा, भरत कुमार साहू, रवि शंकर केशरी, सौरभ कुमार, करम मुंडा, सुनील महली, काली चरण महतो, जेम्स पूर्ति,जोलेन होरो, अघनू उरांव, शाहिद अंसारी, गोपाल तिर्की, अंगद कुमार हंसराज, प्रेमचंद पूर्ति, विनय क्षेत्री, फरजाना प्रवीण, दुलारी टोप्नो, अख्तर हुसैन, हसन अंसारी, अनमोल टोप्पो, राजीव रंजन, बिरसी मुंडू ने संयुक्त रूप से अहम भूमिका।



# अर्जेंटीना का बॉस बने रहने के फैसले में मेसी की भूमिका अहम : स्कालोनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लियोनेल स्कालोनी ने लियोनेल मेसी सहित वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ बातचीत की और एक साल बाद अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम के मैनेजर बने रहने के लिए उनके उत्साह को फिर से जगाया, जिसे उन्होंने मुश्किल बताया। नवंबर में, स्कालोनी ने खुलासा किया था कि वह रियो डी जेनेरो के माराकाना स्टेडियम में फीफा विश्व कप क्वालीफायर में ब्राजील पर एल्बीसेलेस्टे की 1-0 की जीत के बाद अपनी नौकरी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। लेकिन शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अल साल्वाडोर के खिलाफ अर्जेंटीना के दोस्ताना मैच से पहले बोलते हुए, 45 वर्षीय ने अपने भविष्य के बारे में किसी भी संदेह को दूर कर दिया। स्कालोनी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैंने लियो [मेसी] और अन्य खिलाड़ियों से बात की। मेसी टीम के कप्तान हैं। मैंने अन्य खिलाड़ियों से भी बात की, एंजेल डि मारिया, लुटारो [मार्टिनेज], (निकोलस) ओटामेंडी, रोड्रिगो डी पॉल के साथ। वे ऐसे लोग हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करता हूं, जिनसे मैं बहुत प्यार करता हूं। वे पहले दिन से ही हमारे साथ हैं। मुझे उनसे बात करने और अपने विचार साझा करने की जरूरत थी। स्कालोनी, जिन्होंने नवंबर में सुझाव दिया था कि उनके पास जारी रखने के लिए ऊर्जा की कमी है, ने जोर देकर कहा कि उन्होंने छोड़ने के बारे में कभी गंभीरता से नहीं सोचा था।



**अल साल्वाडोर के साथ अर्जेंटीना की भिड़ंत के बाद अगले मंगलवार को लॉस एंजेलिस में कोस्टा रिका के खिलाफ एक और दोस्ताना मैच खेला जाएगा।**

## आईपीएल में दिव्यांग दर्शकों के लिए साइन लैंग्वेज में होगी कमेंट्री

**मुंबई।** आईपीएल 2024 में बधिर, कम सुनने वाले और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिए साइन लैंग्वेज में कमेंट्री होगी। आईपीएल 2024 के आधिकारिक ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने इंडिया साइनिंग हैंड्स के सहयोग से और बीसीसीआई के समर्थन से लीग में भारतीय सांकेतिक भाषा फीड की शुरूआत की घोषणा की। यह फीड उन विशेषज्ञों के परामर्श से भारतीय सांकेतिक भाषा का उपयोग करके गेंद-दर-गेंद अपडेट प्रदान करेगी, जिन्हें इंडिया साइनिंग हैंड्स की मदद से शुरू किया जा रहा है। जो बात इसे और भी खास बनाती है, वह है दृष्टिबाधित प्रशंसकों के साथ जुड़ने की इसकी क्षमता, जिसमें कमेंटेटर नियमित मौखिक स्कोर अपडेट के साथ खेल के हर पल का वर्णन करते हैं। भारतीय बधिर क्रिकेट टीम के कप्तान वीरेंद्र सिंह आईपीएल का पहले जैसा अनुभव लेने के लिए तैयार हैं और दोस्तों और परिवार के साथ इसका पूरा आनंद लेना चाहते हैं।

## साथियान ने रचा इतिहास, डब्ल्यूटीटी फीडर खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरिज टूनार्मेंट में पुरूष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने लेबनान के बैरूत में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर बैरूत 2024 के आखिरी दिन भारत के ही मानव ठक्कर को 3.1 (6.11, 11.7, 11.7, 11.4) से हराया। इससे पहले उन्होंने भारत के ही हरमीत देसाई को 15.13, 6.11, 11.8, 13.11 से मात दी थी औ शीर्ष वरीयता प्राप्त चुआंग चिह युआन को 11.8, 11.13, 11.8, 11.9 से हराया था। महिला एकल में शिया लियान नि विजेता रही जिन्होंने सुह यो वोन को 11.9, 11.5, 11.5 से मात दी। पुरूष युगल में भारत के मानव ठक्कर और मानुष उत्पलभाई शाह फाइनल में एंडी परेरा और जॉर्ज कंपोस से 11.5, 7.11, 11.13, 12.14 से हार गए। मिश्रित युगल में भारत की दिया चितले और मानुष शाह ने हमवतन मानव और अर्चना कामथ को 11.6, 10.12, 11.6, 11.6 से हराकर खिताब जीता।




# भारतीय महिला हॉकी टीम को नई मजबूती देंगे, यह वादा है मेरा : कप्तान सविता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रांची में ओलंपिक क्वालीफायर में हार का दर्द जिंदगी भर उन्हें सालता रहेगा लेकिन भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया का वादा है कि अगले चार साल में इतनी मजबूत टीम बनायेंगे कि यह दिन दोबारा नहीं देखना पड़े। सविता ने कहा, ओलंपिक क्वालीफायर हारना हमारे लिये ऐसा बुरा पल है जिसे हम खिलाड़ी पूरी जिंदगी शायद नहीं भुला सकेंगे। अभी तक मैं उससे उबर नहीं सकी हूं। रियो ओलंपिक 2016 के जरिये 36 साल बाद ओलंपिक में लौटी भारतीय महिला हॉकी टीम तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही थी। रांची में जनवरी में खेले गए क्वालीफायर में हालांकि जापान से हारकर उसने पेरिस ओलंपिक जाने का मौका गंवा दिया।

इस अनुभवी गोलकीपर ने कहा, मैं उसके बारे में बात नहीं करना चाहती थी क्योंकि इससे दुख ही होता है। हमने तोक्यो में चौथे स्थान पर रहने की खुशी देखी और अब ओलंपिक नहीं खेलने का दर्द भी। लेकिन हम खिलाड़ी हैं और हार जीत हमें बहुत कुछ सिखाती है। लेकिन कम से कम हमें यह मलाल नहीं है कि हमने अच्छा नहीं खेला। उन्होंने कहा, हम सभी ने अपना शत प्रतिशत दिया और हमारी तैयारी बहुत अच्छी थी। वादा करते हैं कि अगले टूर्नामेंटों में अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। शायद इस हार के पीछे हमारी बदकिस्मती थी। लोगों से ज्यादा हम खुद दुखी हैं। हमने बहुत मेहनत की थी। सब कुछ झोंक दिया था। छह साल बाद सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खेल रही इस खिलाड़ी ने कहा, खेल की अच्छी बात यही है कि आपको पिछला भुलाकर बहुत जल्दी आगे बढ़ना पड़ता है। इसलिए मैं पुणे में सीनियर राष्ट्रीय महिला चैम्पियनशिप खेलने आई क्योंकि हॉकी मेरा जुनून है और मैदान से जितना दूर रहूंगी, ये बात परेशान करती रहेगी। क्वालीफायर हारने के बाद टीम को मिले ब्रेक में खिलाड़ियों को सारा दुख दर्द भुलाकर नये सिरे से लौटने के लिये कहा गया था। सविता ने कहा, घर पर पांच से दस दिन कुछ भी अच्छा नहीं लग रहा था। बहुत कोशिश की लेकिन शरीर साथ नहीं दे रहा था। फिर योग और प्राणायाम का सहारा लिया और फिटनेस पर ध्यान दिया।

उन्होंने कहा, क्वालीफायर के बाद एक सप्ताह घर पर थे और सभी खिलाड़ियों को कहा कि जितना रोना है, उदास होना है यह ब्रेक उसी के लिए है। भीतर रखने से कुछ नहीं होगा और इसे बाहर निकालना जरूरी है। इस ब्रेक में ओलंपिक क्वालीफायर के बारे में किसी ने बात नहीं की। ओलंपिक क्वालीफायर हारने के दस दिन बाद ही भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग खेलना काफी चुनौतीपूर्ण था लेकिन भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को भी हराया। सविता ने कहा, प्रो लीग के लिए टीम भुवनेश्वर में एकत्र हुई तो पहली टीम बैठक में यही देखा कि सभी को कैसा महसूस हो रहा है। युवाओं का मनोबल ऊंचा रहना जरूरी था। टीम को भी श्रेय जाता है कि हमने एकजुट होकर प्रो लीग खेला। उन्होंने कहा, प्रो लीग में हालैंड, ऑस्ट्रेलिया, चीन से अच्छे मैच खेले। मन में यही चल रहा था कि हम बेहतर के हकदार थे लेकिन क्वालीफाई क्यो नहीं कर पाए, इसका जवाब हमारे पास नहीं है। हालैंड टीम भी हैरान थी कि हम क्यो नहीं कर सके। अब भारतीय टीम को मई जून में बेल्जियम में प्रो लीग मुकाबले खेलने हैं और फोकस फिटनेस पर रहेगा। सविता ने कहा, अब नया कोर ग्रुप बनेगा और कुछ नए खिलाड़ी भी आएंगे। फिटनेस और ड्रैग फ्लिक पर फोकस रहेगा। जो हॉकी हम लगातार खेल रहे हैं, उसी पर काम करना है। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये शादी के बाद पति से दूर रहने वाली सविता को सबसे बड़ी तसल्ली क्वालीफायर हारने के बाद उनसे मिलने कनाडा से आये पति के सांत्वना भरे शब्दों से मिली।



**यह हमारे लिए सबक है। मुझे अपने सफर का पता नहीं लेकिन कोशिश रहेगी कि अगले चार साल में टीम को इतना मजबूत बनाए कि ओलंपिक और विश्व कप में खेलें और अच्छा खेलें। भारत के लिये 2008 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करने वाली सविता ने कहा, लोग सिर्फ नतीजे देखते हैं लेकिन एक सीनियर खिलाड़ी या कप्तान के तौर पर मैं कह सकती हूं कि हमारा प्रदर्शन ग्राफ ऊपर ही गया है।**



## एक नजर

### छर्री लोड हाइवा बिजली पोल में टक्कर मारकर पलटा

**पलामू।** चैनपुर थाना क्षेत्र से छर्री लेकर बिहार के आरा जा रहे हाइवा ने हंसा गांव में अनियंत्रित होकर बिजली के पोल में टक्कर मार दी और सड़क किनारे खेत में पलट गया। इस घटना में जहां चालक बाल बाल बच गया, वही 33 एवं 11 हजार के हाईटेंशन तार, बिजली पोल एवं उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बिजली विभाग नुकसान का आकलन करने और मरम्मत कार्य में जुटा हुआ है। पिछले 13 घंटे से चैनपुर और शाहपुर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित है। घटना गुरुवार की रात करीब एक बजे की है। बताया जाता है कि चैनपुर इलाके से छर्री लेकर एक हाइवा बिहार के आरा जा रहा था। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता ने शुक्रवार को जानकारी दी की 33 हजार का एक पोल और 11 हजार के कई उपकरण और करीब 8 पोल का तार टूट गया है। नुकसान का आकलन कर गाड़ी मालिक और चालक के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी जाएगी। जो भी नुकसान हुआ है, उसका हजार्ना वसूला जाएगा।

### पुलिस की कार्रवाई, अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**पलामू।** पलामू पुलिस लगातार अवैध बालू तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में हैदरनगर पुलिस ने बुधवार रात हैदरनगर पंसा मुख्य पथ पर अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया। हालांकि पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। पुलिस जब्त ट्रैक्टर को अपने साथ थाना ले आयी है और खनन विभाग के पदाधिकारी को इसकी सूचना दे दी है। ताकि वह आगे की कार्रवाई कर सके। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि कोयल व सोन नदी से अवैध खनन कर बालू की तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### बीएस कॉलेज में विश्व जल दिवस पर किया गया पौधारोपण

**लातेहार।** शहर के बनवारी साहु महाविद्यालय में विश्व जल दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना ने पौधारोपण किया. पौधारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय की सचिव अंजू गुप्ता, प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी और कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद रहे। मौके पर सचिव अंजू गुप्ता ने कहा कि आज पूरा विश्व जल संकट से जूझ रहा है। आने वाले समय में जल संकट के लिए युद्ध संभव है। हमें जल संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। नवल किशोर प्रसाद ने भी जल व पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो। पीके तिवारी ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। जल है तो जीवन और सृष्टि है। लेकिन आज पूरे विश्व में जल संकट चिंता का विषय बना हुआ है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण आज पूरा विश्व ऐसी कई प्रकार की संकटों से जूझ रहा है, जिसमें जल संकट भी शामिल है। हमें जरुरत के हिसाब से ही पानी खर्च करना चाहिए। आज धरती का जलस्तर लगातार गिरता जा रहा है। इसे बचाने के उपायों पर हमें काम करना होगा।

# सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया के महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं सेक्टर पदाधिकारी : डीडीसी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को ले शहर के २९ जिला स्कूल के सभागार में सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया।इस मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया के महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं।इसलिए उन्हें पूरा प्रशिक्षण लेने के साथ सजग,सचेष्ट व क्रियाशील होना आवश्यक है।प्रशिक्षण के दौरान डीडीसी ने सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों से संवाद कर तैयारी का जायजा लिया। कहा कि कोई भी चूक अस्वीकार्य है।छत्तरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने सेक्टर पदाधिकारियों के दायित्वों के साथ रिजर्व ईवीएम का उपयोग,बुथ विजिट,माकपोल व रिपोर्टिंग के बारे में विस्तार से बताया।वहीं एलआरडीसी प्यारेलाल ने कहा कि सही जानकारी ही आप सबको संकट से उबारेगी तथा समुचित कार्य निष्पादन में सहायक होगी।उन्होंने कहा कि अगर आप प्रशिक्षण में पसीना बहाते हैं तो कार्य के समय परेशानी नहीं होगी।पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी शहर थाना देवव्रत पोद्दार ने पुलिस पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारीगण के साथ समन्वय कर कार्य करने तथा मतदान के पहले,मतदान के दौरान व मतदान के पश्चात की विधि व्यवस्था व सुरक्षा सुनिश्चित करने के कौशल की जानकारी दी।जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने उपयोग के अनुसार ईवीएम के केटेगरी व विजिट के दौरान आब्जर्वेशन की बारीकियों से अवगत कराया।जिला प्रशिक्षक रामानुज प्रसाद,अशोक सिंह व अमरेन्द्र कुमार पाठक ने ईवीएम के संचालन व बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी।इस प्रशिक्षण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा, डीपीएम मिथलेश कुमार विश्वकर्मा, डीएसई रणधीर कुजूर, दिनेश चंद्र राम, राजन बाखला, सौरव कुमार सिन्हा,राजेश तिवारी, धनंजय सिंह व इन्द्रदेव राम मौजूद रहे।

### इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम अधिष्ठापन को ले एसडीएम ने की बैठक

**मेदिनीनगर।** आसन्न लोकसभा चुनाव के दौरान रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने हेतु इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाने को लेकर सहायक निवार्ची पदाधिकारी 76 डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश तिवारी ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। कहा गया कि सम्बंधित वीडियो कॉन्फेंसिंग हुई। सभी प्रखंडो में जहां कलस्टर का चयन किया गया है , उसे इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के रूप में उपयोग किया जाएगा।



कचहरी में होली मिलन के रंग में डूबे वकील

### अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकते हैं उनके विचार को नहीं

**मेदिनीनगर।** तानाशाह मोदी अपने चुनावी टीम ई डी के जरिए अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर रोकना चाहती है। लेकिन केजरीवाल सिर्फ मनुष्य नहीं एक विचार बन गया है। किसी मनुष्य को अरेस्ट कर रोक सकते हो किसी के विचार को नहीं भाजपा को 2024 में हार का डर सताने लगा है। इसलिए चुनाव से पहले ही अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया। बीजेपी के शासनकाल में भारत में लोकतंत्र और न्याय पूरी तरह खत्म हो चुका है। संविधान को दरकिनार कर सरकार की ताकत का गलत इस्तेमाल कर रही है। तानाशाह भाजपा को भारत से अरविंद केजरीवाल आम आदमी पार्टी ही खत्म कर सकती है। आज अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी यह साबित करती है कि भाजपा को डर सिर्फ और सिर्फ आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल से है। ना कोई केस न कोई सबूत ना कोई चार्जशीट सीधा गिरफ्तारी यह मोदी के फर्जी राम राज्य में ही हो सकता है। उनके सामने सच बोलने वाले नेता को गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया जाता है इसका नतीजा है। की आम आदमी पार्टी के बड़े-बड़े दिग्गज नेता जिन्होंने मोदी की भ्रष्टाचार की पोल लगातार खोल रहे थे। उन्हें जेल की सलाखों में डाल दिया गया।

# होली पर्व को लेकर रंग-गुलाल और पिचकारियों से सजे शहर के बाजार

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** होली त्यौहार को लेकर शहर के बाजार में इन दिनों दुकानों पर एक से बढ़कर एक पिचकारियां सजी है। इन पिचकारियों को देखकर बच्चों में भी होली के पर्व के प्रति उत्साह दिखाई देने लगा है। हालांकि होली पर्व के अभी तीन-चार दिन बाकी है, लेकिन बच्चे अभी से ही उत्साहित होकर बाजार में पिचकारियों की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों की माने तो बाजार में इस बार 50 रुपए से लेकर पांच सौ रुपए तक की पिचकारियां आ गई है। इनमें बच्चे ज्यादातर खिलौने की पिचकारियों को पसंद कर रहे हैं। इन पिचकारियों में ज्यादातर डोरेमन, मिक्की माऊस, पानी के बैग वाली पिचकारी तथा सिलेंडर वाली पिचकारी बच्चों को ज्यादा आकर्षित कर रही है। इसके अलावा होली को लेकर अच्छी क्वालिटी के गुलाल 140 रुपए किलो से 120 रुपए किलो तक बाजार में आ रहे हैं। पक्का रंग भी मुर्गे कंपनी आ रहे जो 10 ग्राम 20 रुपए का बेचा जा रहा है। होली को लेकर बाजार में विभिन्न प्रकार की रंग-बिरंगी टोपियां, गुब्बारे, मास्क, कलर स्प्रे भी आ रहे हैं।बाजार में होली पर्व को लेकर रौनक अभी बच्चों में दिखाई देने लगी है और वे पिचकारियां, टोपी तथा गुब्बारे ज्यादा खरीद रहे हैं। अब रविवार से शहर में सजी सभी रंगों की दुकान पर अच्छा विक्री होने की संभावना है क्योंकि होली के अब कम ही दिन रह गए।दुकानदार अमरेश कुमार ने बताया कि होली को लेकर बाजार से पिचकारियां खरीदना लोगों ने शुरू कर दिया है। हालांकि इस सप्ताह के अंत में मांग तेज होगी। मांग को देखते हुए नए-नए डिजाइन के पिचकारियां मंगाने के लिए ऑर्डर दे दिया गया था जो अब दुकान में आ चुका है।देशी और चाइनीज पिचकारी बाजार में मांग के अनुरूप मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार चुनाव के कारण होली और भी रंगीन होने की उम्मीद है जिससे कारोबार भी अच्छा होगा। दुकानदार रमेश कुमार ने बताया कि उसने होली को लेकर पिचकारी समेत सभी सामान मंगवाया है।

### पलामू पाटन और पड़वा क्षेत्र में कुएं से दो महिलाओं का शव बरामद

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पड़वा और पाटन में गुरुवार को दो महिलाओं का शव कुएं से बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के महुलिया गांव निवासी स्वर्गीय उमेश भुइयां की पुत्री सीमा कुमारी उम्र 18 वर्ष का शव पाटन थाना की पुलिस ने गुरुवार को गांव के ही एक कुएं से बरामद किया है। बताया जाता है कि सीमा बुधवार की शाम से अपने घर से लापता थी। गुरुवार की सुबह गांव के ही एक कुएं के पास उसका चप्पल देखा गया। ग्रामीण जब वहां पहुंचे तो देखा कि सीमा की शव कुएं में तैर रही है। इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी पाटन थाना की पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही पाटन थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया।वही दुसरी और पड़वा थाना क्षेत्र के रजहरा गांव निवासी बुधन राम की पत्नी कर्मी देवी उम्र 65 वर्ष का शव गुरुवार की सुबह कुएं से बरामद की गई।

## चालक ने रास्ते में ही बेच दिया आधा हाइवा कोयला, आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** थाना क्षेत्र में संचालित कुशमाही कोल साइडिंग में तुबेद कोल माइंस से परिचालन कर रहे एक हाइवा वाहन के चालक पर रास्ते में ही कोयला बेच देने का आरोप कपंनी के द्वारा लगाया गया है। कंपनी के साइडिंग इंचार्ज ने उक्त हाइवा को जब्त कर चालक को बालूमाथ पुलिस को सौंप दिया। मामले के संबंध में जानकारी देते हुए डेवलेक्टो माइनिंग लिमिटेड एमडीओ, कुशमाही कोल साइडिंग इंचार्ज अनिल राजगढ़िया ने बताया कि साइडिंग परिसर में जांच के दौरान हाइवा वाहन संख्या (जेएच02बी- 2153) में आधा हाइवा कोयला देखा गया। जिसके बाद वाहन चालक से पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में यह पता चला कि तुबेद कोलियरी से 31 टन कोयला लोड कर कुशमाही कोल साइडिंग के लिए भेजा गया था। लेकिन रास्ते में ही आधा हाइवा कोयला को चालक ने बेच दिया। जिसके बाद उक्त हाइवा वाहन और चालक बालूमाथ निवासी हेसम अंसारी को कंपनी के लोगों ने पकड़कर थाना को सौंप दिया। थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय ने बताया कि कंपनी के इंचार्ज द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। मामले की छानबीन कर कानूनी कार्रवाई करते हुए हाइवा वाहन को जब्त कर लिया गया है। चालक को न्यायिक हिरासत में लातेहार भेज दिया गया है।

### हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के आदेश को दी चुनौती

**रांची ।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस याचिका में पूर्व मुख्यमंत्री ने झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें उन्हे विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई थी। अपनी याचिका में हेमंत सोरेन ने आने वाले समय में झारखंड विधानसभा सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी है।जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी रिमांड खत्म होने के बाद से पूर्व मुख्यमंत्री न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में है। पिछले महीने हुए विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए उन्होंने पीएमएलए कोर्ट और हाईकोर्ट से अनुमति मांगी थी लेकिन दोनों ही अदालतों ने उन्हें सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

## मजदूर किसान कॉलेज के सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया

नवीन मेल संवाददाता



**पांकी।** पांकी प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय डंडार कला पांकी में महाविद्यालय के सेल के तत्वाधान में अर्थशास्त्र और वाणिज्य शास्त्र के संयुक्त कार्यक्रम के तहत विवेकानन्द सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी का विषय वित्तीय नियोजन एवं भारतीय कृषि में यंत्रीकरण के लाभ और हानि था। सर्वप्रथम सामूहिक रूप से मां शारदे की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मजदूर किसान महाविद्यालय का प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार राम ने मुख्य अतिथि को आभार प्रकट करते हुए कहा कि डॉ राजकुमार सिन्हा अर्थशास्त्र विभाग नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट अतिथि कमलेश कुमार सिन्हा वाणिज्य शास्त्र विभाग एसपीडी कॉलेज गढ़वा के गरिमामयी उपस्थित के लिए आभार प्रकट किया और संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर सर्वेश्वर प्रसाद विभागाध्यक्ष वाणिज्य शास्त्र मजदूर किसान महाविद्यालय ने संगोष्ठी के लिए चयनित विषय पर अपना विचार स्पष्ट करते हुए वर्तमान संदर्भ पर चर्चा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के सचिव डॉ बिंदेश्वर सिंह ने इस तरह के आयोजन महाविद्यालय में सतत जारी रखने के लिए साधुवाद देते हुए सभी को बढ़-चढ़कर परिचर्चा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा परिचर्चा हमेशा रचनात्मकता को क्रियाशील करती है, डॉ० प्रेमचंद महतो ने कृषि कार्य में उपयोग हो रहे मशीनरी पर चर्चा करते हुए इसके लाभ हेतु उचित प्रशिक्षण को चिन्हित किया ।रामविलास सिंह ने कृषि कार्य में लगे किसानो और मजदूरों को दयनीय स्थिति को रेखांकित किया। कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार तिवारी ने हरित क्रांति से अब तक कृषि के तथ्यात्मक आंकड़ों के द्वारा विश्व में भारत की स्थिति को स्पष्ट करते हुए ट्रैक्टर संस्कृति को रेखांकित किया।

## बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी 11 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**2.91 लाख का जुर्माना**



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। 11 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 11 लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 11 लोगों पर 2.91 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें शैलेश कुमार सिंह, बिमला देवी, राजा कुमार, अरुण सिंह, सूबा सिंह, हरबिंदर सिंह, सीताराम मेहता, राजेश्वर राम, अभिनंदन गुप्ता, संतोष गुप्ता, बिंदेश्वरी यादव के नाम शामिल हैं। सभी हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता राम प्रसाद मेहता, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, उबैद अहमद व अशोक मेहता शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुक्तान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी।

## पेज एक के शेष

### केजरीवाल की ...

विधायकों को डराने-धमकाने व लालच देकर सरकारें गिराने, मीडिया पर कब्जे तथा कंपनियों से वसूली के बाद अब विपक्ष के मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी आम बात हो गई है। जरा सोचिए कि एक मेयर का चुनाव जीतने के लिए सारे नियमों को ताक पर रखने वाले ये लोग लोकसभा का चुनाव जीतने के लिए किस हद तक जायेंगे? आजादी के सात दशकों बाद यह देश लोकतंत्र से चलेगा या तानाशाही से यह फैसला आपको करना है। चम्पाई ने कांग्रेस के बैंक अकाउंट को फ्रिज करने पर भी सवाल किया है। उन्होंने कहा है कि इनकम टैक्स द्वारा चुनावों के ठीक पहले कांग्रेस के बैंक अकाउंट को फ्रीज करना वास्तव में भारत के लोकतंत्र को फ्रीज करने की कोशिश है। सारी एजेंसियों को लगाने और सुप्रीम कोर्ट द्वारा अवैध ठहराए गये चुनावी बॉन्ड में हजारों करोड़ लेने के बाद यह स्टेप भाजपा के डर को दशार्ता है। चम्पाई ने सवाल करते हुए कहा है कि चुनावों की घोषणा के बाद क्या आप विपक्षी दलों को चुनाव लड़ने से रोकना चाहते हैं? इन चुनावों में लोकतंत्र के इन विरोधियों को जनता द्वारा करारा जवाब मिलेगा। हेमंत सोरेन के एक्स पर उनकी ओर से उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने पोस्ट किया है। उन्होंने कहा है कि शासन का मतलब तानाशाही हो गया है। देश का हर एक कोना इनके जुल्म की गवाही हो गया है। इन्हें लगता है कि करोड़ों लोगों का नेतृत्व कर रहे जन नेताओं को गिरफ्तार कर ये फिर से गद्दी पर बैठ जाएंगे। देश की स्वाभिमानी-निडर जनता इनके भ्रम और अहंकार का मुंहतोड़ जवाब देगी। इंडिया झुकेगा नहीं।

### झारखंड लगातार दूसरी बार ...

बताया की झारखंड नेत्र सोसाइटी के बैनर के तहत संथाल परगना, पलामू प्रमंडल, उत्तरी छोटानागपुर, दक्षिणी छोटानागपुर, कोल्हान के दूरदराज के क्षेत्रों में नेत्रदान, ग्लूकोमा, मोतियाबिंद और डायबिटिक रेटिनोपैथी के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया। कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल रांची, रिम्स, बोकारो जेनेरल हॉस्पिटल व सीसीएल रांची के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ वेट लैब की ओर से सर्जिकल प्रशिक्षण भी दिया गया। राज्य में नेत्र चिकित्सा की नई तकनीकों को नेत्र चिकित्सकों को अवगत कराने के लिए कई साइंटिफिक सेमिनारों का अलग-अलग शहरों में आयोजन किया गया। इस सम्मान से झारखंड का नाम देश में तेजी से उभरा है।

### बिहार में फिर गिरा ...

154 गिरने से कई लोगों का दबे होने का आशंका है। 10 से 15 लोगों को उपचार के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेजा गया है। इनमें कई की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब 40 लोगों के दबे होने की आशंका है। इस पुल का निर्माण केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय 12 सौ करोड़ रुपये की लागत से करवा रहा है। इसकी लंबाई 10.2 किलोमीटर से ज्यादा है। एप्रोच रोड मिलाकर पुल की कुल लंबाई 13.3 किलोमीटर होगी। इसका निर्माण दो एजेंसियां मिलकर कर रही हैं। इसमें गैमन इंडिया व ट्रांस रेल लाइटिंग प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। पुल का निर्माण 2023 तक पूरा होना था, लेकिन कोरोना एवं बाढ़ के कारण अब यह पुल 2024 में पूरा होगा। बकौर और मधुबनी जिले के भेजा के बीच बन रहा ये पुल देश का सबसे लंबा सड़क पुल है। उल्लेखनीय है कि बिहार में इससे पहले चार जून, 2023 को भागलपुर में एक निमाणार्धीन पुल गिर गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना की जांच के आदेश दिए थे और जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए कहा था। यह पुल खगड़िया-अगुवानी-सुल्तानगंज के बीच बन रहा था।

### इसरो के 'पुष्पक' की ...

रि-प्रवेश मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुष्पक विमान मिशन की टीम का मार्गदर्शन सुनील पी, कार्यक्रम निदेशक, उन्नत प्रौद्योगिकी और सिस्टम कार्यक्रम, वीएसएससी ने किया।

# सिस्टम को मुंह चिढ़ा रहे हैं नवनिर्मित डिग्री कॉलेज, 2017 से हो रहा है निर्माण

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के झरहा गांव में नवनिर्मित भवन के बनने के बाद भी इसे चालू नहीं किये जाने से छात्र छात्राओं को काफी परेशानी हो रही है। वहीं दूसरी तरफ हुसैनाबाद के झरहा में नवनिर्मित डिग्री कॉलेज भवन अपनी बेवशी पर ऑसू बहा रहा है। मालूम हो कि वर्तमान समय में हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में कोई स्कूल- कॉलेज या बड़े संस्थान भवन नहीं रहने का बहाना बनाकर एनपीयू ने एके सिंह कॉलेज जपला के विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र छत्तरपुर में निर्धारित कर दिये जाने से परीक्षार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे अभिभावक इनदिनों काफी मानसिक तनाव में हैं। जानकारी के अनुसार उक्त सरकारी डिग्री कॉलेज के भवन का शिलान्यास वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के द्वारा किया गया था जिसकी प्राक्कलित राशि लगभग 17 करोड़ रुपये थी। इस सरकारी कॉलेज की स्थापना का उद्देश्य था कि क्षेत्र के गरीब तबके के बेटे-बेटियों को सस्ता एवं सुलभ तरीके से उच्च शिक्षा प्राप्त हो सके और उन्हें इसके लिए दूसरे शहरों में ना जाना पड़े। लेकिन विडंबना यह रही हैं कि हुसैनाबाद के कथित विकास पुरुष एवं विकास कार्यों का दंभ भरने वाले राजनीतिज्ञोंऔर सरकारी महकमा को आज यह भवन मुंह चिढ़ा रहा है। एनपीयू विश्विद्यालय केवल निजी व व्यवसायिक संस्थाओं के विकास में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप समर्थित रही है।लेकिन सरकारी कॉलेजों के विकास व संरक्षण के प्रति उदासीन है तथा सरकारी सिस्टम को भगवान भरोसे छोड़ दिया है।

### क्या है पूरा मामला

एनपीयू द्वारा ग्रेजुएशन के लिए संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा सेमेस्टर-4 की हो रही हैं। लेकिन जिला मुख्यालय से करीब 90 किलोमीटर दूर झारखण्ड बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र हुसैनाबाद अनुमंडल के मात्र एक डिग्री कॉलेज जिसमें गढ़वा जिला के कांडी एवं पलामू के ऊंटारी, मोहम्मदगंज,हैदरनगर हुसैनाबाद, पिपरा, हरिहरगंज के सुदूरवर्ती क्षेत्र के हजारों, गरीब मध्यम वर्ग के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, उनका परीक्षा केंद्र छतरपुर स्थित गुलाब चंद डिग्री कॉलेज में निर्धारित किया गया है, जो उक्त प्रखंडो से 40 से 60 किलोमीटर दूर है। छत्तरपुर जाने-आने का एकमात्र साधन सड़क मार्ग ही है।जबकी प्रतिदिन बड़ी दुर्घटना घटित हो रही है। सबसे ज्यादा कठिनाई छात्राओं को हो रहीं है। जिनके घर में आवागमन हेतु कोई साधन नहीं है, उसको क्या परेशानी हो रही है, इससे विश्वविद्यालय को कोई लेना देना नहीं है।

## अवैध शराब भट्ठी में छापामारी 2000 लीटर जावा महुआ नष्ट



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के रमना थाना क्षेत्र में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी संचालन के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया। एसडीपीओ के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह ने रमना प्रखंड के बारपानी जंगल में अवैध रूप से चल रहे शराब भट्ठी में छापामारी कर भारी मात्रा में जावा महुआ शराब को नष्ट किया। वहीं एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस निरीक्षक और पुलिस जवानों के सहयोग से 2000 लीटर जावा महुआ एवं 100 लीटर देसी शराब को नष्ट कर दिया। इस दौरान अवैध शराब भट्ठी को भी ध्वस्त कर दिया गया। इस संबंध में बंशीधर नगर पुलिस निरीक्षक ने कहा कि एसडीपीओ को सूचना मिली थी कि सुदूरवर्ती जंगल में अवैध शराब भट्ठी का संचालन किया जा रहा है। सूचना के आधार छापामारी की गई है। मामले में भट्ठी संचालक पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।




## एक नजर

### एनडीए की सहयोगी पीएमके ने 9 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**चेन्नई।** पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) ने शुक्रवार को तमिलनाडु में आगामी संसदीय चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की घोषणा की। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने पीएमके को 10 लोकसभा सीटें सौंपी हैं। पीएमके संस्थापक डॉ. रामदास की सहमति से नौ उम्मीदवारों के नाम वाली पहली सूची की घोषणा की गई। हालाँकि, पार्टी ने अभी तक कांचीपुरम के लिए उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। पार्टी की तरफ से जारी सूची में अराक्कोनम से के बालू, धर्मपुरी से अरसंगम, अरणी से ए गणेश कुमार, विल्लुपुरम से मुरली शंकर, कल्लाकुरिची से देवदास उदयर, सलेम से एन अन्नादुराई, डिंडीगुल से एम थिलागाबामा, मयिलादुथुराई से स्टालिन और कुड्डालोर से थांगर बचन के नाम शामिल हैं।

### इंडोनेशिया में 6.0 तीव्रता का आया भूकंप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी जावा प्रांत में शुक्रवार को 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। जकार्ता समय के अनुसार सुबह 11.22 बजे समुद्र के नीचे भूकंप आया। इसका केंद्र तुबन रीजेंसी से 132 किमी उत्तर पूर्व में और 10 किमी की गहराई में स्थित था। एजेंसी ने सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की है। भूकंप के झटकों से समुद्र में बड़ी लहरें नहीं उठेंगी। इंडोनेशिया एक द्वीपसमूह देश है जो ज्वालामुखी और भूकंप की एक टेक्टॉनिक बेल्ट, पैसेफिक रिंग ऑफ फायर में स्थित है। यहां भूकंप का खतरा हमेशा बना रहता है।

### इजरायली सेना के हमले में वेस्ट बैंक में 6 फिलिस्तीनियों की मौत

**रामल्लाह।** इजरायली सेना ने वेस्ट बैंक के कई शहरों में छह फिलीस्तीनियों को मार डाला। गुरुवार को तुल्कर्म शहर में नूर शम्स फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविर में इजरायली सेना की छापेमारी के दौरान हुई झड़प में छह फिलिस्तीनियों में से चार की मौत हो गई। फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी और सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, उनमें से दो लोगों की मौत इजरायली सैनिकों की फायरिंग और अन्य दो की मौत ड्रोन हमले में हुई। फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया, "इजरायली सेना ने सैन्य बुलडोजरों के साथ गुरुवार को तुल्कर्म शहर और शरणार्थी शिविर पर धावा बोल दिया और सख्त घेराबंदी कर दी।"

# मोदी को मिला भूटान का सर्वोच्च सम्मान 140 करोड़ भारतीयों को किया समर्पित



**एजेंसी। नई दिल्ली**
दो दिन के भूटान दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पाने वाले पीएम मोदी पहले विदेशी शासनाध्यक्ष हैं। भूटान दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी को वहां के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया। अपनी स्थापना के बाद से यह पुरस्कार केवल चार प्रतिष्ठित हस्तियों को प्रदान किया गया है। ऐसे में पीएम मोदी भूटान के इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान को पाने वाले पहले विदेशी शासनाध्यक्ष हैं। इस सम्मान को पाने के बाद इसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर कर पीएम मोदी ने लिखा कि, "भूटान द्वारा 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' पुरस्कार से सम्मानित होने पर गर्व महसूस कर रहा हूं। मैं इसे 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित करता हूं।"



भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रवार को भूटान पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मोदी देश के पूर्वोत्तर हिस्से में स्थित हिमालयी राष्ट्र के साथ भारत के अनूठे संबंधों को और मजबूत करने के लिए दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं।

# यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 'असंवैधानिक' घोषित

**एजेंसी। लखनऊ**
इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को 'असंवैधानिक' घोषित कर दिया। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने कानून को अधिकार क्षेत्र से बाहर घोषित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को एक योजना बनाने का निर्देश दिया ताकि मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में समायोजित किया जा सके। यह आदेश अंशुमान सिंह राठौड़ द्वारा दायर एक रिट याचिका की सुनवाई के दौरान आया, जिसमें यूपी मदरसा बोर्ड की शक्तियों को चुनौती दी गई थी। साथ ही केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा अन्य संबंधित मदरसों के प्रबंधन पर आपत्ति जताई गई थी। इसमें बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य




**सरकार योजना बना मदरसा के छात्रों को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में समायोजित करे**

**राज्य में 25 हजार मदरसे, 16,500 से अधिक मदरसा यूपी बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त**

शिक्षा का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2012 जैसे मुद्दों पर भी आपत्ति जताई गई थी। उत्तर प्रदेश में लगभग 25 हजार मदरसे हैं और 16,500 से अधिक मदरसा यूपी बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। इससे पहले मार्च में, एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने राज्य में यूपी-नेपाल सीमा पर 13 हजार अवैध मदरसों की पहचान की थी और सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें इन मदरसों को बंद करने की सिफारिश की गई थी। इस बीच, शुक्रवार को अदालत के फैसले ने राज्य में मदरसा छात्रों के बीच अनिश्चितता पैदा कर दी है। लखनऊ के एक मदरसे में माध्यमिक स्तर के छात्र आसिफ रियाज ने कहा, हम अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। हम नहीं जानते कि अपनी शिक्षा कैसे जारी रखें क्योंकि नए स्कूल में स्थानांतरित होना आसान नहीं होगा और नई प्रणाली को अपनाना कठिन होगा। कोर्ट को इसके लिए कम से कम दो-तीन साल का समय देना चाहिए था।'

### तीन निर्दलीय विधायकों ने दिया विस की सदस्यता से इस्तीफा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक एक बार फिर गरमा गई है। राज्य के तीन निर्दलीय विधायकों ने भी विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। इससे पहले ही विधानसभा अध्यक्ष कांग्रेस के छह बागी विधायकों को अयोग्य ठहरा चुके हैं। शुक्रवार को देहरा से विधायक होशियार सिंह, नालागढ़ से विधायक केएल ठाकुर और हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा विधानसभा परिसर पहुंचे और विधानसभा सचिव को अपना त्यागपत्र सौंप दिया। इनमें नालागढ़ से केएल ठाकुर 2012 में भाजपा से विधायक रह चुके हैं, जबकि वे 2017 का चुनाव हार गए थे। वर्ष 2022 में पार्टी ने उनका टिकट काट दिया था। तब वे निर्दलीय चुनाव जीते थे। देहरा से होशियार सिंह लगातार दूसरी बार निर्दलीय विधायक बने हैं। हमीरपुर से आशीष शर्मा पहली बार के निर्दलीय विधायक बने हैं। यह तीनों निर्दलीय विधायक कांग्रेस के अयोग्य ठहराए गए विधायकों के साथ बीते 27 फरवरी से लगातार प्रदेश से बाहर थे।

# भाजपा ओडिशा में लोस और विस चुनाव अकेले लड़ेगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भाजपा ओडिशा में लोकसभा की सभी 21 और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी के ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने शुक्रवार को राज्य में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। मनमोहन सामल ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, 4.5 करोड़ ओडिशावासियों की आशा, अभिलाषा और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित भारत तथा विकसित ओडिशा बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस बार लोकसभा की सभी 21 सीटों और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इससे पहले सामल ने यह भी कहा, विगत 10 वर्षों से, नवीन पटनायक के नेतृत्व में ओडिशा की बीजू जनता दल (बीजेडी) केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



सरकार के अनेक राष्ट्रीय महत्व के प्रसंगों में समर्थन देती आई है, इसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। अनुभव में आया है कि देशभर में जहां भी डबल इंजन की सरकार रही है, वहां विकास व गरीब कल्याण के कार्यों में तेजी आई है और राज्य हर क्षेत्र में आगे बढे हैं। लेकिन, आज ओडिशा में मोदी सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं जमीन पर नहीं पहुंच पा रही हैं, जिससे ओडिशा के गरीब बहनों-भाइयों को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में तमिलनाडु के लिए 4 नामों की घोषणा



**एजेंसी। नई दिल्ली**
तमिलनाडु की लोकसभा सीटों पर चर्चा के लिए शुक्रवार को कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक हुई। आईएनडीआई गठबंधन में कांग्रेस कोटे की 9 सीटों में से 4 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल हो गए हैं। शेष 5 सीटों पर उम्मीदवारों पर फैसला 27 मार्च को सीईसी की अगली बैठक में लिया जाएगा। तमिलनाडु में कांग्रेस तिरुवल्लूर, कृष्णागिरि, करूर, कुड्डालोर, मायलादुथुराई, शिवगंगा, विरुधुनगर, तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी में लोकसभा चुनाव लड़ेगी। पुडुचेरी में एक सीट पर भी चुनाव लड़ेगी। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, महासचिव एन वेणुगोपाल और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत कांग्रेस के अन्य नेता मौजूद रहे।

### गाजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा पहुंचा 32 हजार

**गाजा।** गाजा में इजरायल के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31,988 हो चुकी है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये जानकारी दी है। मंत्रालय ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि इजराइली सैनिकों ने 24 घंटे में 64 फिलिस्तीनियों को मौत के घाट उतार दिया है। इस दौरान 92 लोग जख्मी हुए हैं। जब से इजरायल और हमास के बीच युद्ध शुरू हुआ, तब से मरने वालों का आंकड़ा 31,988 तक पहुंच चुका है और 74,2023 लोग घायल हुए हैं।

## ऐतिहासिक भोजशाला में पहले दिन का सर्वे पूर्ण, एएसआई टीम ने की वीडियोग्राफी

**एजेंसी। धार**
मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के आदेश पर धार की ऐतिहासिक भोजशाला का ज्ञानवापी की तर्ज पर एएसआई सर्वे शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हो गया। दिल्ली और भोपाल के अधिकारियों की सर्वे टीम सुबह छह बजे भोजशाला परिसर में पहुंची। दोपहर में नमाज से पहले सर्वे टीम भोजशाला परिसर से बाहर आ गई। याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने बताया कि एएसआई द्वारा दोपहर 12:00 बजे तक सर्वे का काम पूरा



हो चुका है। अब अगले दिन यानी शनिवार को सर्वे दोबारा शुरू होगा। पहले दिन प्रारंभिक तौर पर सर्वे का काम किया गया है। शुक्रवार की नमाज से पहले सर्वे काम पूरा किया गया। याचिकाकर्ता गोयल ने बताया कि भोजशाला में शुक्रवार सुबह 6:21 बजे एएसआई के पांच सदस्यों की टीम द्वारा सर्वे का काम शुरू किया गया। सुबह टीम के अंदर जाने के साथ 20 से 25 श्रमिकों को भी अंदर भेजा गया। इसी के साथ उपकरण भी अंदर भेजे गए। इसमें दोपहर 12:00 तक पहले दिन का सर्वे का काम हुआ है। इसमें प्राथमिक तौर पर भोजशाला में सर्वे किया गया है। चिन्हों के वीडियो व फोटोग्राफी करने के साथ आगामी दिनों की रूपरेखा सर्वे को लेकर तैयार की गई। टीम द्वारा विभिन्न पैमाने पर सर्वे किया है। आज ग्राउंड लेवल पर काम किया गया। इसमें आगामी दिनों में जो गतिविधि होगी, उसकी रूपरेखा तैयार की गई है।

### ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात की



**बीजिंग।** ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कैनबरा में चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बातचीत की। बैठक के दौरान, अल्बानीज ने टिप्पणी की कि ऑस्ट्रेलिया-चीन संबंधों ने पिछले दो वर्षों में व्यापार, निवेश और लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान को फिर से सक्रिय करने के साथ सकारात्मक प्रगति की है।

# मुझे केजरीवाल की गिरफ्तारी का दुख नहीं : हजारे

**एजेंसी। नई दिल्ली**
दिल्ली में शराब घोटाला मामले में ईडी ने गुरुवार की रात सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल की गिरफ्तारी पर समाजसेवी अन्ना हजारे की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी पर उन्हें कोई दुख नहीं है। अन्ना हजारे ने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली का सीएम बनने के बाद नई शराब पॉलिसी लेकर आए, जिसको लेकर मैंने उन्हें दो बार पत्र लिखा था। मुझे इस बात का दुख है कि मेरी बात नहीं मानी गई और अब वह गिरफ्तार हो गए हैं। अन्ना ने आगे कहा कि जब केजरीवाल और मनीष सिसोदिया आंदोलन के समय हमारे साथ आए थे, तो भी मैंने उन दोनों से कहा था कि देश की भलाई के लिए काम करना है। लेकिन, दोनों ने मेरी बातों पर ध्यान नहीं दिया। ना ही



केजरीवाल ने मेरी बात मानी। ऐसे में मैं उन्हें कोई सलाह नहीं दूंगा और साथ ही मुझे केजरीवाल के हालात पर कोई दुख नहीं है। अन्ना ने कहा कि कभी हम दोनों शराब जैसे भ्रष्टाचार के खिलाफ साथ खड़े थे और आज वो खुद शराब नीति बना रहा था। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने कभी भी मेरी बात नहीं मानी, इसका मुझे दुख है। केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर आम आदमी पार्टी सड़क पर है। लेकिन, केजरीवाल की पार्टी जिस तरह का जनसमर्थन चाह रही थी क्या उन्हें मिल पा रहा है यह देखना होगा?

### केजरीवाल ने गिरफ्तारी के खिलाफ एससी से याचिका वापस ली

आबकारी नीति मामले में ईडी द्वारा हिरासत में लिए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई के खिलाफ शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका वापस ले ली। शीर्ष अदालत की एक विशेष पीठ मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा उनकी गिरफ्तारी को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार दोपहर को सुनवाई करने वाली थी। इससे पहले दिन में, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना - जो एक अलग संयोजन में पीठ में लौटे - ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से कहा कि तीन-न्यायाधीशों की विशेष पीठ अन्य मामले खत्म होने के बाद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगी।

### केजरीवाल का जेल से सरकार चलाना, दिल्ली के लोगों, कानून व लोकतंत्र का अपमानः अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि ईडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के बाद उन्हें नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। लेकिन अरविंद केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात कह रहे हैं, वह दिल्ली के लोगों, कानून और लोकतंत्र का अपमान है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक राजनीतिक दल जो कांग्रेस के भ्रष्टाचार के बारे में बोलता था और सोनिया गांधी की गिरफ्तारी की मांग करता था, उसने 9 समन के बाद भी ईडी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया। शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल करोड़ों रुपये का घोटाला करते हैं और घर में बैठकर भ्रष्ट नेताओं को ईमानदारी का सर्टिफिकेट दे रहे हैं। सबसे बड़े भ्रष्टाचारी से अब जानना पड़ेगा कि कौन ईमानदार है और कौन बेईमान है?

### ममता ने की केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता ने दिल्ली के सीएम केजरीवाल की आबकारी नीति भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी की निंदा की है। उन्होंने इस कदम को भाजपा की हताशा करार देते हुए आरोप लगाया कि जनता के चुने हुए मुख्यमंत्री से डर कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को ममता ने एक्स पर लिखा कि मैं जनता द्वारा चुने गए दिल्ली के मौजूदा केजरीवाल की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करती हूं। मैंने अपना अटूट समर्थन और एकजुटता बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत रूप से सुनीता केजरीवाल (अरविंद केजरीवाल की पत्नी) से संपर्क किया है।

### नासा ने छोटा सैटेलाइट लॉन्च किया, ब्रह्मांडीय विस्फोटों के रहस्यों को करेगा उजागर


**वाशिंगटन।** नासा ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए छोटे आकार का एक सैटेलाइट लॉन्च किया। इसका उद्देश्य ब्रह्मांडीय विस्फोटों के रहस्यों को उजागर करना है। सैटेलाइट बर्स्टक्यूब स्पेसएक्स के 30वें कमर्शियल पुनःआपूर्ति सर्विस मिशन पर परिक्रमा लैब के रास्ते में है। इसने फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के लॉन्च कॉम्प्लेक्स से गुरुवार को उड़ान भरी। नासा ने कहा, "आईएसएस पर पहुंचने के बाद बर्स्टक्यूब को अनपैक किया जाएगा और बाद में कक्षा में छोड़ दिया जाएगा, जहां यह उच्च-ऊर्जा प्रकाश की संक्षिप्त गामा-किरण विस्फोटों का पता लगाएगा और उनका अध्ययन करेगा।" अमेरिका के मैरीलैंड के ग्रीनबेल्ट में नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर में बर्स्टक्यूब के मुख्य इन्वेस्टिगेटर जेरेमी पर्किन्स ने कहा, "बर्स्टक्यूब छोटा हो सकता है।

## फिल्म जगत

### 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' में प्रोफेसर निवेदिता मेनन की भूमिका निभाएंगी रश्मि देसाई

**मुंबई।** एक्ट्रेस रश्मि देसाई अपकमिंग फिल्म 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' (जेएनयू) में लेखिका और प्रोफेसर निवेदिता मेनन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने कहा, "सबसे पहले मुझे स्क्रीन पर देखने का इंतजार करने के लिए मेरे प्रशंसकों को बहुत-बहुत धन्यवाद। जिस तरह की मैं भूमिका निभाना चाहती थी, उसके लिए थोड़ा ब्रेक लेना सही निर्णय था। मैंने अपने किरदार के लिए बहुत मेहनत की है।"

उन्होंने आगे कहा, "मेरे इस किरदार से बहुत से लोगों की उम्मीदें जुड़ी हुई है, और इस चीज का ध्यान रखना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। एक कलाकार के तौर पर चरित्र में गहराई से उतरने के लिए मैंने कड़ी मेहनत की है।" रश्मि ने कहा, "अब यह देखने का समय आ गया है कि दर्शक मेरे प्रदर्शन पर क्या प्रतिक्रिया देते



हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि लोगों को मेरा काम पसंद आएगा। प्रोमो के बाद मुझे इतना प्यार देने के लिए सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।" आईएमडीबी के मुताबिक यह फिल्म एक छोटे शहर के सौरभ शर्मा के बारे में है जो अब जेएनयू का छात्र है। वहां वह राष्ट्रविरोधी वामपंथी छात्रों की गतिविधियों से बेचैन हो जाता है और उनके खिलाफ आवाज उठाता है।